
जबलपुर
मंगलवार, 30 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष–10
वर्ष : 20, अंक : 241
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 22
न्यून. 8

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



8 नए साल में भी मजबूत रहेगी अर्थव्यवस्था
मैट्रो
14 कुंडम में बहकी कार, 2 की मौत

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकलकर एक खूंखार बाघ खेतों से होते हुए गांव के एक घर में घुस गया

# चारपाई पर बाघ का विश्राम...आराम में खलल डाला तो युवक का पैर खा गया

## बेल्दी गांव के घर में बाघ दिनभर डेरा जमाए रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶उमरिया

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकलकर एक खूंखार बाघ खेतों से होते हुए गांव के एक घर में घुस गया। बाघ घर की दहलान में बिछी खाट पर बिछे गद्दे पर जाकर बैठा और आराम फरफाने लगा।

कुछ युवकों ने उसका वीडियो भी बना लिया। इधर, बाघ को भगाने के प्रयास में एक युवक अपना पैर खो बैठा। जानकारी अनुसार बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटे इलाके में बसे गांवों में आए दिन बाघ पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों पर हमला कर जान भी ले रहे हैं। सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक खूंखार बाघ जंगल से निकला और खेतों से होते हुए गांव के एक घर में पहुंच गया। टाइगर को देख गांव में दहशत फैल गई और लोग अपने-अपने घरों में कैद हो गए। बाद में कुछ साहसी युवकों ने बाघ को भगाने का प्रयास किया, लेकिन वे बाघ को हिला भी न सके। जिले के बेल्दी गांव में बाघ जिस घर के दहलान में घुसकर आराम फरमा रहा था, वह दुर्गा प्रसाद द्विवेदी का मकान है। यहां पड़ोस के साहसी युवक गोपाल कोल ने बाघ को भगाने का प्रयास किया तो उसने हमला कर दिया। हमले में गोपाल का दाहिना पैर बाघ के जबड़े में आ गया। इधर ग्रामीणों ने जोर-जोर से चिल्लाया तो बाघ उसे छोड़कर वापस घर के अंदर जाकर बिस्तर पर बैठ गया।


खटिया पर आराम फरमाता बाघ

### गाय का शिकार किया, दूसरे के घर में रख दिया

बेल्दी गांव में बाघ ने राजू द्विवेदी के घर के बरामदे में बंधी गाय का शिकार कर लिया। उसे ले जाकर पास के दुर्गाप्रसाद द्विवेदी के बाड़े में रख दिया। इसके बाद बाघ पहले उनके घर में घुसा बाद में गोपाल कोल के घर में खाट पर जाकर बैठ गया। बेल्दी गांव के घर में बाघ दिनभर डेरा जमाए रहा। दोपहर में वन विभाग के अधिकारी दलबल के साथ पहुंचे, लेकिन वे भी बाघ को बाहर नहीं निकाल सके। वन विभाग ने रेस्क्यू टीम के साथ बाघ को ट्रेंक्युलाइज करने वाले डॉक्टर को भी बुलाया था, लेकिन शाम तक बाघ का रेस्क्यू नहीं किया सका था। पनपथा बफर के परिक्षेत्र अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि बाघ और ग्रामीणों दोनों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।







### खबर संक्षेप

#### 1100 करोड़ कमाए, अब ओटीटी पर होगी धुरंधर



**नई दिल्ली।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर एक फिल्म की सुनामी से सारे रिकॉर्ड ध्वस्त होते जा रहे हैं और उस फिल्म का नाम है धुरंधर। रणवीर सिंह , अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और सारा अर्जुन स्टारर इस फिल्म की चर्चा इस वक्त हर तरफ हो रही है। हर कोई सिर्फ धुरंधर की ही बात कर रहा है। ऐसे में अब धुरंधर की चर्चा इस वक्त हर तरफ हो रही है। अब धुरंधर ओटीटी पर धमाल मचाने आ रही है, जिसकी सारी जानकारी अब सामने आ गई है।एक तरफ धुरंधर की सुनामी अभी सिनेमाघरों में थमने का नाम नही ले रही है। ऐसे में अब मेकर्स ने इसके आगे की तैयारी में है।

#### कोहरे के कारण 128 उड़ानें रद्द, 8 डायवर्ट



**नई दिल्ली।** घने कोहरे का बड़ा असर विमान एवं रेल सेवा पर देखने को मिला। दृश्यता कम होने की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट पर आने एवं जाने वाले कुल 128 विमानों की यात्रा को रद्द करना पड़ा। वहीं 8 विमानों को दूसरे एयरपोर्ट की तरफ डाइवर्ट किया गया। इसके साथ ही लगभग 200 विमानों ने दिल्ली एयरपोर्ट से सोमवार को देरी से उड़ान भरी। वहीं दिल्ली के अलग-अलग स्टेशनों पर सोमवार को लगभग 100 गाड़ियां देरी से पहुंची और लगभग तीन दर्जन रेलगाड़ियां देरी से रवाना हुई। रविवार देर रात से ही घना कोहरा शुरु हो गया था।

## बड़ा फैसला : सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के सजा निलंबित करने के फैसले पर रोक लगा दी



# इंसाफ का तराजू

### दुष्कर्म के दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर की सजा बरकरार रहेगी

सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस माहेश्वरी और मसीह की बेंच ने दिखाया कि कानून से ऊपर कोई नहीं। सेंगर जैसे ताकतवरों को राहत नहीं मिलेगी। यह फैसला महिलाओं और पीड़ितों के लिए उम्मीद है। लेकिन अपील बाकी-अंतिम न्याय कब? यह देखना बाकी है



- पीठ ने कहा कि वह इस मामले की जांच करेगी क्योंकि इस मुकदमे पर विचार करना आवश्यक
- उच्च न्यायालय के 23 दिसंबर के आदेश के आधार पर सेंगर को हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा

### शीर्ष अदालत की पीठ ने सेंगर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार उन्नाव दुष्कर्म मामले में दोषी पाए गए भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के मुकदमे पर सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत की पीठ ने सेंगर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लगाई जाती है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने की अपील की। पीठ ने कहा कि इस मामले की जांच करेगी क्योंकि इस मुकदमे पर विचार करना आवश्यक है।

### 10 साल की सजा काट रहा है सेंगर


कुलदीप सेंगर

सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो की याचिका पर सुनवाई की। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित करने के फैसले को चुनौती दी गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर को सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी थी, जिसके बाद सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया। हाईकोर्ट ने इस बात को रेखांकित किया था कि सेंगर पहले ही सात साल, पांच महीने की अवधि जेल में बिता चुका है। दोषी करार दिए गए पूर्व भाजपा विधायक ने दिसंबर 2019 के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। फिलहाल, इस मामले में भाजपा से निष्कासित नेता जेल में ही रहेंगे क्योंकि वह पीड़ित के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भी 10 साल की सजा काट रहे हैं। अदालत ने इस मामले में उन्हें जमानत नहीं दी है।

#### दलीलें सुनी, कोर्ट ने कहा फैसले पर रोक जरूरी

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ये मामला बच्ची के साथ भयावह दुष्कर्म का है। दोषी पर आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो कानून की धारा पांच और छह के तहत आरोप तय किए गए हैं। अदालत ने इस बात को नोट किया कि अपराध के समय पीड़िता की आयु 15 साल 10 माह थी। तमाम दलीलों को सुनने के बाद चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- हम हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के पक्ष में हैं।

### पीड़ित पक्ष ने कहा...हमें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा

इससे पहले उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां ने रविवार को जंतर मंतर पर कुलदीप सिंह सेंगर को मिली जमानत के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी बड़ी संख्या में हाथों में बैनर व तख्तियां लिए पहुंचे। पीड़िता की मां ने बताया कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है और उन्हें उम्मीद है कि वहां से उन्हें न्याय मिलेगा। उन्होंने बताया कि उनपर केस वापस लेने का दवाब बनाया जा रहा है। हम बिना किसी डर के अपनी कानूनी लड़ाई लड़ना चाहती है और इसके लिए उसे सुरक्षा की जरूरत है। पीड़िता ने कहा मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करती हूं कि मुझे इस तरह सुरक्षा दी जाए, जिससे मैं निडर होकर अपनी लड़ाई लड़ सकूं।

#### पीड़िता बोली

### कुलदीप सेंगर को फांसी दिलाने तक जारी रहेगी मेरी लड़ाई

उन्नाव केस में कुलदीप सेंगर की उम्रकैद की सजा पर सुप्रीम कोर्ट के रोक लगाने के बाद पीड़िता ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा था। मैं यह पक्का करूंगी कि उसे मौत की सजा मिले। वहीं पीड़िता की मां ने कहा कि हम खुश हैं। हम सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करना चाहते हैं। मेरी बेटी को न्याय मिलना चाहिए। दोषी को मौत की सजा मिलनी चाहिए। वहीं, सुनवाई से पहले पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट के बाहर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने कहा कि हम न्यायपालिका पर पूरा भरोसा रखते हैं और हम चाहते हैं कि कुलदीप सेंगर वापस जेल जाए, बल्कि उसे मौत की सजा दी जाए। महिला कार्यकर्ता योगिता भयाना ने भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले कहा था कि पीड़िता को उम्मीद है कि उसे न्याय मिलेगा। उसकी सेहत स्थिर है, और वह अभी कोर्ट में मौजूद है क्योंकि वह अपनी लड़ाई खुद लड़ना चाहती है। मुझे यकीन है कि सुप्रीम कोर्ट इस लड़की को न्याय देगा।


पीड़िता

#### टैरिफ और वैश्विक चुनौतियों पर नजर

## पीएम मोदी अर्थशास्त्रियों के साथ करेंगे 'प्री-बजट' बैठक

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

- इकोनॉमिक फिलॉसफी को दर्शाएगी आज की बैठक

भारत के आगामी आम बजट 2026-27 की रूपरेखा और प्राथमिकताओं को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को देश के प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को पेश किए जाने वाले केंद्रीय बजट से पहले यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय जटिल वैश्विक परिस्थितियों का सामना कर रही है। इस बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम और आयोग के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री इस संवाद के माध्यम से विकास दर को गति देने, राजकोषीय समेकन और रोजगार सृजन के लिए विशेषज्ञों से व्यावहारिक सुझाव मांगेंगे।


पीएम नरेंद्र मोदी

#### पीएम के आर्थिक सलाहकार का बड़ा बयान

## यूपीएससी जैसी परीक्षाओं की लंबी तैयारी समय की बर्बादी

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

- डिग्री नहीं.. एआई कौशल ही तय करेगा करियर का भविष्य

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री संजीव सान्याल ने उच्च शिक्षा प्रणाली को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आने वाले समय में कॉलेज की पारंपरिक पढ़ाई और डिग्री की अहमियत कम हो सकती है और इसकी जगह एआई आधारित स्किल डेवलपमेंट ज्यादा महत्वपूर्ण होगा। सान्याल ने कहा कि इस दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लेक्चर देने के मामले में इंसानों से कहीं बेहतर हो चुका है। ऐसे में केवल लेक्चर पर आधारित विश्वविद्यालय शिक्षा धीरे-धीरे अप्रासंगिक होती जा रही है। 20वीं सदी तक यूनिवर्सिटी जाना एक खास और सीमित वर्ग की बात थी, लेकिन तकनीक ने इस व्यवस्था को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी लेक्चर आधारित यूनिवर्सिटी सिस्टम को बना रही है।


संजीव सान्याल


डॉ. हिमांशु द्विवेदी

## तंजानिया...जहां वन और जीव, पर्यटन का ही नहीं, जीवन का भी अहम हिस्सा

जीवन में दो विषयों ने हमेशा ही बहुत आकर्षित किया। पहला वन और दूसरा वन्य जीव। जहां तक वनों की बात है तो तो यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि कान्हा नेशनल पार्क से बेहतर कोई नहीं। आकाश की ऊंचाई नापने को आतुर और सूरज की किरणों को दाखिल होने से रोकने की कोशिश में जुटे असंख्य साल वृक्षों की मौजूदगी रगों में रक्त के प्रवाह को सहज ही बड़ा देती है। लेकिन, वन्य जीवों के संबंध में हालात पूरी तरह जुदा हैं। इस मामले में हमारा अतीत जितना भी गौरवशाली रहा हो पर लज्जित वर्तमान और आशंकित भविष्य ही सच्चाई है। जारी...

हरिभूमि खास

नई- नई मानव बस्तियां बसाने, वनों को उजाड़ कर उनके नीचे से खनिज संपदा पाने और विलासिता व धनोपार्जन की ख़ातिर बेहिसाब वन्यजीवों के शिकार ने हमारे देश में कई वन्य प्राणियों को लुप्त या लुप्तप्राय ही कर दिया। तीन-तीन दिन तक कान्हा समेत तमाम नेशनल पार्क में सुबह शाम बाघ की तलाश करने के बाद भी सैलानियों का असफल लौटना आम बात है। इसके ठीक उलट हालात हैं भारत से छह हजार किलोमीटर दूर अफ्रीकी देश तंजानिया के। प्रथम विश्व युद्ध से पहले जर्मनी और उसके बाद ब्रिटिश उपनिवेश के रूप में जीने को मजबूर रहा इस देश को आजादी की सांस लिए पांच दशक ही बीते हैं। हिंद महासागर के मुहाने पर मौजूद प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर यह देश अभी अपने पैरों पर खड़ा होने की जद्दोजहद से ही गुजर रहा है। कच्चे मकान और टूटी सड़कों की भरमार है। कानून व्यवस्था का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश की व्यापारिक राजधानी समझे जाने वाले दार ए सलाम शहर में अधिकांश जगहों के लिए सलाह यही दी जाती है कि सूरज ढलने के साथ ही आपका अपने होटल में रहना ही बेहतर है। इसके बाद भी यहां दुनियाभर से पर्यटकों आना वर्ष भर लगा ही रहता है। इसकी एक मात्र वजह है इस देश में बेहिसाब वन्य जीवों का होना। बिग फाइव अर्थात सिंह, हाथी, गेंडा, तेंदुआ और वनभैंसा को देखने की चाहत में लाखों लोग यहां हर साल खिंचे आते हैं और यह जमीन किसी को निराश नहीं करती।


*वन्य जीवों की भरमार के बीच तंजानिया ने राष्ट्रीय पशु के रूप में जिराफ को तय किया है। अपनी लंबी गर्दन के कारण विशिष्ट पहचान रखने वाले इस शाकाहारी जीव को शांत, सौम्य और अहिंसक स्वभाव के कारण सराहा जाता है। 5 से 6 मीटर की ऊंचाई और हजार किलो से ज्यादा वजनी इस जीव को अपनी पतली- पतली टांगो पर चलते देखना हैरत में डाल देता है। तंजानिया के तमाम नेशनल पार्क में सहजता से ही दिख जाने वाले इस जीव को मारना जघन्य अपराध है।*




गुवाहाटी में गरजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

# असम ही नहीं पूरे देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों की करेंगे पहचान


## असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह असम के एक दिन के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। शाह ने पहले असम के नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटाद्रवा का उद्घाटन किया। बटाद्रवा को 227 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पवित्र मार्गेरिटा और राज्य के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा मौजूद रहे। दौरे की शुरुआत गुवाहाटी में 'शहीद स्मारक क्षेत्र' में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह



अमित शाह ने 'ज्योति-बिष्णु अंतर्जातिक कला मंदिर' का उद्घाटन किया

### 291 करोड़ की लागत से तैयार नया सभागार

शाह ने असम के गुवाहाटी में पूर्वोत्तर क्षेत्र के सबसे बड़े सभागार 'ज्योति-बिष्णु अंतर्जातिक कला मंदिर' का उद्घाटन किया। 291 करोड़ की लागत से निर्मित इस सभागार में 5,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है और यह शहर के खानापारा क्षेत्र में 14.85 एकड़ भूमि में स्थापित परिसर का हिस्सा है। मुख्य सभागार के अलावा मौजूद अन्य सुविधाओं में एक कन्वेंशन सेंटर, 5 वीआईपी सुइट, 450 वाहनों की पार्किंग है।

### एक लाख बीघा जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई

बोरदुरवा में अमित शाह ने कहा, वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव ने 'एक भारत' का आह्वान किया था, जिसका अब पीएम नरेंद्र मोदी पालन कर रहे हैं। शाह ने दावा किया कि सरमा सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से 1 लाख बीघा से ज्यादा जमीन खाली करवाई है। हम न सिर्फ असम से बल्कि पूरे भारत से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे।

### कांग्रेस घुसपैठियों को आगे बढ़ाती रही

शाह ने कहा कि कांग्रेस ने इतने वर्षों तक राज किया, लेकिन उसने असम आंदोलन में जान देने वालों के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी वर्षों तक घुसपैठियों को आगे बढ़ाती रही और 1983 में आईएमडीटी एक्ट लाकर उन्होंने घुसपैठियों को यहां बसने का कानूनी रास्ता बनाया।

### संत शंकरदेव के जन्मस्थल का उद्घाटन किया

बटाद्रवा पहुंचने पर गृह मंत्री का 'गायन-बयान' (गायक और ढोल वादक) द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। शाह ने संत शंकरदेव के जन्मस्थल का पुनर्विकास के बाद उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद शाह केंद्रीय भवन में भी गए जहां 'गुरु आसन' (पूजनीय संत की सीट) रखी है। सीएम सरमा ने कहा कि यह परियोजना महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की विरासत का सम्मान करते हुए पूरी की गई है।


### तीन दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल पहुंचे

गृह मंत्री शाह पश्चिम बंगाल के तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार रात कोलकाता पहुंचे। वह अगले साल राज्य में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। 30 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री मीडिया से बातचीत करेंगे। इसके अलावा वह मध्य कोलकाता स्थित इस्कॉन मंदिर और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यालय का दौरा करेंगे, जहां वे संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। अपने दौरे के अंतिम दिन 31 दिसंबर को अमित शाह कोलकाता में आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

---


## खबर संक्षेप

### विधायक के खिलाफ चेक बाउंस पर मामला दर्ज



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भाजपा विधायक शरणु सालगर के खिलाफ 99 लाख रुपए के चेक बाउंस के संबंध में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि उन पर आरोप है कि उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान लिए गए की कर्ज की राशि वापस नहीं की। विधायक ने अपने दूर के रिश्तेदार से राशि उधार ली थी।

### 4 नाबालिगों ने प्रवासी मजदूर पर किया हमला




**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने चेन्नई के पास एक प्रवासी मजदूर पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में चार किशोरों को गिरफ्तार किया है। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें ट्रेन के अंदर एक प्रवासी मजदूर को परेशान करने और हमला करते हुए दिखाया गया।

### टाटानगर-एर्नाकुलम ट्रेन में आग, 1 की मौत



**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश में यहां से 66 किलोमीटर दूर यलमंचिली के पास टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस के दो डिब्बों में आग लग जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस को आग लगने की सूचना रात 12 बजकर 45 मिनट पर मिली। पुलिस ने बताया कि प्रभावित डिब्बों में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री सवार थे।

### उपराष्ट्रपति पुडुचेरी, केरल और तमिलनाडु के दौरे पर



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन पुडुचेरी, केरल और तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को पुडुचेरी पहुंचे हैं, जहां उनका गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। पुडुचेरी हवाई अड्डे पर उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन, सीएम एन. रंगासामी ने उनका स्वागत किया।

---

## अरावली खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया

कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया

# अपने ही फैसले पर पर लगाई रोक केंद्र सरकार से मांगा स्पष्ट 'जवाब'

सोमवार को अवकाश पीठ में हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को मिलाकर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव भी रखा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले में आगे की सुनवाई 21 जनवरी को होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अरावली खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने पुराने फैसले पर रोक लगा दी। सरकार से स्पष्ट जवाब मांगते हुए शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि इस मामले में स्पष्टीकरण जरूरी है। बता दें कि कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। अरावली पहाड़ियों और पर्वत श्रृंखलाओं की परिभाषा नए सिरे से तय किए जाने के इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 20 नवंबर के फैसले में दिए गए निर्देशों को स्थगित रखा जाएगा। अपने आदेश में अदालत ने कहा, इसमें कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर स्पष्टीकरण आवश्यक हैं। सोमवार को अवकाश पीठ में हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को मिलाकर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव भी रखा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले में आगे की सुनवाई 21 जनवरी को होगी।

**20** नवंबर के फैसले में दिए निर्देशों को स्थगित रखा

**21** जनवरी को होगी मामले में आगे की सुनवाई



अरावली पहाड़ियां और सुप्रीम कोर्ट

### केंद्रीय मंत्री यादव ने फैसले का किया स्वागत



केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले और मुद्दों का अध्ययन करने के लिए एक नई कमेटी बनाने के निर्देशों का स्वागत करते हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय सुप्रीम कोर्ट के इस नई समिति को हर जरूरी सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि अभी भी अरावली क्षेत्र में नई खनन लीज देने या पुरानी लीज को नवीनीकरण करने पर पूरी तरह रोक जारी रहेगी। सरकार अरावली पहाड़ियों की सुरक्षा और दोबारा सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### कांग्रेस ने फैसले को उम्मीद की किरण बताया



कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। पार्टी ने केंद्र सरकार और खास तौर पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव पर हमला बोलते हुए उनसे इस्तीफे की मांग की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उम्मीद की एक किरण है।

### ठाकरे ने स्थाई राहत की जताई उम्मीद



शिवसेना (उबाठा) के नेता आदित्य ठाकरे ने फैसले का सोमवार को स्वागत करते हुए कहा कि यह राहत बहुत बड़ी है, लेकिन इसे स्थायी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह भी जरूरी है कि लोग अरावली पहाड़ी के सुरक्षित होने के बारे में फैलाई जा रही गलत सूचना के झांसे में न आएं। अरावली पर्वतमाला के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय का स्थगन आदेश एक बड़ी लेकिन अस्थायी राहत है। इस पर स्थायी मुहर लगना चाहिए।

### 24 दिसंबर को जारी हुए थे नए निर्देश

24 दिसंबर को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नए निर्देश जारी किए थे। इनमें केंद्र सरकार ने कहा है कि नए खनन के लिए मंजूरी देने पर रोक संपूर्ण अरावली क्षेत्र पर लागू रहेगी। इसका उद्देश्य अरावली रेंज की अखंडता को बचाए रखना है। इन निर्देशों का लक्ष्य गुजरात से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक फैली एक सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में अरावली का संरक्षण करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है।

### आईसीएफआरई बना रही थी योजना

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् (आईसीएफआरई) से कहा गया है कि पूरे अरावली क्षेत्र में ऐसे अतिरिक्त क्षेत्रों की पहचान की जाए, जहां पर खनन पर रोक लगनी चाहिए। यह उन क्षेत्रों के अतिरिक्त रहे, जहां पर केंद्र ने पहले से खनन पर प्रतिबंध लगा रखा है।

---

त्रिपुरा के छात्र एंजेल की हत्या का मामला

## सीएम धामी बोले- आरोपियों को सख्त सजा दिलाकर रहेंगे



मृतक एंजेल चकमा



सीएम धामी

एजेंसी ▶▶ देहरादून

त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की देहरादून में हुई हत्या के बाद उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उसके पिता तरुण प्रसाद चकमा से फोन पर बातचीत की और उन्हें उनके बेटे के आरोपियों को सख्त सजा दिलाने का आश्वासन दिया। धामी नेएंजेल की हत्या पर दुःख व्यक्त किया और कहा कि इस घटना से वह व्यक्तिगत तौर पर दुखी हैं। सरकार इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगी।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नाबालिगों समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी यज्ञराज अवस्थी, जो नेपाल का रहने वाला है, अभी फरार है। उस पर 25,000 रुपए का इनाम रखा गया है। उसे भी गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सरकार पीड़ित परिवार के संग

सीएम धामी ने कहा कि घटना के संबंध में उनकी त्रिपुरा के सीएम डॉ. माणिक साहा के साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी बात हुई है। धामी ने जोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि परिवार की सहायता के लिए वह डॉ. साहा से बातचीत करेंगे और साथ ही उत्तराखंड सरकार भी परिवार की हर संभव सहायता करेगी। यहां के एक निजी विश्वविद्यालय में एमबीए अंतिम वर्ष के 24 वर्षीय छात्र एंजेल चकमा को नौ दिसंबर को कुछ युवकों द्वारा कथित तौर पर चाकू और कड़े से वार कर गंभीर रूप रूप से घायल कर दिया गया था। अस्पताल में 17 दिन तक भर्ती रहने के बाद 26 दिसंबर को उसकी मौत हो गई थी।

### भाजपा राज में नफरत सामान्यः राहुल



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एंजेल चकमा की हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी ने नफरत को सामान्य बना दिया है, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह नफरत का एक भयावह उदाहरण है। वहीं, राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अपील की कि वे नफरत भरे अपराधों के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने यह भी कहा कि इसकी भी जांच होनी चाहिए कि पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने में 12 दिन क्यों लगे?

---

टीएमसी विधायक ने जताई आपत्ति

## बीएलए न होने हुगली में रोकी गई एसआईआर के तहत आपत्तियां

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के दौरान हुगली जिले के चिनसूड़ा-मोगरा ब्लॉक कार्यालय में सोमवार को एसआईआर के तहत दावों और आपत्तियों पर उस समय सुनवाई रोक दी गई, जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक असित मजूमदार ने बूथ-स्तर के एजेंट (बीएलए) को सुनवाई में शामिल न करने का विरोध किया। मजूमदार ने कहा कि बीएलए को प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति दी जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि या तो बीएलए को सुनवाई में आने दिया जाए या लिखित में बताया जाए कि उन्हें अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बाद ब्लॉक कार्यालय के प्रवेश और निकास द्वार बंद कर दिए गए।



एसआईआर की प्रक्रिया करते अधिकारी

आयुष दवाओं की गुणवत्ता पर कदम

## 108 लैब्स को मिली जांच की मंजूरी, कार्यक्षमता की मजबूत


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया है कि देशभर में आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी दवाओं की गुणवत्ता जांच के लिए 108 प्रयोगशालाओं को मंजूरी दी गई है। ये सभी लैब्स ड्रग्स रूल्स, 1945 के प्रावधानों के तहत स्वीकृत या लाइसेंस प्राप्त हैं। उन्होंने बताया कि 34 राज्य स्तरीय ड्रग टेस्टिंग लैब्स को उनके इंफ्रास्ट्रक्चर और कार्यक्षमता को मजबूत करने के लिए सहयोग दिया गया है। इसके साथ ही सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंसेज के तीन क्षेत्रीय शोध संस्थानों को भी ड्रग्स रूल्स, 1945 के तहत मंजूरी मिली है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी दवाओं की निगरानी के लिए फार्मा को विजिलेंस प्रोग्राम लागू किया गया है।



मंत्री प्रतापराव जाधव

## नए साल पर 'बजरंग सेतु' की सौगात




**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में नए साल की शुरुआत के साथ ही ऋषिकेश के लोगों और देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों व पर्यटकों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। यह सेतु 1929 में बना ऐतिहासिक लक्ष्मण झूला की जगह लेगा। गंगा नदी पर निर्माणाधीन अत्याधुनिक बजरंग सेतु को जल्द ही आम जनता के लिए खोलने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, पुल का निर्माण कार्य 26 जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। करीब 132 मीटर लंबे इस आधुनिक सस्पेंशन ब्रिज की निर्माण लागत लगभग 68 करोड़ रुपए है।

---

क्लर्क ने 20 साल में बनाई 100 करोड़ की संपत्ति!

## हाईकोर्ट के आदेश पर सीआईडी करेगी नई जांच

एजेंसी ▶▶ तिरुपति

दुनिया के सबसे अमीर मंदिर तिरुपति बालाजी में भक्तों के चढ़ावे से दशकों तक चोरी करने वाला क्लर्क सीवी रवि कुमार अप्रैल 2023 में सीसीटीवी पर संदिग्ध व्यवहार करते पकड़ा गया था। कबूलनामे उसने कहा कि वह मंदिर में 20 साल से अधिक समय तक चोरी की, जिससे 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां खरीदी। यह पूरा मामला लोक अदालत में समझौते के बाद बंद हो गया था। अब आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने सेटलमेंट रद्द कर सीआईडी से नई जांच के आदेश दिए हैं, जिससे बड़े कवर-अप के आरोप लग रहे हैं।



तिरुपति बालाजी मंदिर

### चढ़ावे गिनने का काम करता था

1990 के दशक की शुरुआत में सीवी रवि कुमार पेद्दा जीयनगर मठ में शामिल हुआ। तब उसकी उम्र 20 साल थी। 2023 तक वह एक क्लर्क के रूप में काम कर रहा था और उसे हर दिन करोड़ों रुपए के चढ़ावे गिनने का काम सौंपा गया था, जो हर दिन 4 करोड़ से 6 करोड़ रुपए के बीच होता था।

### सुरक्षा गार्ड ने पकड़ा

सीसीटीवी फुटेज देख रहे एक सुरक्षा गार्ड ने देखा कि रवि कुमार की तलाशी ली गई, और रवि कुमार अपनी जांघों के बीच छिपाए हुए नौ 100 डॉलर के नोटों के साथ पकड़ा गया। 30 मई को तिरुमाला पुलिस ने अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोर्ट में मामले में चार्जशीट दायर की। 9 सितंबर, 2023 को सेटलमेंट कर मामला दबा दिया गया।

---

ओलचिकी लिपि के शताब्दी समारोह में शामिल हुई राष्ट्रपति मुर्मू

## परंपरागत ज्ञान, संस्कृति और अस्मिता को संरक्षित करना जरूरी

एजेंसी ▶▶ रांची

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूने सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के करनडीह स्थित आदिवासी पूजास्थल 'दिशोम जाहेरथान' परिसर में संथाली भाषा की ओलचिकी लिपि के शताब्दी समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए परंपरागत ज्ञान, संस्कृति और अस्मिता को संरक्षित रखने का आह्वान किया। उन्होंने ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन से पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने संथाली भाषा में करीब तीन मिनट तक पारंपरिक 'नेहोर गीत' गाया। उन्होंने कहा कि यह प्रार्थना गीत उन्होंने बचपन में सीखा था, जिसमें 'जाहेर आयो' (प्रकृति माता) से समाज को सदैव उजाले के मार्ग पर ले जाने की कामना की गई है।

मुर्मू ने संथाली भाषा में पारंपरिक 'नेहोर गीत' गाया

राष्ट्रपति ने संथाली भाषा में ही अपना पूरा संबोधन दिया

### संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करें



शताब्दी समारोह का उद्घाटन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

उन्होंने जोर दिया कि संथाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने के बाद यह आवश्यक है कि देश के नियम-कानून और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी संथाली भाषा में समाज के लोगों तक पहुंचे।

### आदिवासियों के विकास में करेंगे सहयोग

समारोह को राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि लोकभवन के द्वार आम लोगों के लिए सदैव खुले हैं और आदिवासियों के विकास से जुड़े हर प्रयास में लोक भवन सहयोग करेगा। सीएम सोरेन ने भी संथाली भाषा, संस्कृति और आदिवासी पहचान के संरक्षण के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

### संथाली लेखकों के योगदान को सराहा

आदिवासी समाज के स्वाभिमान और अस्तित्व की रक्षा में संथाली लेखकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए मुर्मू ने कहा कि आप अपने दैनिक जीवन से समय निकालकर ओल चिकी लिपि और संथाली भाषा के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू के अधूरे सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने ओलचिकी लिपि में संविधान के प्रकाशन को एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## झुग्गी वाले करोड़पति पर ईडी की चार्जशीट

पांच दशक पहले तक करता था मजदूरी

# रेहड़ी से बनाई रामलाल चौधरी ने 150 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी

एजेंसी :चंडीगढ़

सेक्टर-46 निवासी फाइनेंसर और प्रॉपर्टी डीलर रामलाल चौधरी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉड्रिंग के गंभीर आरोपों में रामलाल चौधरी और उसके बेटे अमित कुमार के खिलाफ चंडीगढ़ जिला अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को नोटिस जारी करते हुए 6 फरवरी से सुनवाई तय की है। ईडी की कार्रवाई की


पुलिस हिरासत में आरोपी

जड़ें चार साल पहले तक जाती हैं जब चंडीगढ़ पुलिस ने रामलाल चौधरी को धोखाधड़ी के दो बड़े मामलों में गिरफ्तार किया था। इन मामलों की जांच के दौरान उसके वित्तीय नेटवर्क और संपत्तियों का खुलासा हुआ जिसके बाद ईडी ने मनी लॉड्रिंग के एंगल से केस अपने हाथ में लिया। करीब तीन साल तक चली जांच के बाद अब चार्जशीट दाखिल की गई है। ईडी के अनुसार रामलाल चौधरी ने अवैध तरीकों से 150 करोड़ से अधिक की चल-अचल संपत्ति खड़ी की। जांच के दौरान उसके पास से बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज जैसी लग्जरी गाड़ियां भी बरामद की गई थीं। ईडी अब उसकी सभी संपत्तियों, बैंक खातों और निवेश की गहन जांच कर रही है। रामलाल चौधरी करीब पांच दशक पहले मजदूरी करता था। वर्ष 1976 में वह चंडीगढ़ आया और रामदरबार कॉलोनी की झुग्गियों में रहा। शुरुआती दौर में रेहड़ी और छोटे-मोटे काम कर गुजारा करता था। बाद में उसने प्रभावशाली लोगों और पुलिसकर्मियों से नजदीकियां बढ़ाई और फाइनेंस के धंधे में उतर गया।

## पीएम मोदी-संघ की तारीफ के बाद दिग्विजय से जवाब देते नहीं बन रहा

# अब राहुल गांधी ने बोला-आप 'अपना काम' कर गए...पर, ये ठीक नहीं किया

### रविवार को पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर कार्यक्रम के दौरान राहुल की मुलाकात दिग्विजय सिंह से हुई थी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के सीनियर नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक से पहले भाजपा और आरएसएस की संगठन शक्ति की तारीफ कर पार्टी के लिए असहज हालात पैदा कर दिए। हालांकि, बाद में उन्होंने सफाई भी दी और कहा कि वे पीएम नरेंद्र मोदी और आरएसएस की नीतियों के धुर विरोधी हैं। लेकिन तब तक पार्टी के अंदरूनी हालात काफी असहज हो चुके थे। सूत्रों के मुताबिक रविवार को पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर कार्यक्रम के दौरान जब राहुल गांधी की मुलाकात दिग्विजय सिंह से हुई तो उन्होंने दिग्विजय सिंह को कहा-आप अपना काम कर गए। आप बदमाशी कर गए।


कैलाश विजयवर्गीय और दिग्विजय सिंह फाइल फोटो

### कैलाश बोले-दिग्विजय ने आगे बढ़ाई सरकार पटेल की सच बोलने की परंपरा

भोपाल। भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय खुल कर दिग्विजय के समर्थन में उतर आए हैं। इसके विपरीत कांग्रेस के पूर्व सांसद सत्यव्रत चतुर्वेदी की बेटी निधि चतुर्वेदी ने दिग्विजय का विरोध करते हुए उन्हें वैचारिक दोगला कहा है। विजयवर्गीय ने एक्स पर दिग्विजय के समर्थन में लिखा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन सच कहने का साहस भी होना चाहिए जो हर किसी में नहीं होता। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने आरएसएस की तारीफ कर अपने साहसी होने का परिचय दिया हालांकि, इससे दिल्ली दरबार में उनके नंबर अवश्य कम हुए होंगे, पर दिग्विजय ने कांग्रेस के अंदर 50 के दशक के नेता सरदार पटेल और अन्य नेताओं की उस परंपरा पर चलने का काम किया है जो सच कहने की हिम्मत रखते थे।

### यह जमीनी कार्यकर्ताओं के मुंह पर तमाचा: निधि



कांग्रेस के पूर्व सांसद सत्यव्रत चतुर्वेदी की बेटी और कांग्रेस नेत्री निधि चतुर्वेदी ने दिग्विजय सिंह के आरएसएस संबंधी बयान को लेकर एक फेसबुक पोस्ट किया है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से दिग्विजय के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। निधि ने आरोप लगाया कि दिग्विजय के बयान ने पार्टी की वैचारिक लड़ाई को कमजोर किया है। जमीनी कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ा है।

## खबर संक्षेप

### भारत की पहली स्वदेशी एमआरआई मशीन

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी पहली स्वदेशी एमआरआई मशीन बना ली है। यह उपलब्धी



वॉक्सलग्रिड्स नाम के स्टार्टअप के संस्थापक अर्जुन अरुणाचलम और उनकी टीम को मिली है। खास बात यह भी है कि उनका स्टार्टअप श्रीधर वेम्बू की कंपनी जोहो द्वारा समर्थित था। इसके अलावा यह एमआरआई स्कैनर विदेशी मशीनों की तुलना में 40% सस्ता भी होगा। स्टार्टअप जोहो द्वारा समर्थित था।

### गेट के सामने युवक ने लगाई फांसी, मौत

**मंडला।** घटना सुबह करीब 11:30 बजे हुई, जब स्टेशन परिसर में यात्रियों, दुकानदारों और आम



नागरिकों की भारी आवाजाही थी। 24 घंटे सुरक्षा और चहल-पहल वाले इस क्षेत्र में हुई इस गंभीर घटना की जानकारी मौके पर तैनात जीआरपी और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) को तुरंत नहीं मिली। मृतक की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से पश्चिम बंगाल निवासी विष्णु मंडल के रूप में हुई है।

### प्रेम प्रसंग:किशोरी और प्रेमी की मौत,शव मिले

**गुना।** शहर की रसीद कॉलोनी में प्रेम प्रसंग से जुड़ा मामला सामने आया है, जिसमें नाबालिग किशोरी



और एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार रसीद कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय युवक गणेश का मोहल्ले में ही रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी से पिछले 7-8 महीनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किशोरी कक्षा 8 वीं की छात्रा थी। दोनों को समझाने का प्रयास भी किया था।

**पाक के पैरों तले खिसक जाएगी जमीन :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने पुराने हथियारों का अपग्रेड करने, नए आधुनिक हथियारों की खरीद को मंजूरी दी

# अमेरिकी ड्रोन, इजराइली बम व पिनाका '79 हजार करोड़' की खरीदी को मंजूरी

### बैठक में सीडीएस जनरल अनिल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों सहित रक्षा सचिव भी मौजूद रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के लिए 79 हजार करोड़ के मिसाइल, रॉकेट और ड्रोन्स सहित विभिन्न गोला-बारूद और सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी है।

इनमें थलसेना के लिए लोएटरिंग म्युनिशन और पिनाका रॉकेट सहित वायुसेना के लिए अस्त्रा मिसाइल और स्पाइस-1000 बम शामिल हैं। नौसेना के लिए अतिरिक्त हाई ऑल्टिट्यूड लॉन्ग रेंज (हेल) रिमोटली पायलट एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने की मंजूरी भी दी गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को रक्षा अधिग्रहण (खरीद) परिषद की अहम बैठक हुई। बैठक में सीडीएस जनरल अनिल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों सहित रक्षा सचिव भी मौजूद रहे। बैठक में तीनों अंगों के लिए इन हथियारों और सैन्य साजो सामान की आवश्यकता के लिए मंजूरी (एओएन) को हरी झंडी दी गई। सेना के हथियारों की खरीद (सौदे) के लिए होने वाली टेंडर प्रक्रिया में एओएन पहला चरण होता है।

हथियारों की खरीद (सौदे) के लिए होने वाली टेंडर प्रक्रिया में एओएन पहला चरण

थलसेना की आर्टिलरी (तोपखाने) के लिए लोइटरिंग म्युनिशन की मंजूरी

नौसेना के लिए अतिरिक्त हाई ऑल्टिट्यूड लॉन्ग रेंज (हेल) रिमोटली पायलट एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने की मंजूरी भी दी गई


सेना प्रमुखों के साथ बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### दुश्मन के छोटे साइज के ड्रोन भी नहीं बचेंगे

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक थलसेना की आर्टिलरी (तोपखाने) के लिए लोइटरिंग म्युनिशन की मंजूरी दी गई है, जिससे टेक्टिकल टारगेट पर सटीक निशाना लगाया जा सके। थलसेना के पिनाका मल्टी रॉकेट लॉन्चर सिस्टम (एमआरएलएस) के लिए लंबी दूरी के गाइडेड रॉकेट को मंजूरी दी गई है।

### स्पाइस-1000 बम की खरीद को मिली मंजूरी

रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लिए अस्त्रा मार्क-2 मिसाइल और स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाईडेंस किट की खरीद को भी मंजूरी दी है। वायुसेना के सुखोई और लाइट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस को अस्त्रा मिसाइल से लैस किया गया है। मिराज लड़ाकू विमानों लिए स्पाइस-1000 बम की खरीद को मंजूरी दी गई है।

### नेवी के लिए लीज पर लिए जाएंगे आरपीएएस

नौसेना के लिए रक्षा मंत्रालय ने एक बार फिर हाई ऑल्टिट्यूड लॉन्ग रेंज (हेल) रिमोटली पायलट एयरक्राफ्ट सिस्टम (आरपीएएस) को लीज पर लेने की मंजूरी दी है। रक्षा मंत्रालय ने हालांकि ये नहीं बताया है कि कितने आरपीएएस लीज पर लिए जाएंगे, लेकिन माना जा रहा है कि ऐसे 2 एयरक्राफ्ट को मंजूरी दी गई है। नौसेना वर्ष 2020 से अमेरिका से लीज पर लिए 02 एमक्यू-9 प्रीडेटर रीपर (आरपीएएस) क इस्तेमाल कर रही है। ऐसे में जिन आरपीएएश को मंजूरी दी गई है, वे भी एमक्यू-9 हो सकते हैं। दरअसल, भारत ने अमेरिका से 31 ऐसे एमक्यू-9 ड्रोन का सौदा किया है, जिनमें से 15 नौसेना के लिए है और बाकी 8-9 थलसेना और वायुसेना के लिए. हालांकि डील को अमलीजामा पहुंचाने में हो रही देरी के चलते, नौसेना के लिए सीधे लीज पर लेने को मंजूरी दी गई है। इन ड्रोन्स का इस्तेमाल, हिंद महासागर में इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकोनिसेंस के लिए किया जाएगा. हेल ड्रोन के अलावा नौसेना के लिए बोलार्ड-पुल टग (बोट) और हाई फ्रीक्वेंसी रेडियो मैनपैक को मंजूरी दी गई है।

## धान के दाम 4500 रु. क्विंटल पर अड़े


नाराज किसानों ने लगाया जाम

# धान के कम दाम....नाराज किसानों का विदिशा-रायसेन में चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/विदिशा

धान के दामों में अचानक आई गिरावट से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसान तीन रोज धान के दाम 3300 से 3500 सही दाम मिलने से संतुष्ट रहे। लेकिन सोमवार को कम दाम मिलने से किसान निराश हुए। सोमवार को नीलामी के दौरान धान अधिकतम 3 हजार 2300 और न्यूनतम में 2 हजार 700 रुपए प्रति क्विंटल बिकी। इससे किसानों का गुस्सा उबाल पर आ गया। गुस्साए किसान धान उपज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को लेकर सागर भोपाल तिराहे पर खड़ा कर जाम लगा दिया। किसान अपनी धान की उपज के दाम 4500 रुपए क्विंटल दिए जाने की मांग पर अड़े हुए थे। इस दौरान किसानों को समझाइश देने अपर कलेक्टर मनोज एसडीएम मनीष शर्मा एसपी कमलेश कुमार खरपुसे तहसीलदार भरत सिंह मांडले, मंडी सचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर पहुंचे। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानों को समझने की बहुत कोशिश की। उधर विदिशा में भी नई कृषि उपज मंडी में मंगलवार को फसल, खासकर धान के दामों में अचानक आई गिरावट से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में किसानों ने मंडी के बाहर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा।

- 3 दिन धान के 3300 से 3500 सही दाम मिलने से संतुष्ट रहे

## नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण की मांग


सड़क पर उतरे संतों ने कहा-सड़क का चौड़ीकरण कीजिए

# टोल पर संतों का कब्जा, बिना 'टैक्स' दिए निकाली गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिंड

भिंड जिले के मालनपुर स्थित बरैठा टोल प्लाजा पर नेशनल हाईवे चौड़ीकरण की मांग को लेकर संत समाज का आंदोलन सोमवार को प्रशासनिक आश्वासन के बाद टाल दिया गया। करीब डेढ़ से दो घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान भिंड और ग्वालियर के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासनिक अधिकारियों ने संत समाज को भरोसा दिलाया कि नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण का पूरा प्रोजेक्ट सरकार को भेजा जा चुका है।

- बरैठा टोल प्लाजा और हाईवे पर जोरदार प्रदर्शन

जिले में पहला ऐसा मामला आया सामने

### सटटा किंग आजाद खान का करोड़ों का 3 मंजिला होटल ढहा



इसके पहले फार्म हाउस पर हुई थी कार्रवाई

**अशोकनगर।** शहर के सटटा किंग आजाद खान के आजाद पैलेस होटल पर प्रशासन ने होटल ध्वस्त कर दिया। 3 मंजिला इस होटल को गिराने के लिए जेसीबी मशीनों को लगाया गया। एक दिन पहले ही प्रशासन ने इस होटल को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। इस मौके 100 से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद रहे। दोपहर 3 बजे से एक्शन शुरू हुआ और मौके पर एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, एसडीओपी विवेक शर्मा, नगरपालिका विनोद उन्नीतान मौजूद रहे।

बर्थडे पार्टी से लौटते वक्त भीषण हादसा

### तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े डंपर में घुसी, 3 की मौत, 3 घायल



सीटों को काटकर निकालना पड़े शव

**विदिशा।** जन्मदिन की खुशी कुछ ही पलों में मातम में बदल गई। रविवार देर रात करीब 1.30 बजे मेहलुआ चौराहे के पास तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कुरवाई थाना के एसआई शैलेंद्र नायक के अनुसार मृतकों की पहचान 21 वर्षीय अंकित 19 वर्षीय तन्मय शर्मा और 30 वर्षीय जगदीश साहू के रूप में हुई है।

वीडियो वायरल होने पर लोगों में आक्रोश

### युवक को आईएएस ने जड़ दिए थप्पड़ पुजारी से कहा तुझे रेत में गड़वा दूंगा



चालानी कार्रवाई पर अफसर को नहीं था भरोसा

**नरसिंहपुर।** नर्मदा तट पर पेशाब करने से नाराज जिला पंचायत सीईओ आईएएस गजेंद्र नागेश ने एक युवक को थप्पड़ मारे। बीच-बचाव करने पर पुजारी को धमकी भी दी। घटना शनिवार की है। सोमवार को इसका वीडियो सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। आरोप है कि अधिकारी ने सार्वजनिक रूप से अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया है। घटना बरमान रेत घाट की है।

## 6 जिलों में रात का पारा 5 डिग्री तक, 4 जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर से कम

### नया पश्चिमी विक्षोभ 30 दिसंबर को सक्रिय हो रहा लेकिन, यह भी स्ट्रांग नहीं

# अगले 3 दिन तेज सर्दी व घने कोहरे के.... 27 जिले 10 डिग्री से नीचे, जनवरी के दूसरे सप्ताह में बारिश होगी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के 27 से अधिक जिलों में सोमवार को भी कड़ाके की सर्दी रही। इन जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे रहा, जबकि 6 जिले 5 डिग्री तक दर्ज हुए। अगले तीन दिन प्रदेशभर में तेज सर्दी और कोहरे का प्रभाव रहेगा। इसके बाद तापमान में कुछ बढ़त होगी। जनवरी के दूसरे सप्ताह तक कुछ जिलों में बादल और बारिश की भी उम्मीद है। इसके बाद कुछ जिलों में पाले के हालात बन सकते हैं। मौसम केंद्र के अनुसार तीन दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार नया पश्चिमी विक्षोभ 30 दिसंबर को सक्रिय हो रहा है।

यह भी स्ट्रांग नहीं है, लेकिन तेज सर्दी और कोहरे का दौर अभी जारी रहेगा। सोमवार को कई जिलों में घना कोहरा रहा। दतिया, दमोह, नौगांव और ग्वालियर में सुबह 10 बजे तक दृश्यता 50 मीटर यानि शून्य रही। मंडला, रीवा, सतना, उमरिया आदि जिलों में विजिबिलिटी 200 से 500 मीटर तक रहने से यातायात प्रभावित रहा है। मंगलवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्नाा, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में घना कोहरा रह सकता है। शहडोल, उमरिया, कटनी, दमोह, मैहर में मध्यम से हल्का कोहरा रहेगा।


भोपाल के शौर्य स्मारक के सामने वाली सड़क का दृश्य

### यहां कोल्ड वेव रहेगी

सोमवार को भोपाल, राजगढ़, इंदौर, शहडोल जिलों में शीतलहर रही। मंगलवार को भी भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, देवास, शाजापुर में कोल्ड वेव का अलर्ट है। धार, नर्मदापुरम, खंडवा, नरसिंहपुर और सिवनी आदि जिलों को छोड़कर शेष जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से कम रहा है। सोमवार को कल्याणपुर (शहडोल) 3.8, राजगढ़ 4, उमरिया, नौगांव (छतरपुर) 5, पचमढ़ी (नर्मदापुरम) 5.2 और मलाजखंड में रात का पारा 5.3 रहा है।



## पीएम मोदी को मिला स्टील्थ जेट का उपहार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिसमस के मौके पर तोहफे देने का रिवाज पुराना है। लोग इस खास दिन पर अपने परिवारजनों और दोस्तों को तोहफे देकर शुभकामनाएं भेजते हैं। इस बार रूस ने इस परम्परा को एक दिलचस्प अंदाज में निभाया है। दरअसल रूस ने हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक एआई जेनरेटेड वीडियो शेयर किया है जिसमें वह भारत, चीन, अमेरिका और तुर्की समेत कई देशों के नेताओं को क्रिसमस गिफ्ट देते नजर आ रहे हैं।

इस वीडियो को केन्या में स्थित रूसी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है। वीडियो की शुरुआत में व्लादिमीर पुतिन सांता क्लॉज की वेशभूषा में नजर आते हैं। वहीं उनके पास एक तोहफे का पिटारा होता है। वीडियो अपने आप ही काफी मजेदार है। हालांकि इससे भी मजेदार है इसमें वैश्विक नेताओं को पुतिन द्वारा मिल रहे तोहफे। यह तोहफे प्रतीकात्मक हैं और उपहारों की मदद से इसमें इन देशों के साथ रूस के संबंधों की ओर इशारा किया गया है।

# पुतिन बने सांता, मोदी-जिनपिंग और ट्रंप को बांटे क्रिसमस के तोहफे

*रूसी एंबेसी ने हाल ही में एक मजेदार वीडियो शेयर किया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से तैयार इस वीडियो में पुतिन दुनिया के कई नेताओं को तोहफे बांटते नजर आ रहे हैं।*

रूस में क्रिसमस 7 जनवरी को मनाया जाता है

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से तैयार हुआ वीडियो

पुतिन ने कई देशों के नेताओं को क्रिसमस गिफ्ट देते नजर आए

### पुतिन का पहला गिफ्ट जिनपिंग को


रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

*पुतिन का पहला गिफ्ट चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को मिलता है। इसमें जिनपिंग को चीनी युआन और रूसी रूबल के साइन को दर्शाने वाले लेटर मिलते हैं। इसे क्रिसमस ट्री पर लगाते ही डॉलर का साइन और जमीन पर गिरकर टूट जाता है। चीनी राष्ट्रपति के इस गिफ्ट के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संदेश देने की कोशिश की गई है और यह बताया गया है कि चीन और रूस मिलकर डॉलर को सीधी चुनौती देने को तैयार हैं।*

### अन्य देशों को भी मिले गिफ्ट

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन को पुतिन एक स्नो ग्लोब पेश करते दिखे जिस पर अक्कू शब्द लिखा है। यह रूस की सरकारी कंपनी रोसाटॉम द्वारा तुर्की में बनाए जा रहे पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्र को रेखांकित करता है। वहीं उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को पुतिन को एक तलवार के साथ एक नोट देते हुए दिखाया गया है, जिस पर लिखा है, रूस की ओर से आभार के साथ। इसके अलावा पुतिन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को भी एक तोहफा दिया। इसमें जेलेंस्की को रूस की तरफ से एक हथकड़ी देते हुए दिखाया गया है।

### पीएम मोदी को मिला ये खास तोहफा

इस एआई जेनरेटेड वीडियो में रूसी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को सुखोई यूएस-57 स्टील्थ फाइटर जेट का एक छोटा मॉडल गिफ्ट किया है। यह भारत और रूस के बीच लंबे समय से चले आ रहे रक्षा संबंधों को रेखांकित करता है। यह इसीलिए खास है क्योंकि रिपोर्ट्स के मुताबिक रूसी रक्षा अधिकारियों ने हाल ही में एसयू-57 के लिए समझौते की पेशकश की है। इस समझौते के तहत इस विमान के भारत में निर्माण की संभावना है।

### ट्रंप की नाकामी पर तंज कसा


ट्रंप को गिफ्ट के जरिए अलास्का शिखर सम्मेलन की याद दिलाई गई है। ट्रंप को पुतिन मुलाकात के मौके पर ली गई तस्वीर भेजी गई। अलास्का में हुई यह बैठक यूक्रेन जंग पर किसी ठोस शांति समझौते के बिना समाप्त हो गई थी। इसके जरिए रूस ने ट्रंप की नाकामी पर तंज कसा है।

### क्रिसमस का उत्सव और सांस्कृतिक महत्व

वीडियो का अंत एक शहर के क्रिसमस सजावट और रोशनी के दृश्य से सजा होता है। रूस में क्रिसमस हर साल 7 जनवरी को मनाया जाता है। इसका कारण है कि रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च पुराने जूलियन कैलेंडर का पालन करता है। रूस में नए साल का दिन (1 जनवरी) क्रिसमस से ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है। क्रिसमस से पहले 40 दिन का उपवास होता है और मुख्य जश्न 6 जनवरी की रात को शुरू होता है।

## खबर संक्षेप

### तुर्की में मुठभेड़, छह आतंकवादी ढेर



**अंकारा।** तुर्की में पुलिस से मुठभेड़ में इस्लामिक स्टेट के छह आतंकवादी मारे गए। इस दौरान तीन पुलिसकर्मी भी मारे गए। तुर्की के गृहमंत्री ने यह जानकारी दी है। यह मुठभेड़ सोमवार को इस्तांबुल के दक्षिण में स्थित यालोवा प्रांत में उस समय हुई, जब पुलिस ने एक ऐसे घर में छापेमारी की जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस के आठ अन्य अधिकारी और एक गार्ड घायल हो गया।

### कार दुर्घटना में 2 भारतीय मूल की छात्राओ की मौत



**कैलिफोर्निया।** अमेरिका में शनिवार को एक सड़क हादसे में दो भारतीय मूल की छात्राओं की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। हादसा कैलिफोर्निया में हुआ। पीड़ितों की पहचान महबूबाबाद जिले के गरला मंडल की रहने वाली 25 साल की पुलखंडम मेघना रानी और मुल्कनूर गांव की 24 साल की कडियाला भावना के रूप में हुई है। दोनों तीन साल पहले मास्टर डिग्री की पढ़ाई के लिए अमेरिका गई थीं।

## एचआरसीबीएम की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# बांग्लादेश में हिंदू परिवार के 5 घरों में कट्टरपंथियों ने लगाई आग, लोग बाड़ काटकर जान बचा सके

एजेंसी ▶▶ ढाका

*ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटिज एचआरसीबीएम की रिपोर्ट के अनुसार जून से दिसंबर तक हिंदुओं के खिलाफ ईशनिंदा के 71 मामले सामने आए। पीरोजपुर के डुमरीताला गांव में एक हिंदू परिवार के पांच घर जलाए गए, जिसे अल्पसंख्यकों पर लक्षित हमला माना जा रहा है।*

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिराए जाने के बाद से ही अल्पसंख्यकों पर हमले लगातार बढ़ गए हैं। ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटिज एचआरसीबीएम की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि इस साल जून से दिसंबर कर बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा के आरोपों से जुड़ी कम से कम 71 घटनाएं सामने आई हैं।

मुस्लिम बहुल देश के पीरोजपुर जिले के डुमरीताला गांव में एक हिंदू परिवार के कम से कम पांच घरों को आग लगा दी गई, जिसे अल्पसंख्यकों पर एक टारगेटेड हमला माना जा रहा है।

स्थानीय अधिरकारियों के अनुसार, आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चला है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि हमलावरों ने कथित तौर पर एक कमरे में कपड़ा भरकर आग लगा दी, जिससे आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। वही स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

शेख हसीना सरकार गिरने के बाद अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े

एचआरसीबीएम रिपोर्ट: जून से दिसंबर तक 71 ईशनिंदा मामले

### आग लगने के बाद डरा हुआ है साहू परिवार


बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों को आग लगाते हुए कट्टरपंथी

मीडिया को मिली जानकार के मुताबिक, ढाका में साहू परिवार अभी भी डरा हुआ है। उन्होंने कैमरे के सामने आने से मना कर दिया और कहा कि उन्हें नहीं पता कि आग कैसे लग गई, पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि जब वे सुबह-सुबह आग लगने पर जागे, तो वे शुरू में अंदर फंस गए थे, क्योंकि दरवाजे बाहर से बंद थे। प्रभावित परिवारों के सभी आठ सदस्य बांस की बाड़ काटकर भागने में कामयाब रहे। हालांकि उस घर का पूरा सामान जलकर खाक हो गया और उनके पालतू जानवर भी मारे गए। यह घटना जिस जगह हुई वह राजधानी ढाका से लगभग 240 किमी दूर है।

### जून से दिसंबर तक हिंदू अल्पसंख्यकों पर 71 हमले

ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज एचआरसीबीएम ने एक रिपोर्ट में बताया कि इस साल जून से दिसंबर तक बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा के आरोपों से जुड़ी कम से कम 71 घटनाएं सामने आईं। एचआरसीबीएम ने चांदपुर, चट्टोग्राम, दिनाजपुर, लालमोनिरहाट, सुनामगंज, खुलना, कोमिला, गाजीपुर, टांगेल और सिलहट सहित 30 से ज्यादा जिलों के मामलों को डॉक्यूमेंट किया है।

### पुलिस ने 5 संदिग्धों को किया गिरफ्तार

*पीरोजपुर के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मंजूर अहमद सिद्दीकी ने आग लगने वाली जगह का दौरा किया और शिकायतकर्ताओं को आश्वासन दिया कि घटना की तुरंत जांच की जाएगी। स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जबकि जांच जारी रहने के साथ बाकी आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें स्थानीय लोग कई घरों में फैली भीषण आग को बुझाने की कोशिश करते दिख रहे हैं।*

## संघर्ष विराम को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई

# मध्यस्थता...या कूटनीति? चीन में मिले थाईलैंड और कंबोडिया के विदेश मंत्री


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच जारी तनाव के बीच दोनों देशों के विदेश मंत्री सोमवार को चीन के युन्नान प्रांत में चीन के विदेश मंत्री से मिले। दोनों देशों के संघर्ष में अब चीन मध्यस्थ की भूमिका में है और इसके जरिए चीन दुनिया की वैश्विक कूटनीति में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। चीन में थाईलैंड और कंबोडिया के विदेश मंत्रियों की मुलाकात, दोनों देशों के बीच ताजा संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद हो रही है। संघर्ष विराम के साथ ही दोनों देशों का संघर्ष फिलहाल थम गया है, जिसमें अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और सीमा के दोनों तरफ हजारों लोगों को विस्थापन झेलना पड़ा है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने थाईलैंड और कंबोडिया के विदेश मंत्रियों की बैठक बुलाई थी। चीनी विदेश मंत्री वांग ने बैठक के बाद कहा, युद्ध की आग को फिर से भड़कने देना निश्चित रूप से दोनों देशों के लोग नहीं चाहते हैं, और न ही चीन ऐसा देखना चाहता है। इसलिए, हमें दृढ़ता से आगे देखना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए।

कंबोडिया के विदेश मंत्री प्राक सोखोन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि नवीनतम संघर्ष विराम चलेगा और दोनों देशों के लिए अपने संबंधों पर काम करने और अपने मतभेदों को सुलझाने के लिए एक सकारात्मक माहौल बनेगा।

### चीन बढ़ा रहा राजनीतिक ताकत

*ये बैठकें चीन की एक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ के तौर पर अपनी भूमिका को मजबूत करने और खासकर, एशियाई क्षेत्रीय संकटों में अपने प्रभाव को बढ़ाने की ताजा कोशिशों को दिखाती हैं। जैसे-जैसे चीन बढ़ रहा है और क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर एक बड़ी आर्थिक और राजनीतिक ताकत बन रहा है, बीजिंग ने पिछले एक दशक से ज़्यादा समय से कूटनीतिक मामलों में तीसरे पक्ष के तौर पर अपनी आवाज बढ़ाने के लिए कई तरीकों से काम किया है।*

## पर्यटकों का उमड़ा सैलाब...


नव वर्ष से पहले अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के पास पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर पर्यटक सेल्फी लेते हुए नजर आए।

## बांग्लादेश की राजनीति में नई हलचल

# रहमान ने दाखिल किया नामांकन, ढाका 17 संसदीय सीट से लड़ सकते हैं चुनाव

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान की राजनीति में वापसी हो चुकी है। उन्होंने आगामी चुनावों के लिए ढाका-17 संसदीय सीट से नामांकन भर दिया है। उनका नामांकन पत्र सेगुनबागीचा स्थित ढाका डिविजनल कमिश्नर के कार्यालय में जमा किया गया। इस सीट की अहमियत इसकी जगह को लेकर है।

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन और जुलाई आंदोलन के बाद बदले राजनीतिक परिदृश्य के बीच देश एक बार फिर बड़े चुनावी दौर की ओर बढ़ रहा है। अंतरिम व्यवस्था और नोबेल



पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस की भूमिका के बीच अब 13वें जातीय संसद चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान की राजनीति में वापसी और उनके चुनाव लड़ने की औपचारिक प्रक्रिया ने देश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। 17 साल के लंबे स्व-निर्वासन के बाद हाल ही में स्वदेश लौटे बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान के नामांकन पत्र आगामी राष्ट्रीय चुनावों के लिए सोमवार को दाखिल कर दिए गए।

## भारत ने दी दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट स्टेज-2 को मंजूरी

# सिंधु जल समझौते पर एक और फैसले से बौखलाया पाक, भारत ने लगातार दिया दूसरा झटका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार के पर्यावरण विभाग की एक समिति ने चिनाब नदी पर दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के दूसरे चरण पर काम करने की मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट को लेकर 27 तारीख को ही मंजूरी मिली है और उधर पाकिस्तान को इससे मिर्ची लग गई है। पाकिस्तान की सांसद और पूर्व मंत्री शेरी रहमान ने इस पर सवाल उठाए हैं और बौखलाहट में भारत पानी को हथियार बनाने का आरोप लगाया है। रहमान ने कहा कि पानी को हथियार बनाना गलत है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

एक्स पर शेरी रहमान ने लिखा,



'ऐसा करना सिंधु जल समझौते का उल्लंघन है। भारत सरकार ने दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट स्टेज-2 को मंजूरी दी है। ऐसा करना गलत है। सिंधु जल समझौते के तहत कोई भी फैसला एकतरफा तौर पर नहीं लिया जा सकता। सिंधु जल समझौते के तहत पाकिस्तान का चिनाब, झेलम और सिंधु नदी के जल पर अधिकार है। वहीं भारत का अधिकार रावी, ब्यास और सतलुज पर है।

### सावलकोट प्रोजेक्ट के तहत भारत की तैयारी

बता दें कि भारत सरकार ने जिस दुलहस्ती प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है, उसके तहत 260 मेगावाट बिजली उत्पादन की तैयारी है। इससे पहले सावलकोट हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को भी इसी नदी पर बनाने की तैयारी है। इसकी क्षमता 1856 किलोवाट बताई जा रही है। दरअसल सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक आतंकी ठिकानों पर पाकिस्तान ऐक्शन नहीं लेगा, तब तक सिंधु जल समझौते को लेकर पाकिस्तान से कोई बात नहीं होगी। इसके अलावा समझौते को लागू भी नहीं किया जाएगा।

## नए साल से पहले पर्यटकों की संख्या में हुआ इजाफा

# पहलगाम में लौटी बहार, पर्यटकों के चेहरों पर आई खुशी

एजेंसी ▶▶ अनंतनाग

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए हमले के बाद जम्मू और कश्मीर के पर्यटन पर बड़ा प्रभाव पड़ा था। जिसके बाद से वहां के पर्यटकों की संख्या में कमी देखने को मिली थी।

कई महीनों के बाद पहलगाम एक बार फिर चारों ओर से सजा-संवरा और जीवंत नजर आ रहा है। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए पर्यटक घाटी की खूबसूरती का लुत्फ उठाते दिखाई दे रहे हैं। बाजारों में रौनक है, होटल गुलजार हैं और सड़कों पर पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। पर्यटकों का कहना है कि जब वे घर से निकले थे तो मन में यह आशंका थी कि शायद वे पहलगाम नहीं जाएंगे लेकिन यहां पहुंचकर उनका अनुभव पूरी तरह बदल गया। एक पर्यटक ने कहा, यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। पहलगाम की वादियां, मौसम और लोगों की मेहमाननवाजी दिल को छू जाती है।



पहलगाम में बहार

### वादी सैलानियों की पहली पसंद बनी

कई जगहों पर पर्यटक हिंदी नगमों पर झूमते और नाचते हुए नजर आ रहे हैं। स्थानीय कारोबारियों और पर्यटन से जुड़े लोगों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। पहलगाम में लौटी यह रौनक एक बार फिर साबित कर रही है कि शांति और भरोसे के साथ यह वादी सैलानियों की पहली पसंद बनी रह सकती है।

### पहले से अब अच्छा है माहौल-पर्यटक

एक अन्य पर्यटक ने बताया कि वे तीसरी बार पहलगाम आए हैं और अब पहले से माहौल ओर अच्छा हो गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग बहुत सपोर्टिव हैं और हर तरह से मदद कर रहे हैं। उनका बोलने का लहजा बहुत प्यारा है और नए साल को देखते हुए देश के अलग-अलग राज्यों से पर्यटक बर्फबारी का मजा लेने के लिए कश्मीर पहुंच रहे हैं और सुंदर वादियों के नजारों का लुफ्त भी उठा रहे हैं।

### पहलगाम हमले के बाद पर्यटन पर पड़ा था भारी प्रभाव

पहलगाम हमले के बाद जम्मू और कश्मीर के पर्यटन पर बड़ा प्रभाव पड़ा था। जम्मू और कश्मीर का मुख्य व्यवसाय ही पर्यटन है, यहां की दुकानों से लेकर होटल तक पर्यटकों के आने पर ही चलते हैं। ऑफ सीजन में स्थानीय लोगों की कमाई कम होती है, लेकिन बर्फबारी के सीजन में घाटी और स्थानीय लोगों के चेहरों पर अलग ही मुस्कान आ जाती है।

## बांग्लादेशी हिंदुओं की रक्षा की मांग कर रहे थे भारतीय

# फिर करतूत...लंदन में खालिस्तानियों का हुड़दंग, भारत विरोधी नारे लगाए

एजेंसी ▶▶ लंदन

लंदन स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर हिंदू समुदाय के एक प्रदर्शन में खालिस्तानी समर्थकों ने हुड़दंग मचाया। भारतीय और बांग्लादेशी हिंदू बांग्लादेश में बढ़ रहे हिंदुओं की मौत और हिंसा से जुड़े मामलों को लेकर 27 दिसंबर को प्रदर्शन कर रहे थे।

इसी बीच 'सिख फॉर जस्टिस' संगठन एसएफजे से जुड़े खालिस्तानी कार्यकर्ताओं ने वहां आकर भारत विरोधी नारे लगाए और खालिस्तानी झंडे लहराए। खालिस्तानियों के हाथ में पोस्टर थे, जिन पर 'शहीद निज्जर' शहीद हादी एसेसिनेशनंस बाय मोदी' लिखा



हुआ था। पोस्टर में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर पर माला चढ़ी हुई थी। खालिस्तानियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ धक्का-मुक्की की और भारत विरोधी नारे भी लगाए। उन्होंने भारत सरकार पर हादी को मारने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की रक्षा की मांग कर रहे थे। वे भारत से बॉर्डर खोलने की अपील कर रहे थे ताकि बांग्लादेशी हिंदू हिंसा से बचकर भारत आ सकें।

## एफआईआर के बाद घबराया उज्ज्वल पचौरी, 'यू-वी ऑनलाइन' पर ताला

# सबूत मिटाने की कोशिश नाकाम खंपरिया कनेक्शन से हड़कंप

हरिभूमि, जबलपुर।

अमित खंपरिया पर एफआईआर दर्ज होते ही कथित स्टाम्प और अनुबंध घोटाले से जुड़े नेटवर्क में अफरा-तफरी मच गई। आरोप है कि खंपरिया कांड की आंच पहुंचते ही उज्ज्वल पचौरी ने मदनमहल थाना क्षेत्र स्थित अपने 'यू-वी ऑनलाइन' सेंटर को आनन-फानन में बंद कर दिया। कार्यालय में पेंटिंग कराई गई, ताले डाले गए और साक्ष्य मिटाने की कोशिश हुई, लेकिन तब तक कई अहम सबूत सामने आ चुके थे।

### मैं सिर्फ स्टाम्प बेचता हूं दावे पर सवाल

उज्ज्वल पचौरी का दावा है कि वह केवल स्टाम्प बेचता था और स्टाम्प पर लिखे जाने वाले कंटेंट से उसका कोई लेना-देना नहीं। मगर स्थानीय लोगों के बयान इस दावे को झुठलाते हैं। उनका कहना है कि अमित खंपरिया का 'यू-वी ऑनलाइन' में नियमित आना-जाना था और यहां स्टाम्प बिक्री के साथ-साथ पार्टनरशिप डीड, एग्रीमेंट, अनुबंध पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किए जाते थे। कार्यालय से जुड़े फोटो और रिकॉर्ड इस गतिविधि की पुष्टि करते बताए जा रहे हैं।




### सरकारी जमीन पर अवैध कार्यालय का आरोप

मदनमहल थाने के पास सरकारी जमीन पर कब्जा कर यह कार्यालय संचालित किया जा रहा था। आरोप है कि यहीं से भोले-भाले निवेशकों को गुमराह कर अनुबंध तैयार किए गए और करोड़ों के लेन-देन की जमीन रखी गई। खंपरिया प्रकरण उजागर होते ही कार्यालय बंद कर उसे घर में शिफ्ट करने की कवायद भी चर्चा में है।

### निर्माण और नक्शे में गड़बड़ी

उज्ज्वल पचौरी और उसके सहयोगी बबेले द्वारा बनाए गए भवन पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। आरोप है कि रजिस्ट्री और नक्शा तो पास करा लिया गया, लेकिन जिस खसरे की जमीन दिखाई गई, वास्तविक निर्माण उस पर नहीं है। इसी तरह 'यू-वी ऑनलाइन' सेंटर भी सरकारी भूमि पर अवैध रूप से खड़ा बताया जा रहा है।

### पुराने आपराधिक आरोप फिर चर्चा में

उज्ज्वल पचौरी पर साइंस कॉलेज से जुड़े एक पुराने हत्या प्रकरण में नामजद होने का दावा भी फिर सामने आया है। इसके अलावा 100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित अनुबंध घोटाले, स्टाम्प के जरिए राजस्व चोरी और जमीन व टोल प्लाजा से जुड़े फर्जीवाड़ों की जांच की मांग तेज हो गई है।

### अब बोलेगा कानून

खंपरिया मामलों में जहां पहले से न्यायालय की निगरानी बताई जा रही है, वहीं अब कई एजेंसियां स्टाम्प और अनुबंधों के जरिए हुए करोड़ों के कथित घोटाले की परतें खोलने में जुट गई हैं। उज्ज्वल पचौरी चाहे खुद को "मासूम" बताए, लेकिन अब अंतिम फैसला जांच और कानून के हाथ में है—कि स्टाम्प सिर्फ बेचे गए या उनके सहारे बड़े खेल को अंजाम दिया गया।




## गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष पहल

# नारी तू नारायणी अभियान आज

**जबलपुर**। जिले में महिलाओं के सर्वांगीण विकास और मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 'नारी तू नारायणी' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 30 दिसम्बर को जिले के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगा। अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति का आकलन करने के लिए संपर्क एवं परामर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बाल विकास सेवा के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों पर एक दिवसीय घनिष्ठ संपर्क और काउंसलिंग सत्र में जिले की 11 हजार 359 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी संकलित की जाएगी तथा उन्हें आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस दौरान उच्च जोखिम श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान, दी जा रही सेवाओं का भौतिक सत्यापन, शासकीय योजनाओं से वंचित महिलाओं का चिन्हांकन, एनीमिया (खून की कमी) की स्थिति का आकलन और सुरक्षित प्रसव के लिए उपयुक्त संस्थाओं की पहचान व प्रारंभिक तैयारियां की जायेगी।

अभियान से अपेक्षित परिणामों में शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना, सेवाओं की ग्राह्यता का मूल्यांकन, आवश्यक सुधारात्मक कार्ययोजना तैयार करना तथा सुरक्षित प्रसव की अवधारणा को प्रभावी ढंग से लागू करना शामिल है। विभाग का उद्देश्य इस पहल के माध्यम से जिले की गर्भवती माताओं को बेहतर स्वास्थ्य और पोषण सेवाएं प्रदान करना है।

## राज्य सरकार से हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

# शासकीय नर्सिंग कॉलेजों में महिलाओं को दिया 100 प्रतिशत आरक्षण !



**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर आरोप लगाया गया है कि प्रदेश के शासकीय नर्सिंग कॉलेजों में असिस्टेंट, एसोसिएट प्रोफेसर व अन्य पदों पर महिलाओ को 100 प्रतिशत आरक्षण दे दिया गया है। मामले पर सोमवार को जस्टिस अमित सेठ तथा जस्टिस हिमांशु जोशी की अवकाशकालीन डिवीजन बेंच ने सरकार को अपना जवाब पेश करने के निर्देश दिए। मामले की सुनवाई 5 जनवरी को नियत की गई है।

जबलपुर निवासी नौशाद अली की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की ग्रुप-1 सब ग्रुप-2 संयुक्त भर्ती परीक्षा 2025 के विज्ञापन में असिस्टेंट प्रोफेसर तथा एसोसिएट प्रोफेसर सहित ट्यूटर के कुल 286 पदों पर महिला उम्मीदवारों को 100 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। प्रदेश के सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में 40 एसोसिएट प्रोफेसर, 28 असिस्टेंट प्रोफेसर और 218 सिस्टर ट्यूटर के पद भरे जाने हैं। इनमें पुरुष उम्मीदवारों को पूरी तरह बाहर कर दिया गया है। इसमें भर्ती नियम तथा इंडियन नेशनल काउंसिल के सभी मापदंड का उल्लंघन किया गया है। दलील दी गई कि लोक स्वास्थ्य कल्याण विभाग के द्वारा की जा रही भर्ती में संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 तथा भर्ती के नियमों की अनदेखी की जा रही है। यह भी कहा गया कि सरकार की ये भर्ती प्रक्रिया में सुप्रीम कोर्ट के इंद्रा साहनी मामले के 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा का उल्लंघन भी है।

## भवन निर्माण श्रमिक व संबल हेतु विशेष शिविर संपन्न

**जबलपुर**। जबलपुर नागरिक अधिकार मंच द्वारा स्थानीय बस्ती चंडालभाटा, डॉ. राममनोहर लोहिया वार्ड में भवन निर्माण मजदूरों एवं संबल कार्ड पंजीयन हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य श्रमिकों को शासकीय योजनाओं से जोड़ना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर के दौरान भवन निर्माण से संबंधित 34 आवेदन प्राप्त हुए तथा संबल कार्ड के लिए 16 लोगों के आवश्यक दस्तावेज जमा किए गए। इसके अतिरिक्त दो ई-श्रम कार्ड मौके पर ही ऑनलाइन बनाए गए, जिनका पंजीयन संस्था के माध्यम से पूर्ण किया जाएगा। आयोजन में संस्था के विकास खोबरागड़े, अंजलीना, शुभम चौधरी, गायत्री साहू, गोपाल चौधरी, विष्णु चौधरी, ललित चौधरी का विशेष सहयोग रहा।

## समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश

# हुई लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक



**जबलपुर**। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फील्ड स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। कलेक्टर श्री सिंह ने विभागवार लंबित पत्रों एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी मामलों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए।

बैठक में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर ने पराली प्रबंधन के तहत दर्ज एफआईआर एवं की गई कार्यवाहियों की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं, स्वरोजगार योजनाओं तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले की 25 गौशालाओं को शीघ्र फंक्शनल करने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वरोजगार मूलक योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।

स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की पहचान कर उनके स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही आउटसोर्स व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को समय पर नियमानुसार पारिश्रमिक उपलब्ध कराने के लिए संबंधित एजेंसियों की सतत निगरानी करने को कहा।

बैठक में भूमि आवंटन तथा एसआईआर के अंतर्गत जारी नोटिसों की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित समस्याओं पर चर्चा कर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि लाडली बहनों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से अनिवार्य रूप से लिंक किया जाए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## पत्रकारों से चर्चा में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- कांग्रेस में गुटबाजी बिल्कुल भी नहीं है

# कांग्रेस में हमेशा महिलाओं को सम्मान मिलता हैं

**जबलपुर**। सोमवार को नगर प्रवास पर पहुंची प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बोरासी ने यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए हाल ही में एक भाजपा नेत्री द्वारा नेत्रहीन महिला के साथ किए गए दुर्व्यवहार को निंदनीय बताते हुए कहा कि महिला के साथ इस तरह के शर्मनाक व्यवहार का समाचार मिलने के बाद मुझे जबलपुर आना ही था। इस घटना के खिलाफ पूर्व में ही महिला कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया है और यदि भाजपा नेत्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो जरुरत पड़ने पर प्रदेशभर में महिला कांग्रेस जमीन पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि भाजपा वास्तव में महिलाओं का सम्मान करती है तो उक्त भाजपा नेत्री को तत्काल पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाना चाहिए। कांग्रेस संगठन में महिलाओं की कम भागीदारी से संबंधित सवाल पर रीना बोरासी ने कहा कि महिलाओं की कम भागीदारी की बात सही नहीं है। वर्तमान में कांग्रेस संगठन ने महिला कार्यकर्ताओं की सदस्य संख्या 3 करोड़ से ऊपर हैं। कांग्रेस में हमेशा ही महिलाओं ने शीर्ष नेतृत्व किया हैं, उन्हें बराबर सम्मान मिलता हैं, यदि ऐसा न होता तो कम उम्र में ही प्रदेश महिला कांग्रेस की कमान मेरे (रीना बोरासी) हाथ में न होती। पार्टी में गुटबाजी के सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं हैं, ये मीडिया का बनाया हुआ शिगूफा है।

### पंचायत मंत्री ने अल्ट्रा मैराथन को दिखाई हरी झंडी

**जबलपुर**। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज सुबह रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर से अल्ट्रा मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सहयोग क्रीड़ा मंडल तथा मणिनागेंद्र सिंह फाउण्डेशन गोटेगांव के तत्वाधान में 70 किलोमीटर की यह मैराथन एक दौड़ देश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई, जो रादुविवि परिसर से नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में पहुंचकर संपन्न हुई। रादुविवि परिसर में मैराथन को रवाना करने से पूर्व मंत्री श्री पटेल ने धावकों पर अभिवादन कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव व अन्य अधिकारियों कर्मचारियों के साथ ही छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# मटर महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को परखने हुई बैठक

- 11 जनवरी को होगा मटर महोत्सव का आयोजन
- मटर से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता और बायर-सेलर मीटर होगी



**जबलपुर**। एक जिला एक उत्पाद के तहत जबलपुर जिले के चयनित मटर की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के उद्देश्य से आयोजित किये जा रहे मटर महोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में उद्योग संघों के पदाधिकारियों की आज सोमवार को बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई इस बैठक में बताया गया कि मटर महोत्सव में मटर से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता होगी तथा बायर-सेलर मीट का आयोजन किया जायेगा।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बैठक में मटर महोत्सव के आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा नागरिकों की भागीदारी इसमें सुनिश्चित हो सके। उन्होंने मटर से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता में भी आम नागरिकों की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में मटर महोत्सव के एक दिवसीय आयोजन के बाद 15 से 20 जनवरी तक जबलपुर के सभी होटल एवं रेस्टोरेंट में मटर से बने व्यंजन परोसे जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मटर महोत्सव में बायर-सेलर मीट के आयोजन के उद्देश्य के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया गया कि इसके माध्यम से यह जाना जा सकेगा कि जबलपुर में उत्पादित किस किस्म के मटर की बाहर अधिक मांग है, ताकि किसानों को उस किस्म का अधिक उत्पादन लेने के लिए प्रेरित किया जा सके। मटर महोत्सव का जिला प्रशासन द्वारा होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन, उद्योग विभाग, पर्यटन विकास निगम, जबलपुर स्मार्ट सिटी, एमपीआईडीसी, जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स, महाकौशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से आयोजन 11 जनवरी को तिलवारा रोड स्थित होटल रॉयल ऑर्बिट में किया जायेगा। बैठक में जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र में महाप्रबंधक विनीत रजक, उप संचालक उद्यानिकी डॉ. नेहा पटेल, महाकौशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि गुप्ता, जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के हिमांशु खरे तथा जबलपुर होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

## बिना रजिस्ट्रेशन संचालन पर होगी वैधानिक कार्रवाई

# निजी और शासकीय प्री-प्राइमरी व नर्सरी स्कूलों का पंजीयन अनिवार्य




**जबलपुर**। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 11 तथा राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा नीति 2013 के प्रावधानों के अनुसार सभी निजी एवं शासकीय शाला पूर्व शिक्षा केन्द्रों यथा प्री प्राइमरी एवं नर्सरी स्कूलों को संचालन के पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस बारे जानकारी देते हुये बताया कि बिना मान्यता अथवा मान्यता निरस्त होने के बाद शाला पूर्व शिक्षा केन्द्र का संचालन किये जाने पर दंड का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक निजी एवं शासकीय प्री प्राइमरी स्कूल संचालन हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के पोर्टल https://mpwcdmis.gov.in/PreSchool/PSE.aspx पर अनिवार्यतः पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। बिना पंजीयन के प्री प्राइमरी एवं नर्सरी स्कूलों के संचालित होने की स्थिति में वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## फौजी के घर से नगदी व लाखों के जेवरात चोरी

# सूने मकान को बनाया निशाना



**जबलपुर**। गोराबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलहरी इलाके में चोरों ने एक फौजी के सूने मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर घर का ताला तोड़कर भीतर घुसे और अलमारी के लॉकर से नगदी सहित लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोराबाजार थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिलहरी निवासी तपन कुमार राव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके बड़े भाई भारतीय सेना में पदस्थ हैं और तिलहरी स्थित चग्गर फार्म क्षेत्र में सपरिवार रहते हैं। कुछ दिनों से पूरा परिवार शहर से बाहर गया हुआ था, इसी दौरान घर सूना होने का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि बीती रात दो अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़ा और अंदर घुसकर अलमारी के लॉकर को निशाना बनाया। चोर वहां से करीब 8 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात समेट ले गए। सुबह जब पड़ोसियों की नजर मकान के टूटे हुए ताले पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना तपन कुमार को दी।

सूचना मिलने पर तपन मौके पर पहुंचे और घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ देखा। इसके बाद उन्होंने गोराबाजार थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और निरीक्षण कर फिंगरप्रिंट सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बताया कि चोरी की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसकी फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है।

# अटल जी ने देश की राजनीति में सुचिता की मिसाल दी : डॉ. अलका सिंह गुर्जर



**जबलपुर।** भाजपा के अटल स्मृति पर्व के अंतर्गत पूर्व विधानसभा में आयोजित विधानसभा सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय सचिव डॉ. अलका सिंह गुर्जर ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने देश की राजनीति में सुचिता, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों की मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि अटल जी ऐसे नेता थे जिन्हें न केवल भाजपा कार्यकर्ता बल्कि अन्य दलों के नेता और आमजन भी सम्मान के साथ स्मरण करते हैं।

यह सम्मेलन श्रीराम मैरिज गार्डन, आधारताल में डॉ. अलका सिंह गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्वनी परांजपे तथा पूर्व विधायक अंचल सोनकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. गुर्जर ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व सत्ता से बड़ा था और वे संवाद में उदार रहते हुए भी अपनी विचारधारा पर अडिग थे। सांसद श्री आशीष दुबे ने कहा कि अटल जी का संसदीय आचरण भारतीय लोकतंत्र के लिए एक आदर्श है। वहीं जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने अटल स्मृति पर्व के आयोजन की जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जबलपुर प्रवास के दौरान डॉ. अलका सिंह गुर्जर ने भंवरताल स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा त्रिपुर सुंदरी मंदिर में पूजन किया। उन्होंने भाजपा जबलपुर ग्रामीण के भेड़ाघाट मंडल की बैठक में भी भाग लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



# महाराष्ट्र शिक्षण मंडल का शताब्दी समारोह उल्लास के साथ संपन्न

**जबलपुर।** महाराष्ट्र शिक्षण मंडल, जबलपुर के शताब्दी वर्ष के त्रि-दिवसीय समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया। द्वितीय दिवस 28 दिसंबर 2025 की सायंकालीन बेला में मानस भवन, राइट टाउन में मुंबई एवं पुणे से आमंत्रित सुप्रसिद्ध कलाकार ऋषिकेश रानडे एवं मधुरा कुम्भार ने मराठी एवं हिंदी गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी।

समारोह के अंतिम दिवस 29 दिसंबर 2025 को प्रातःकालीन कार्यक्रम में मंडल के अंतर्गत संचालित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने महाभारत, पावनखिंड, वीर बाजीप्रभु देशपांडे के बलिदान तथा पंचमहाभूत जैसे विषयों पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अपरान्ह आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व विधायक शरद जैन की अध्यक्षता एवं विधायक लखन घनघोरिया के विशिष्ट आतिथ्य में पूर्व शिक्षकों, वरिष्ठ पूर्व छात्रों तथा विशेष उपलब्धियां प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय शिक्षकों एवं शिक्षण मंडल के सशक्त प्रबंधन को दिया। सायंकालीन कार्यक्रम में पुनः संगीत संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व व वर्तमान छात्र, शिक्षक एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के अंत में शिक्षण मंडल के सचिव प्रमोद पाठक ने आभार व्यक्त किया। त्रि-दिवसीय शताब्दी समारोह का समापन प्रीतिभोज के साथ हुआ।

## राष्ट्रीय निशानेबाज़ी चैम्पियनशिप में ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर का ऐतिहासिक प्रदर्शन



**जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के अंतर्गत भारतीय सेना के प्रतिष्ठित ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर ने 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाज़ी चैम्पियनशिप (एयर राइफल एवं एयर पिस्टल) में शानदार प्रदर्शन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एयर राइफल स्पर्धा में अग्निवीर कार्तिक एवं अग्निवीर विशाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनवरी–फरवरी 2026 में होने वाले अंतरराष्ट्रीय ट्रायल्स के लिए क्वालिफाई किया। वहीं एयर पिस्टल स्पर्धा में अग्निवीर सचिन ने रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर, जबलपुर में प्रशिक्षित किसी निशानेबाज़ द्वारा प्राप्त पहला राष्ट्रीय स्तर का पदक है। यह उपलब्धि ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर में दिए जा रहे उच्च स्तरीय सैन्य एवं खेल प्रशिक्षण, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता का प्रमाण है, जो रेजिमेंट को सैनिकों के साथ-साथ उभरते राष्ट्रीय खिलाड़ियों की कर्मभूमि के रूप में स्थापित करती है।

# नगर निगम की सख्त कार्रवाई बालाजी कंस्ट्रक्शन को नोटिस



**जबलपुर।** नगर निगम ने दादा बाबूराव परांजपे वार्ड, पोलीपाथर क्षेत्र में निर्माणाधीन 'समदड़िया बाजार' कृष्णा हाईट्स के पास बालाजी कंस्ट्रक्शन को कड़ा नोटिस जारी किया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर 27 दिसंबर 2025 को किए गए स्थल निरीक्षण में भवन अनुमति के विपरीत स्टील्ट पार्किंग की जगह दुकानों का निर्माण और नाले पर अवैध फिलिंग/रिटेनिंग वॉल बनाए जाने की अनियमितताएं पाई गईं।

नगर निगम ने पवन समदड़िया और प्रदीप कुमार मित्तल को निर्देश दिया है कि वे 3 दिनों के भीतर राजस्व विभाग के सीमांकन प्रपत्र, स्थल का वास्तविक मापचित्र और भवन स्वीकृति के मूल दस्तावेज कार्यालय में जमा करें। निर्धारित समय में दस्तावेज नहीं पेश किए जाने पर मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के तहत निर्माण को अवैध मानकर तोड़ने या अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि यह कदम पोलीपाथर और कृष्णा हाईट्स जैसे क्षेत्रों में नाले पर अतिक्रमण और संभावित जलभराव जैसी समस्याओं को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## निगम की सख्ती : अवैध निर्माण हटाने पर मजबूर हुए भवन स्वामी

**जबलपुर।** नगर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के कड़े निर्देशों के बाद शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ निगम प्रशासन ने सख्त कार्रवाई तेज कर दी है।



दयानंद सरस्वती वार्ड में नगर निगम की नोटिस मिलने के बाद भवन स्वामी इश्तहार हुसैन ने घंटाघर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर के सामने अपने निर्माण को स्वयं हटा लिया। बताया गया कि उन्होंने भवन मानचित्र की स्वीकृत शर्तों का उल्लंघन किया था, जिसे नोटिस के दबाव में हटाना पड़ा। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में कहीं भी बिना अनुमति या नक्शे के विपरीत निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भवन शाखा और अतिक्रमण दस्ते ने अन्य मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जों की पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कदम से अवैध निर्माण करने वालों में चेतावनी का संदेश गया है और निगम प्रशासन ने हिदायत दी है कि समय पर कार्रवाई नहीं करने पर बलपूर्वक निर्माण को तोड़ा जाएगा।

बिजली रेट बढ़ाने का मामला

# पूर्व की खारिज राशि वर्तमान घाटे में जोड़ने की याचिका आयोग ने विचारार्थ स्वीकृत क्यों की?

## यह भारत में पहला उदाहरण है

**जबलपुर।** बिजली के रेट बढ़ाने के सिलसिले में मध्यप्रदेश में घटी घटना भारत में पहला उदाहरण बन गई है। प्रदेश के बिजली कम्पनियों ने विद्युत नियामक आयोग के समक्ष 28 नवम्बर को दायर याचिका में वर्ष 2014-15 से 2022-23 के दरम्यान स्वयं नियामक आयोग ने 3451 करोड़ घाटे की राशि रद्द की, राशि को बिजली कम्पनियों ने वर्तमान के घाटे में जोड़कर कुल घाटा 6044 करोड़ बताया है।

नियामक आयोग ने 9 दिसम्बर को इस याचिका को विचारार्थ स्वीकृत किया तथा उस तथ्य की अनदेखी की कि उसने स्वयं 3451 करोड़ घाटे की राशि पूर्व में खारिज की है।

डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि जब किसी भी राशि की उपभोक्ताओं से वसूली का प्रस्ताव रद्द किया जाता है, तो उसे फिर से घाटा प्रस्ताव में नहीं जोड़ सकते। ऐसा कार्य विधिसंगत नहीं है। जब इस बावत सीजीएम. शैलेन्द्र सक्सेना से पूछा गया तब उन्होंने स्पष्ट किया है कि 3451 करोड की राशि वर्तमान घाटे में शामिल करने के निर्देश स्वयं नियामक आयोग ने दिये है।



### ऐसी याचिका विचारार्थ क्यों ली गई?

जनसंगठनों ने आज घंटाघर के पास प्रदर्शन कर बताया कि वास्तविकता में कानूनी रूप से सही नहीं होने की याचिका आयोग को विचारार्थ स्वीकारना नहीं था, किन्तु ऐसा करने से आयोग पर संदेह निर्मित हुआ है। प्रदर्शन में डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, टी.के. रायघटक, संतोष श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा, के.सी. सोनी, सुशीला कनौजिया, गीता पाण्डे, एड. घनश्याम सोनकर, राजेश गिदरोनिया, अशोक नामदेव, कुंवर सिंह, राजेश सेंगर, कैलाश पटेल, माया कुशवाहा, वंदना झारिया, कल्पना जोगेश्वर, डी.आर. लखेरा, नन्दलाल कोष्टा, दिलीप कुंटे, अर्जुन सिंह, यशवंत कोष्टा, निर्मला कुशवाहा, डी.के. चौरे, देवदास वैष्णव, इन्द्र कुमार कुशवाहा, अब्दुल रहमान, लखनलाल प्रजापति, जवाहर जायसवाल, शंकर ठाकुर, राममिलन शर्मा, आदि भारी संख्या में नागरिक शामिल थे।

## जीआरपी ने जब्त किया टैब, मोबाईल तथा अन्य सामान

# स्टेशन चैकिंग के दौरान पकड़ा गया शातिर बदमाश



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक (रेल) सिमाला प्रसाद जबलपुर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रेल) भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक (रेल) अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन में अपराधियों की धरपकड़ एवं अपराधों की रोकथाम हेतु विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में रेलवे स्टेशन जबलपुर में स्टेशन चैकिंग के दौरान आरोपी कमलेश कुशवाहा पिता रुपराम कुशवाहा उम्र 25 साल निवासी कोर्रा बुजुर्ग थाना कमासिन जिला बांदा (उ.प्र.) को संदिग्ध हालत में रेलवे स्टेशन जबलपुर के कटनी एण्ड से एक पिट्ठू बैग लिये पकड़ा गया। आरोपी कमलेश कुशवाहा ने पूछताछ करने पर बताया कि मैंने रेलवे स्टेशन जबलपुर में ट्रेन से एक यात्री का पिट्ठू बैग जिसमें रियलमी कंपनी का टैब, मोटोरोला कंपनी का मोबाईल, चार्जर तथा वन प्लस कंपनी का ब्लूटूथ, दो हाथ घड़ी, चश्मा, पाकेट पर्स के अंदर दो पेन ड्राईव तथा 290 रुपये नगदी कुल कीमती 71,033 रुपये का सामान रखा था जिसे चोरी करना स्वीकार किया। उक्त सामान थाना जीआरपी जबलपुर के अपराध क्र. 1053/25 धारा 305 (सी) बीएनएस के मामले के मशरूका से मिलान होना पाया गया। उक्त मशरूका को आरोपी कमलेश कुशवाहा के कब्जे से जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में जीआरपी थाना जबलपुर से एसएचओ संजीवनी राजपूत, प्रधान आरक्षक कैलाश बाथरे, आर. प्रमोद गुप्ता, ओमप्रकाश बघेल, राजकुमार मेहरा, हेमंत कुमार चक्रवर्ती, दीपक द्विवेदी, राजा जैन एवं आरपीएफ पोस्ट जबलपुर के आरक्षक हरिकेश दुबे, सूर्यनाथ यादव का उल्लेखनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों को नगद ईनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## संत रविदास कभी बुद्ध धर्म को मानते थे

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि मंच की बैठक 28 दिसम्बर को महिला प्रकोष्ठ की रामकली चौधरी के निवास पर संपन्न हुई, इस सभा के मुख्य अतिथि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी रहे, अध्यक्षता रामसिपाही सेठ ने की। अपने उद्बोधन में शारदा प्रसाद चौधरी ने कहा कि संत रविदास कभी बुद्ध धर्म मानते थे, जबलपुर जिले में संत रविदास जयंती सतनामी समाज मनाता आ रहा है, संत रविदास ने बुद्ध की भाषा को अपनाया और ज्ञान दिया। मंच द्वारा इस वर्ष भी रविदास जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। बैठक में धर्मेन्द्र सतनामी, मोहन लाल चौधरी, ब्रजलाल चौधरी, तुलसीराम चौधरी, मनोज कुमार, कंधीलाल, चंदाबाई, रामकली, रामबाई, सियाबाई, द्रोपदीबाई, मीना चौधरी, श्यामाबाई, सीता चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।



# गोसलपुर में बनेगा भव्य भगवान परशुराम धाम

**जबलपुर।** गोसलपुर सर्व ब्राह्मण सभा पिछले विगत 10 वर्षों से ब्राह्मण समाज को एक नई दिशा देने हेतु अथक प्रयास में लगा हुआ है उसी कड़ी को भगवान परशुराम के पूजन के पश्चात सुदामा कुटी, रामसागर तालाब के पास ट्रस्ट के प्रबंधक मोहित तिवारी की उपस्थिति में समाज की बैठक संपन्न हुई। गोसलपुर सर्व ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष महेश तिवारी ने बताया कि गोसलपुर एक ब्राह्मण नगरी है जहां पर परम पूज्य स्वामी व दत्त महाराज का पावन स्थान है, ऐसे पवित्र स्थान पर भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा अनावरण करने हेतु भूमि व्यवस्था की जा रही है, साथ ही भूमि प्राप्त हो जाने के पश्चात भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस पवित्र कार्य हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ब्राह्मण समाज की छोटी-छोटी समितियां गठित की जाएंगी एवं ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ भी समिति द्वारा गठित किया जाएगा। भगवान परशुराम की मूर्ति समाज के लिए शक्ति, न्याय, अनुशासन और धार्मिक एकता का प्रतीक है, जो लोगों को धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने, अन्याय का विरोध करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत के गौरव को बनाए रखने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर अध्यक्ष महेश तिवारी, उपाध्यक्ष भुवनेश तिवारी, सचिव रमेश चंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, एडवोकेट दीपक तिवारी, मोहित तिवारी, नितिन चौबे, संजीव तिवारी, केदार मिश्रा, जितेंद्र पांडे, इंद्र कुमार उपाध्याय, एडवोकेट राकेश पाठक, संजय ओझा आदि उपस्थित रहे।

### रविदास समाज की दो होनहार बेटियों के सम्मान में निकली रैली

**जबलपुर।** रविदास समाज की दो होनहार बेटियों द्वारा असम में आयोजित थांता नेशनल गेम्स में गोल्ड एवं कांस्य पदक अर्जित करने पर रविदास समाज ने स्वागत एवं सम्मान रैली 29 दिसम्बर को निकाली। बताया गया असम थांता एसो. द्वारा एक नेशनल खेल प्रतियोगिता असम के कामाख्या जिले के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में मार्शल आर्ट का आयोजन किया गया, जिसमें जबलपुर व रविदास समाज की निविता चौधरी ने गोल्ड पदक एवं परी जाटव ने कांस्य पदक जीतकर अपने परिवार व समाज का नाम रोशन किया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कमला बाई गुप्ता पति बाला प्रसाद गुप्ता निवासी खितौला सिहोरा तह. सिहोरा जिला जबलपुर ने न्यायालय तहसीलदार सिहोरा जिला जबलपुर द्वारा विक्रय पत्र के आधार पर एक संपत्ति मौजा खितौला प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. खितौला तह. सिहोरा के अंतर्गत खसरा नं. 342/4 कुल रकवा 0.024 है. मैं बना एक मकान जिसका रकवा 938 वर्गफुट को विक्रेता किसनलाल वल्द नन्हूलाल लोधी निवासी खितौला तह. सिहोरा जिला जबलपुर ने जरिये विक्रय पत्र के माध्यम से नामांतरण किये जाने का आवेदन मय प्रपत्रों सहित प्रस्तुत किया है अतः सभी आमजन को सूचित किया जाता है कि उक्त संपति के विरुद्ध किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति/दावा हो तो वह 7 दिवस के अन्दर न्यायालय तहसीलदार सिहोरा में अपनी आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे, नामांतरण उपरान्त उक्त आपत्ति/दावा मान्य नहीं रहेगा।

सिहोरा, जिला- जबलपुर
दिनांक 29/12/2025

समीर अग्निहोत्री (अधिवक्ता)
सिविल न्यायालय सिहोरा जिला जबलपुर
मो. 9425363289

## हसनी हुसैनी सोसाईटी ने की मानव सेवा के तहत ज़रूरतमंदों को स्वरोज़गार में सहायता



**जबलपुर।** सुल्तानुल हिन्द हज़रत ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी रहमतुल्लाह अलैह के उर्स मुबारक के अवसर पर हसनी हुसैनी सोसायटी, जबलपुर द्वारा मानव सेवा की एक सराहनीय मिसाल पेश की गई। सोसायटी द्वारा संचालित "हलाल खाओ, हलाल कमाओ" अभियान के अंतर्गत एक ज़रूरतमंद महिला एवं एक ज़रूरतमंद पुरुष को उनके परिवार के भरण-पोषण हेतु निःशुल्क रोज़गार सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर ज़रूरतमंद महिला को सिलाई मशीन तथा ज़रूरतमंद पुरुष को हाथ ठेला भेंट किया गया, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर ईमानदारी और सम्मान के साथ अपनी रोज़ी-रोटी कमा सकें। इस मौके पर सोसायटी के पदाधिकारियों ने दुआ की कि अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त इस ख़िदमत-ए-ख़ल्क़ को अपनी बारगाह में क़ुबूल फ़रमाए और सोसायटी से जुड़े तमाम भाइयों की रोज़ी में खूब बरकत अता करे। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और ज़रूरतमंद वर्ग को सशक्त बनाना ही इस अभियान का मूल उद्देश्य है। सोसायटी ने यह भी स्पष्ट किया कि मानव सेवा और ख़िदमत-ए-ख़ल्क़ का यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## भारत में बैंकिंग के रुझान और प्रगति पर रिपोर्ट जारी

# आरबीआई वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री रोकने व्यापक नियम जारी करेगा: रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि वह वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं की गलत बिक्री रोकने के लिए वित्तीय संस्थानों पर लागू होने वाले विज्ञापन, विपणन और बिक्री से संबंधित व्यापक नियम जारी करेगा। केंद्रीय बैंक की तरफ से जारी 'भारत में बैंकिंग के रुझान और प्रगति 2024-25 रिपोर्ट' में यह बात कही गयी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई ने कहा कि गलत वित्तीय उत्पादों की बिक्री के मामले ग्राहकों और पूरे वित्तीय क्षेत्र दोनों के लिए गंभीर परिणाम होते हैं। आरबीआई ने यह भी कहा कि वह ऋण की वसूली करने वाले एजेंटों और वसूली से जुड़े संचालन संबंधी मौजूदा निर्देशों की समीक्षा कर रहा है और उन्हें एकीकृत रूप में जारी करने का प्रस्ताव है।

### डिजिटल वित्तीय साक्षरता बढ़ाने पर जोर

डिजिटल एवं साइबर धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिए रिजर्व बैंक संबंधित मंत्रालयों और अन्य हितधारकों के साथ काम कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, विनियमित संस्थाओं को मजबूत आंतरिक नियंत्रण, सभी स्तरों पर शिकायत निवारण अधिकारी तैनात होने और डिजिटल वित्तीय साक्षरता बढ़ाने की दिशा में काम करने की जरूरत है।

**केंद्रीय बैंक विज्ञापन, विपणन व बिक्री पर जारी करेगा नियम**

**गलत वित्तीय उत्पादों की बिक्री से ग्राहक होते हैं प्रभावित**

**ऋण की वसूली करने वाले एजेंटों के निर्देशों की होगी समीक्षा**

### फर्जी खातों की पहचान के लिए 23 बैंकों में एआई

*रिजर्व बैंक ने हाल में दो प्रमुख डिजिटल पहल शुरू की हैं। संभावित फर्जी खातों की पहचान और प्रणालीगत सीख के लिए म्यूलहंटर.एआई को 23 बैंकों में लागू किया गया है। इसके अलावा एआई-आधारित मंच 'डिजिटल भुगतान आसूचना मंच (डीपीआईपी)' भी काम कर रहा है जो जोखिमपूर्ण लेनदेन को चिन्हित कर फर्जीवाड़े की रोकथाम में मदद करता है।*



### डिजिटल बैंकिंग लेनदेन में ग्राहक की सीमित जिम्मेदारी

*आरबीआई ने यह भी कहा कि अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहक की सीमित जिम्मेदारी संबंधी 2017 के निर्देशों की समीक्षा की जा रही है। यह कदम नए भुगतान चैनलों, डिजिटल लेनदेन की बढ़ती मात्रा और बदलते धोखाधड़ी प्रतिरूप को ध्यान में रखते हुए ग्राहक सुरक्षा को मजबूत करेगा।*

### धोखाधड़ी मामलों की कुल संख्या घटी

रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़े भी साझा किए गए हैं। इसके मुताबिक, रिपोर्ट किए गए धोखाधड़ी मामलों की कुल संख्या घट गई, लेकिन इसमें शामिल राशि बढ़ गई। आरबीआई ने कहा, /"इसका मुख्य कारण 122 मामलों की दोबारा जांच होनी थी जिनमें कुल 18,336 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी शामिल थी। उच्चतम न्यायालय के मार्च 2023 के निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित किया गया।/"


### कार्ड व इंटरनेट की धोखाधड़ी 67 फीसदी बढ़ी

विवरण के मुताबिक, कार्ड और इंटरनेट धोखाधड़ी की घटनाएं कुल मामलों का 66.8 प्रतिशत रहीं, जबकि राशि के हिसाब से ऋण से जुड़ी धोखाधड़ी 33.1 प्रतिशत रही। निजी क्षेत्र के बैंकों की कुल मामलों में 59.3 प्रतिशत हिस्सेदारी रही जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने धोखाधड़ी राशि में 70.7 प्रतिशत योगदान दिया। आरबीआई ने कहा कि इसकी नियामकीय एवं पर्यवेक्षण नीतियां आगे भी साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी रोकथाम, ग्राहक सुरक्षा, जलवायु जोखिम जागरूकता और वित्तीय स्थिरता पर केंद्रित रहेंगी।

# विदेशी निवेशकों की बिकवाली कम कारोबार से बाजार सुस्त

- सेंसेक्स में 346 और निफ्टी में 100 अंक की गिरावट
- तेल, गैस व आईटी शेयरों में रही बिकवाली

एजेंसी ⏭ मुंबई



तेल एवं गैस और आईटी शेयरों में बिकवाली, विदेशी पूंजी की निकासी और साल के अंत में कमजोर कारोबार होने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स 346 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी एक बार फिर 26,000 के स्तर के नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज करते हुए 345.91 अंक टूटकर 84,695.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 403.59 अंक गिरकर 84,637.86 अंक तक आ गया था। निफ्टी तीसरे दिन भी नुकसान में रहा और 100.20 अंक यानी 0.38 प्रतिशत फिसलकर 25,942.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में सर्वाधिक 2.22 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एचसीएल टेक में 1.86 प्रतिशत, पावर ग्रिड में 1.85 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.36 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में 1.26 प्रतिशत और भारती एयरटेल में 1.14 प्रतिशत की गिरावट रही।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "बाजार में आगे तेजी के लिए फिलहाल मजबूत कारण नहीं दिख रहे हैं। अधिकतर निवेशक छुट्टियों के मूड में हैं, जिससे निकट अवधि में बाजार के एक दायरे में ही रहने के संकेत मिलते हैं।" व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.58 प्रतिशत नुकसान में रहा।

**रिलायंस में रही नरमी** – बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी 0.88 प्रतिशत की नरमी रही। केजी-डी6 गैस विवाद में रिलायंस और उसकी साझेदार बीपी से सरकार द्वारा 300 अरब डॉलर का मुआवजा मांगे जाने की खबर है।

**टाटा स्टील के शेयरों में तेजी**– इसके विपरीत, टाटा स्टील के शेयरों में सर्वाधिक 1.83 प्रतिशत की तेजी रही। एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इटर्नल के शेयरों में भी बढ़त दर्ज की गई। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल बाजार में तेजी के लिए किसी ठोस संकेत का अभाव है।

**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
BLOCK NO.7 SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No: 0761 2702473 , 2702442 CIN: U40109MP2002SGC015120 email: cepurez@yahoo.in
No. CGM(S&P)/EZ/GM-II/III/2600 **ONLINE TENDER** Jabalpur, dtd: 19.12.2025
Online Tenders are invited for following items:-

| S. No. | TS No. (For e-Tendring Discom/EZ/Pur | NAME OF ITEMS | Approx. Value (Rs. in Lakhs) | Tender fee (in Rs) | Due date & times of Opening of Tender online from 11.00 Hrs (*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS-1642 (E-Tender No. 2025_PKVVC_467510_1) | 33KV Isolators | 60.39 | 2360 | 14.01.2026 |

For updated/ extended due dates for opening fo tender (EMD in Cover-1 & Techno-Commercial bin in cover -2) please refer to the online key dates. For other details visit Company website:- www.mpez.co.in or https://mptenders.gov.in
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रु 50,000 तक का इनाम CGM (S&P)

# रायगढ़ संयंत्र में जिंदल स्टील उत्पादन क्षमता बढ़ाएगा



**नई दिल्ली।** जिंदल स्टील ने रायगढ़ स्थित अपने संयंत्र में संरचनात्मक इस्पात की वार्षिक उत्पादन क्षमता को दोगुना करके 24 लाख टन तक पहुंचाने की विस्तार योजना की सोमवार को घोषणा की। नवीन जिंदल समूह की कंपनी ने बयान में " रायगढ़ स्थित अपने संयंत्र में संरचनात्मक इस्पात निर्माण क्षमताओं के महत्वपूर्ण विस्तार की घोषणा की। इसके तहत कंपनी 2028 के मध्य तक अपनी मौजूदा संरचनात्मक इस्पात उत्पादन क्षमता को 12 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से बढ़ाकर 24 लाख टन प्रति वर्ष कर देगी।'

# घरेलू विमानन उद्योग को 18,000 करोड़ रुपए घाटा होने का अनुमान

एजेंसी ⏭ मुंबई

घरेलू विमानन उद्योग को यात्रियों की संख्या में संभावित कमी और अन्य कारकों के कारण चालू वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 17,000-18,000 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा होने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह बात कही। इससे पहले, अनुमान लगाया गया था कि उद्योग को 2025-26 के दौरान 9,500-10,500 करोड़ रुपये का घाटा होगा। इक्रा ने इस वर्ष जून में एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना और इस महीने की शुरुआत में इंडिगो द्वारा हजारों उड़ानों के रद्द होने सहित कई कारकों के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू हवाई यात्री यातायात वृद्धि के अपने पूर्वानुमान को घटाकर शून्य से तीन प्रतिशत कर दिया है। जबकि पहले उसने चार से छह प्रतिशत का अनुमान लगाया था। इक्रा ने कहा कि यह संशोधन वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-नवंबर अवधि में उम्मीद से धीमी यातायात वृद्धि के कारण है जो सीमा पार तनाव बढ़ने से प्रभावित हुई थी। इससे कारण वर्ष के दौरान उड़ानें बाधित और रद्द हुईं। साथ ही जून में हुई (एयर इंडिया) विमान दुर्घटना त्रासदी ने यात्री कुछ समय के लिए ही सही लेकिन यात्रा करने में संकोच करते नजर आए।

**कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)**
क्र./152/स्टेशनरी शाखा/2025-26 **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी दिनांक 5/12/2025
निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से आन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निर्विदा का विस्तृत विवरण व शर्तें वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | सामग्री का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_468506_1 | विभिन्न प्रकार की स्टेशनरी प्रिंटिंग का कार्य | (कायार्देश दिनांक से एक वर्ष हेतु) (10 लाख रू.) | 2000.00<br>10000.00 | 23/01/26 |

नोट– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिक निगम कटनी

# चार कंपनियों को सेबी से आईपीओ लाने की मंजूरी

- नैक पैकेजिंग, शिवालय कंस्ट्रक्शन लाएगी निर्गम
- कुल मिलाकर 1,400 करोड़ से अधिक जुटाने की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



नैक पैकेजिंग और शिवालय कंस्ट्रक्शन सहित कुल चार कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक के आंकड़ों के अनुसार इनसे कुल मिलाकर 1,400 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की उम्मीद है। अन्य कंपनियां जिनको नियामकीय मंजूरी मिली हैं, वे टाइल्स और बाथरूम में उपयोग होने वाले सामान बनाने वाली वारमोरा ग्रैनिटो और बिहारी लाल इंजीनियरिंग हैं। इन चारों कंपनियों ने अगस्त से सितंबर के बीच अपने शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए थे और इन्हें 15 से 26 दिसंबर के बीच सेबी की ओर से टिप्पणियां मिलीं।

*वारमोरा 400 करोड़ का लाएगी निर्गम : सेबी के पास जमा दस्तावेज के अनुसार, वारमोरा ग्रैनिटो के प्रस्तावित आईपीओ में 400 करोड़ रुपये के नए निर्गम और प्रवर्तकों तथा निवेशक कस्तूरा इन्वेस्टमेंट्स द्वारा 5.24 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। बिहारी लाल इंजीनियरिंग के आईपीओ में 110 करोड़ रुपये के नए निर्गम और प्रवर्तकों तथा निवेशक शेयरधारक एसजी टेक इंजीनियरिंग द्वारा 78.54 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश है।*

**कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, नरसिंहपुर (म.प्र.)**
क्रमांक/2376/जि.शि.के./विज्ञप्ति/2025-26 नरसिंहपुर, दिनांक 26/12/2025
**विज्ञप्ति**
पुराने बीटीआई भवन में स्थापित कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, नरसिंहपुर भवन के छप्पर खपरे एवं घरिया एवं जिला प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नरसिंहपुर प्रशिक्षण हॉल के छप्पर खपरे एवं घरिया की खुली नीलामी की जाना हैं। इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 07/01/2026 दिन बुधवार को दोपहर 2.00 बजे कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर में उपस्थित होकर धरोहर राशि 5000/- जमा कर नीलामी (बोली) में अपनी सहभागिता दे सकते हैं।
जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर
G-23503/25

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मैकेनिकल खण्ड छुई खदान, बेदीनगर जबलपुर**
Phone- 0761- 2977337 E-mail-eephmecjb@yahoo.com
निविदा क्र. 34 से 40/2025-26/ तक./का.यं. / लो.स्वा.यां. मैके खण्ड/जबलपुर जबलपुर दिनांक 26.12.2025
**ऑन लाईन द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**
मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा निम्नानुसार प्रतिष्ठित फर्मों / एजेन्सी / व्यक्ति से ऑन-लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। जिसका अवलोकन http://www.mptender.gov.in वेबसाईट में किया जा सकता है।

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | पोर्टल निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रुपए में) | प्रतिभूति राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं निविदा दर डालने की प्रारंभिक तिथि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 35/ 2025-26 | 2025-PHED-470924-1 | उपखण्ड डिण्डौरी हेतु बुलेरो निरीक्षण वाहन(द्वितीय आमंत्रण) | 2,70,000 | 5,400 | 2000 | 26.12.2025 | 09.01.2026 |
| 2 | 36/ 2025-26 | 2025-PHED-470925-1 | उपखण्ड छिन्दवाड़ा हेतु बुलेरो निरीक्षण वाहन | 2,94,816 | 5,896 | 2000 | 26.12.2025 | 09.01.2026 |
| 3 | 37/ 2025-26 | 2025-PHED-470931-1 | खण्ड जबलपुर हेतु स्कोर्पियो/ बुलेरो निरीक्षण वाहन | 3,07,000 | 6,144 | 2000 | 26.12.2025 | 09.01.2026 |
| 4 | 38/ 2025-26 | 2025-PHED-470932-1 | उपखण्ड जबलपुर हेतु बुलेरो निरीक्षण वाहन | 3,04,500 | 6,090 | 2000 | 26.12.2025 | 09.01.2026 |
| 5 | 39/ 2025-26 | 2025-PHED-470933-1 | उपखण्ड नरसिंहपुर हेतु बुलेरो निरीक्षण वाहन | 2,76,000 | 5,520 | 2000 | 26.12.2025 | 09.01.2026 |
| 6 | 40/ 2025-26 | 2025-PHED-470934-1 | उपखण्ड मण्डला हेतु बैन्टोनाईट पाऊडर उपलब्ध कराने | 85,000 | 1,700 | 1000 | 26.12.2025 | 09.01.2026 |

नोट :-निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होता है तो केवल ऑन-लाईन किया जायेगा, समाचार पत्रों मे नही होगा।
(एस.के.कुरील)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड, जबलपुर
G-23514/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

# आयातित तांबा उत्पादों को गुणवत्ता नियंत्रण आदेश से 1 वर्ष की छूट मिली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- उद्योग की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उठाया गया
- छूट केवल वास्तविक उपयोगकर्ता होने की शर्त पर ही मान्य

केंद्र सरकार ने कुछ आयातित तांबा उत्पादों को तांबा उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2024 से एक वर्ष के लिए छूट देने का निर्णय लिया है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई।

यह कदम विशेष उपयोग के लिए उत्पादों के आयात में सुविधा प्रदान करने और उद्योग की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उठाया गया है। हालांकि छूट केवल वास्तविक उपयोगकर्ता होने की शर्त पर ही मान्य होगी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने उद्योग संगठनों से मिले अनुरोधों और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के साथ परामर्श के आधार पर यह फैसला किया है। विभाग ने कहा, /"आयातकों को छूट के तहत बीआईएस को सात दिन के भीतर ईमेल के जरिये संबंधित उत्पादों का विवरण भेजना होगा और साथ ही तिमाही रिकॉर्ड बनाए रखना भी अनिवार्य होगा।/" इसके अलावा, आयातकों को स्वदेशीकरण की योजना केंद्र सरकार के सामने पेश करनी होगी। छूट केवल विशेष उपयोग और वास्तविक उपयोगकर्ता की शर्त पर मान्य होगी।

### छूट पाने वाले उत्पादों में यह शामिल

इस आदेश के तहत छूट पाने वाले उत्पादों में ऑक्सीजन-मुक्त तांबे की छड़, पट्टी और चादर, चांदी मिश्रित ऑक्सीजन-मुक्त तांबा, ऑक्सीजन से मुक्त तांबा की पट्टियां और तांबे के मिश्र धातु की पट्टियां शामिल हैं। सरकार ने कहा है कि यह कदम उद्योग को आवश्यक तांबे उत्पादों के आयात में सुविधा देने के साथ गुणवत्ता मानकों की निगरानी सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को बनाए रखने के प्रयास का हिस्सा है।

### रुपया आठ पैसे टूटकर 89.98 प्रति डॉलर बंद

**मुंबई।** विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को आठ पैसे टूटकर 89.98 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की ओर से निरंतर पूंजी निकासी और आयातकों की डॉलर की बढ़ती मांग ने निवेशकों के विश्वास को कमजोर किया है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**सुधारना**
इस समाचार पत्र के दिनांक 16.12.2025 के अंक में प्रकाशित यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (YTSK) की अधिसूचना क्र.: NGP/COM/YTSK/Tender में निविदाएँ खोलने की तिथि को सुधारित रूप में दिनांक 16.01.2026 ऐसा पढ़ा जाए। मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग सिवनी**
email - eeresseoni@rediffmail
क्रमांक 2041/निविदा/ग्रा.या.से./2025-26, सिवनी, दिनांक 23/12/2025
संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना कमांक 06/ई.टेण्डरिंग/ग्रायासे./2025-26 दिनांक 23/12/2025 (प्रथम आमंत्रण)
निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदाएं केन्द्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो एवं ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।
निर्माण कार्य :- पी. एम. श्री योजनांतर्गत स्वीकृत निम्नांकित 14 निर्माण कार्य एवं 9 फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी लेब में विद्युतीकरण कार्य हेतु (लोक निर्माण विभाग के 01.01.2024 के विद्युत एस. ओ. आर. एवं समस्त अद्यतन संशोधन के अनुसार) (प्रथम आमंत्रण)

| क्र. | सिस्टम टेण्डर आई. ड़ी | कार्य | जिला | निविदा की अनुमानित लागत (लाख में) | पूर्णता की समयावधि (माह एवं आमंत्रण क्रम | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_RES_470143_1 | 1. शास. मा. शाला बोथिया में प्री-प्राईमरी हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.- केवलारी 2. शास. हाई स्कूल देवगांव में प्री-प्राईमरी हेतु अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.- छ्पारा 3. शास. हा. से. स्कूल कन्या घंसौर में प्री-प्राईमरी हेतु अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.- घंसौर 4. शास. हा. से. स्कूल कन्या लखनादौन में प्री-प्राईमरी हेतु अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.- लखनादौन 5. शास. हा. से. स्कूल आदेगांव में अटल टिंकरिंग लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.- लखनादौन 6. शास. हा. से. स्कूल भोमा में अटल टिंकरिंग लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं. - सिवनी 7. शास. हा. से. स्कूल कन्या घंसौर में अटल टिंकरिंग लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.- घंसौर 8. शास. हा. से. स्कूल बादलपार में अटल टिंकरिंग लेब हेतु सिवनी अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.- कुरई, 9. शास. हा. से. स्कूल गोरखपुर में अटल टिंकरिंग लेब हेतु अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.- घंसौर 10. शास. हाई स्कूल बम्होड़ी में कम्प्यूटर कक्ष हेतु अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.- बरघाट 11. शास. हाई स्कूल धोबीसर्रा में कम्प्यूटर कक्ष हेतु अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.- कुरई 12. शास. हा. से. स्कूल धनककड़ी में कम्प्यूटर कक्ष हेतु अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.-लखनादौन 13. शास. मा. शाला बंडोल में कम्प्यूटर कक्ष हेतु अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.-लखनादौन 14. शास. हाई स्कूल झितर्रा में कम्प्यूटर कक्ष हेतु हेतु अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य, वि.खं.- केवलारी, जिला - सिवनी | सिवनी | 12.94 | 60 दिवस प्रथम आमंत्रण | केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था के अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों एवं म.प्र. अनुज्ञापन मण्डल (विद्युत) विनियम में प्रदत्त अनुज्ञप्ति की "अ" श्रेणी एवं "ब" श्रेणी के क्षेत्रानुसार अनुज्ञात लायसेंस-धार |
| | 2025_RES_470145_1 | शास. हा. से. स्कूल बखारी में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी लेब वि.खं.-सिवनी, शास. हा. से. स्कूल चमारीखुर्द में फिजिक्स केमिस्ट्री, बायोलॉजी लेब वि.खं.- छ्पारा, एवं शास. हा..से. स्कूल बेगरवानी में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी लेब वि.खं.- धनौरा जिला - सिवनी में विद्युतीकरण कार्य | सिवनी | 12.18 | 60 दिवस प्रथम आमंत्रण | |
| | | | कुल | 25,12,000.00 रूपये | | |
| | | | कुल:- पच्चीस लाख बारह हजार रूपये मात्र | | | |

1. उल्लेखित कार्यो की निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाईड http://www.mptenders.gov.in पर देखा सकता है। 2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन कय करने हेतु प्रारंभ का समय प्रात: 10.35 बजे दिनांक 31/12/2025 से अंतिम समय शाम 05.30 बजे तक दिनांक 12/01/2026 तक निर्धारित है। 3. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर न्यूज पेपर में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। निविदा में किया गया संशोधन वेबसाईड एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।
कार्यपालन यंत्री
G-23481/25 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, (2) संभाग - सिवनी

**कार्यालय अधीक्षक नेताजी सुभाषचंद्र बोस, केन्द्रीय जेल, जबलपुर (म. प्र.)**
jscjbp@mp.gov.in Fax No - 0761-2621752 Ph. No - 0761-2620016
**प्रथम वार्षिक ई-निविदा सूचना वर्ष-2026-27**
नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल, जबलपुर एवं सर्किल के अंतर्गत आने वाली जेलों (जिला जेल कटनी / मण्डला / डिण्डौरी / सब जेल सिहोरा / पाटन) में मध्यप्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 के अंतर्गत खण्ड - 1. खाद्यान्न सामग्री, खण्ड -2. सब्जी एवं फल, खण्ड-3. चारा एवं मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत खण्ड-4. दवाइयाँ, चिकित्सा उपकरण, लैब सामग्री एवं चिकित्सीय जॉच, खण्ड-5. स्वच्छता सामग्री, खण्ड- 6. विद्युत सामग्री, 7. अन्य सामग्री, खण्ड - 8. भवन निर्माण एवं जल सामग्री, एवं खण्ड - 9. स्टेशनरी सामग्री के क्रय हेतु प्रथम वार्षिक निविदाएं ई-टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | प्री-बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 06.01.2026 को समय प्रात: 11:00 बजे | संबधित जेल अधीक्षक कार्यालय में जिस हेतु निविदा प्रस्तुत की गई है |
| 02 | ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु 500/- रुपए तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000 /- रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056 - 800 अन्य प्राप्तियों में जमा किया जाएगा। | दिनॉक 19.01.2026 को सायंकाल 05:30 बजे तक | https://mptenders.gov.in |
| 03 | नमूने जमा करने की तिथि | दिनॉक 19.01.2026 को सायंकाल 05:30 बजे तक | संबधित जेल अधीक्षक कार्यालय में जिस हेतु निविदा प्रस्तुत की गई है |
| 04 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | दिनॉक 21.01.2026 को दोपहर 11:00 बजे से | ------"---------- |
| 05 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनॉक 27.01.2026 को दोपहर 11:00 बजे से | ------"---------- |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेवसाईट https://mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेवसाईट पर ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।
जेल अधीक्षक
G-23500/25 "स्वच्छता ही सेवा" नेताजी सुभाषचंद्र बोस, केन्द्रीय जेल, जबलपुर

## चिंतन

# सुदर्शनचक्र के साथ आधुनिक हथियारों पर भी फोकस जरूरी

भारत अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ा रहा है और लगातार आधुनिक हथियार, सेना, वायुसेना और नौसेना में शामिल कर रहा है। हाल ही में कई हथियारों के सफल परीक्षण भी किए गए हैं। इनमें गोपनीय पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का सफल परीक्षण किया। दरअसल, यह परीक्षण परमाणु-सक्षम के-4 मिसाइल का था। यह अरिहंत-क्लास पनडुब्बी से लॉन्च की गई। इससे पहले आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का भी सफल परीक्षण कर दुनिया को चौंका दिया। यह एक अभेद्य सुरक्षा कवच है। अब वायुसेना ने एस-400 की पहली तस्वीर जारी कर इसे दिशा 2026 कैलेंडर में शामिल किया है। जो भारत की एयर डिफेंस क्षमता के बारे में बताती है। इसे एयर डिफेंस आर्किटेक्चर में एक नए युग की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। एस-400 को सुदर्शनचक्र के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसा सिस्टम है, जिसने हवाई खतरों को बेअसर करने की क्षमता और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान साबित परफॉर्मेंस से भारत के एयर डिफेंस में एक बड़ा बदलाव किया है। यह एयर डिफेंस सिस्टम एक अहम पड़ाव बनकर उभरा है। एस-400 सुदर्शन के शामिल होने से वायु सेना ने अपनी निवारक क्षमता, प्रतिक्रिया समय और हवाई क्षेत्र पर दबदबे को काफी बढ़ाया है, जिससे भारत की समग्र एकीकृत वायु रक्षा संरचना और राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे को मजबूती मिली है। बता दें कि एस-400 सुदर्शन को फाइटर जेट यूएवी क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल जैसे कई तरह के हवाई खतरों को लंबी दूरी से पता लगाने और ट्रैक करने के साथ-साथ खत्म करने के लिए डिजाइन किया गया है। अपनी मल्टी-लेयर्ड एंगेजमेंट क्षमता और हाई-प्रिसिशन टारगेटिंग के कारण इस सिस्टम को दुनिया के सबसे ताकतवर एयर डिफेंस प्लेटफॉर्म में से एक माना जाता है। इतना सब होने के बावजूद भी भारत और अब और आधुनिक हथियारों को अपने सैन्य बेड़े में शामिल करना होगा। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि आजकल छोटे ड्रोन, लोइटरिंग म्यूनिशन, ऑटोनॉमस ग्राउंड व्हीकल और रोबोटिक सिस्टम युद्ध को नाटकीय रूप से बदल रहे हैं। इसलिए ऐसे हथियारों पर भी जोर देना होगा। भारत ने भले ही ब्रह्मोस, राफेल और एस-400 जैसे हथियारों से मई के युद्ध में पाकिस्तान को चारों खाने चित कर दिया हो, लेकिन अगले युद्ध में उसे धूल में मिलाने के लिए इजराइल, ईरान और यूक्रेन वाली स्ट्रैटजी पर काम करना होगा। अब स्मार्ट प्लेटफॉर्म युद्ध को तेजी से बदल सकते हैं। जैसे यूक्रेन ने ड्रोन स्वार्म से रूस के करीब एक दर्जन बॉम्बर और फाइटर जेट को उड़ाकर पूरी दुनिया को चौंका दिया था। वहीं, इजराइल ने भी ईरान के अंदर ऐसे ही हमले कर दुश्मनों को ध्वस्त किया। अब कुछ हजार डॉलर के हथियार लाखों डॉलर के महंगे प्लेटफॉर्म को तबाह करने की क्षमता रखते हैं। इसीलिए भारत के लिए युद्ध के इस बदलते मॉडल के मुताबिक ढलना जरूरी है। यूक्रेन, गाजा युद्ध, रेड सी और नागोर्नो-कराबाख जैसे संघर्ष क्षेत्रों से साफ है कि युद्ध में महंगे हथियारों की तुलना में सस्ते हथियारों का प्रभाव काफी बढ़ चुका है। पिछले दशक में लड़ाकू विमान, टैंक, युद्धपोत और मिसाइल डिफेंस सिस्टम युद्ध के मैदान में बाजी पलट देते थे। हालांकि ये आज भी जरूरी हैं, लेकिन निर्णायक नहीं हैं। इसलिए सस्ते ड्रोन पर भी फोकस करना जरूरी है।



उम्मीद
सतीश सिंह

**नवंबर में चीन को किए गए निर्यात में 90% की वृद्धि हुई और यह 2.2 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। भारत चीन को मुख्य तौर पर पेट्रोलियम, इलेक्ट्रॉनिक्स और समुद्री उत्पादों का निर्यात करता है। इस अवधि में पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई और यह 121.25% वृद्धि के साथ 1.62 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद 158.95% बढ़कर 1.35 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया। समुद्री उत्पादों का निर्यात 19% बढ़कर 0.85 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। खली, माइका, कोयला व अन्य जिंसों के साथ कुल निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। ये सब उम्मीद जगाते हैं कि अगले साल भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी।**

# नए साल में भी मजबूत रहेगी अर्थव्यवस्था

अप्रैल से नवंबर महीने के दौरान भारत से चीन को किया जाने वाला निर्यात लगभग एक तिहाई बढ़कर 12.22 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। चीन के साथ कारोबार में हालिया बढ़ोतरी का सबसे महत्वपूर्ण कारण अमेरिका द्वारा भारत पर 50% टैरिफ लगाना है। अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने के बाद से भारत दूसरे देशों के साथ कारोबारी संबंध बनाने की लगातार कोशिश कर रहा है और चीन को किए जाने वाले निर्यात में वृद्धि इसी प्रयास का परिणाम है। वैसे, चीन के अलावा, भारत दूसरे देशों जैसे यूएई, यूरोपियन यूनियन के देशों ओमान, न्यूजीलैंड आदि देशों के साथ भी कारोबार को लगातार बढ़ाने के लिए कोशिश कर रहा है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को लगातार मजबूती मिल रही है।

नवंबर में चीन को किए गए निर्यात में 90% की वृद्धि हुई और यह 2.2 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। भारत चीन को मुख्य तौर पर पेट्रोलियम, इलेक्ट्रॉनिक्स और समुद्री उत्पादों का निर्यात करता है। इस अवधि में पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई और यह 121.25% वृद्धि के साथ 1.62 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद 158.95% बढ़कर 1.35 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया। समुद्री उत्पादों का निर्यात 19% बढ़कर 0.85 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। मामले में खली, माइका, कोयला व अन्य जिंसों ने भी चीन के साथ कुल निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

चीन को किए जाने वाले निर्यात में वृद्धि का साफ़ अर्थ है कि चीन का अमेरिका के साथ कारोबार फीका पड़ रहा है और भारत के साथ कारोबारी संबंध बेहतर हो रहा है। वर्ष 2017 में चीन द्वारा अमेरिका को किया गया निर्यात उसके कुल निर्यात का 19% था, जो इस साल के नवंबर महीने तक घटकर 10% रह गया। इसी तरह, अमेरिका का चीन से आयात 2017 में 20% था, जो नवंबर महीने में घटकर अब 9% रह गया।

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल द्वारा हाल में जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट सूचकांक दिसंबर में घटकर 58.9 के स्तर पर आ गया, जो नवंबर में 59.7 के स्तर पर था। यह फरवरी महीने के बाद से सबसे धीमी रफ्तार है। यह सूचकांक भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के महीने-दर-महीने प्रदर्शन में होने वाले बदलाव को दर्शाता है। 50 से ऊपर का आंकड़ा आर्थिक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का स्तर गिरावट को बताता है। वहीं, 50 का स्तर कोई बदलाव नहीं दर्शाता है। इस सूचकांक में विस्तार की स्थिति दिसंबर महीने में थोड़ी कम रही। बावजूद इसके, इस महीने निर्यात की मांग ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, जर्मनी, मिडिल ईस्ट, श्रीलंका, ब्रिटेन आदि देशों से तेज हुई और यह 3 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गई। विनिर्माण क्षेत्र में विगत 2 वर्षों में सबसे धीमी वृद्धि दर्ज हुई और इस क्षेत्र में न्यून संख्या में रोजगार सृजित हुआ, जबकि सेवा क्षेत्र में कोई रोजगार सृजन नहीं हुआ।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर नवंबर में -0.32% रही,



जबकि अक्टूबर महीने में यह 27 माह के निचले स्तर -1.21% पर रही। अवस्फीति में आई नरमी की वजह से थोक महंगाई दर में उल्लेखनीय नरमी आई। हालांकि, खुदरा महंगाई दर नवंबर महीने में अक्टूबर के रिकॉर्ड निचले स्तर 0.25%से बढ़कर 0.71% के स्तर पर पहुंच गई थी।

अवस्फीतिकी स्थिति में वस्तुओं और सेवाओं की कीमत कम हो जाती है और पैसे की कीमत बढ़ जाती है। अर्थात जिस राशि पर जो सामान खरीदी जा रही रही है। अवस्फीति के कारण उसी राशि में उससे ज्यादा सामान खरीदा जाता है। वहीं, मुद्रास्फीति या महंगाई, अवस्फीति की विपरीत अवस्था है। मुद्रास्फीति विकास के मार्ग सबसे बड़ा अवरोधक है। इसलिए, सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक इसे लेकर हमेशा सचेत रहते हैं। महंगाई कम रहने की वजह से ही रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी से अब तक 4 बार में रेपो दर में कुल 1.25% की कटौती की, जिससे बैंक ऋण ब्याज दर में कमी आई, जिससे आम लोगों की बचत में इजाफा और उपभोग में वृद्धि हो रही है। साथ ही, आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि हो रही है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती की राह पर है और आने वाले साल में भी यह रफ्तार बनी रह सकती है।

सितंबर महीने में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तार्किक और समीचीन बनाने के बाद खपत में बढ़ोतरी देखी जा रही है और माना जा रहा है कि इसका प्रभाव आने वाली कुछ तिमाहियों तक जारी रहेगी। इसी वजह से विविध उत्पादों की मांग पहले के मुक़ाबले बढ़ रहीहै. इस संदर्भ में,ग्रामीण क्षेत्र,शहरी क्षेत्र से आगे है, लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही शहरी क्षेत्र में उत्पादों की मांग में तेजी आयेगी, क्योंकि शहरी क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों पर और घूमने पर ज्यादा खर्च किया जाता है। चूँकि,5 प्रतिशत जीएसटी दरअधिकांशतः दैनिक उपभोक्ता वस्तुओं (एफएमसीजी) पर आरोपित किया गया है, जिससे लोग बचत कर पा रहे हैं। साथ ही, उनके द्वारा किए जाने वाले खर्च में भी बढ़ोतरी हो रही है।


देश की अर्थव्यवस्था के लगातार मजबूत बने रहने के कारण अन्तर्रष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष में भारत के विकास दर के 6.6% रहने का अनुमान जताया है, जबकि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुमान को 6.5% से बढ़ाकर 7.2% कर दिया है. एडीबी के अनुसार भारत जीएसटी एवं अन्य कर सुधारों और खपत में आई तेज वृद्धि से एशिया का ग्रोथ इंजन बन गया है और स्थिर नीतिगत निर्णयों,मजबूत घरेलू मांग,सरकारी निवेश, वैश्विक कंपनियों का भारत में निवेश, रोजगार सृजन में तेजी और शेयर बाजार के मजबूत बने रहने आदि की वजह से माना जा रहा है कि वर्ष 2026 से 2035 के दशक के दौरान भारत के विकास दर में अभूतपूर्व तेजी आएगी।

इस तरह, भारत द्वारा चीन और कुछ अन्य देशों को किए जाने वाले निर्यात से भारत अमेरिका द्वारा लगाए गए 50% टैरिफ के दुष्परिणामों से धीरे-धीरे बाहर निकल रहा है। जीएसटी के स्लैबों को तार्किक बनाने से लोगों के बचत और खर्च दोनों में वृद्धि हो रही है। मंहगाई के नरम रहने और रेपो दर में कटौती करने से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ रही है और विकास को बल मिल रहा है। इसी वजह से वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर में और भी तेजी आने का अनुमान जताया है। ऐसे में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि आगामी साल यानी 2026 में भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नववर्ष
अखिलेश आर्येन्दु



# नई उड़ान के साथ सावधानियां भी जरूरी

सन 2025 देश-दुनिया की तमाम यादों, घटनाओं, योजनाओं, परिणामों, समस्याओं, उलझनों और उनके बेहतर सुलझनों को समेटे हमेशा के लिए विदा हो रहा है। देश-दुनिया ने पिछले 12 महीनों में कई तरह के उतार-चढ़ाव देखे। युद्ध की संबंधी कूटनीति व मंज़र देखे तो, वैश्विक क्षितिज पर सह-मात का खेल भी। विज्ञान के चमत्कार भी देखे। यूं तो हर क्षेत्र में कुछ न कुछ नया होता ही रहता है। उसमें कुछ नया हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा होता भी है, नहीं भी होता है। जो हमारी जिंदगी का हिस्सा होता है उसका असर होता है जो हमारी जिंदगी से ताल्लुक नहीं रखता, उसका असर नहीं होता, यदि होता है तो बहुत ही मामूली। हम कह सकते हैं 2025 में जो कुछ हुआ, वह अब चंद दिनों में इतिहास या बीते कालखंड का हिस्सा बन जाएगा। अतीत हमें बहुत कुछ सिखाता है और सावधान भी करता है। हम जहां हैं, जिस हालात में हैं, उस क्षेत्र में यदि अतीत से कुछ सीखना चाहें तो 2025 हमें बहुत कुछ सीखने के लिए छोड़कर हमेशा के लिए विदा ले रहा है। हमें यह संदेश देता हुआ जा रहा है कि नया साल, वाकई में नया हो-सोच, समझ, विचार, कार्य और निर्णय लेने के मामले में। नया साल संदेश देता जा रहा है  कि इस साल कलेंडर बदलने या न्यू ईयर ग्रीटिंग भेजने तक खुद को सीमित न रखें।

नए साल के आगमन पर हम न जाने कितने तरह की कार्य-योजनाएं बनाते हैं। नया मकसद, नया प्लान, पुराने अधूरे प्लान को पूरा करने का संकल्प और उस संकल्प को पूरा करने के लिए नई सोच के साथ हम आगे बढ़ते हैं। बीते साल की समीक्षा के साथ नए साल के स्वागत में ऐसा नया करना चाहते हैं, जैसा अभी तक नहीं कर पाए थे। मनोवैज्ञानिकों और साधकों के मुताबिक किसी भी प्राणी के साथ हमारा व्यवहार, धारणा, मान्यता और सोच जैसी होती है वैसे ही हालात हमारे बनते जाते हैं। सद्गुणों को प्राप्त करने या उसके खोने की स्थिति भी यही है। यदि हमारे अंदर विनम्रता, दया, करुणा, सहिष्णुता, अहिंसा, प्रेम, सत्य और अन्य सद्गुणों का भंडार है तो हम किसी से कभी अप्रिय व्यवहार नहीं कर सकते और न ही संवेदनहीन ही हो सकते हैं। नए साल पर सदगुणों को बेहतर तरीके से अमल में लाने पर आगे बढ़ सकते हैं। उसने संकल्प लिया, वह अपने मकसद को हरहाल में जरूर पूरा करेगा, इसके लिए उसे चाहे जितनी बार कोशिश करनी पड़े। उसके संकल्प ने उसे अपने मकसद में कामयाब बना दिया, और वह सफल हो गया। प्रकृति में अनगिनत वस्तुएं हैं जिनसे आप प्रेरणा लेकर अपनी मंजिल हासिल कर सकते हैं। एक बार यदि निश्चय कर लिया कि चाहे जितनी शक्ति लगानी पड़े या संघर्ष करना पड़े, कदम पीछे नहीं हटेगा तो दुनिया की कोई शक्ति आप की शक्ति और संकल्प को तोड़ नहीं सकती, बल्कि कुदरत आप के हर कदम पर सहायता ही करेगी।

महान विचारक बिस्मार्क ने इंसान को आगे बढ़ने के लिए 'इच्छा-शक्ति और निर्णय-शक्ति को बहुत जरूरी माना है। इसके साथ ही उस संकल्प-शक्ति को दृढ़ करने को जरूरी माना है, जिससे संकल्प विकल्प में तबदील न हो। बुद्धि और विवेक का इस्तेमाल करते वक्त बहुत सावधानी की जरूरत होती है कि हमारा दोस्त कौन है और दुश्मन कौन है। तर्क-शक्ति से यह समझ बढ़ती है। इसी से देखे गए स्वप्न को साकार करने में सफलता हासिल होती है। अपने स्वभाव, आदतों और व्यवहार को चिंतन के तराजू पर तौलकर हम एक बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं। परिवर्तन तो अनिवार्य है, यह रुकने वाला नहीं है, लेकिन हमें इसके मुताबिक बदलने के पहले यह देखना जरूरी है कि हमारे लिए क्या चीज उपयोगी है और क्या अनुपयोगी है। यह बात समझने की है कि जीवन दूसरों के विचारों, सलाहों, जीवन-शैली के अंधानुकरण और प्रतियोगिता करके नहीं चलाया जा सकता है। यदि इस तरह की जिंदगी अपनाना चाहते हैं तो इतनी विसंगतियां, जटिलताएं और समस्याएं पग-पग पर आ सकती हैं, जिससे जीना ही दूभर हो सकता है। इसलिए नए साल में उड़ान तो भरें, लेकिन सावधानियों के साथ। स्वप्न देखना चाहिए। लेकिन ऐसा स्वप्न ही देखना मुफीद होता है जो अपनी योग्यता, सुरुचि और शक्ति के अनुरूप हो, जिसे साकार किया जा सके। जिसे लेकर द्वंद्व की हालात न बने। मानसिक तनाव की विकराल समस्या से शारीरिक, बौद्धिक और दूसरी तमाम तरह की समस्याएँ न पैदा हों। इससे बचने का सहज उपाय है कि हम अतिमहत्वाकांक्षी, अत्यधिक भाग दौड़ और बेकार के स्वप्न देखना छोड़ दें। स्वार्थ, अधैर्य और असंतोष की प्रवृति भी अत्यधिक घातक होती है। ये सभी प्रतिकूलताएं लक्ष्य और संकल्प को पूरा करने में बाधक बनती हैं। इसलिए सावधानी बरतें।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
**दर्शन**

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिंदु-बिंदु गंगाजल है।

## गुरु ज्ञान बदल सकता है किसी भी व्यक्ति की सोच



संकलित
**प्रेरणा**

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में किताना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## फेस्टिवल



कोलकाता में स्ट्रीट आर्ट फेस्टिवल के दौरान देवी काली के रूप में सजी कलाकार

## आज की पाती

### अदालत का सही फैसला


भारत में आस्था अक्सर  तर्क से बड़ी हो जाती है। यही कारण है कि यहां मंदिर के बाहर घंटियों की  आवाज से ज्यादा तेज कभी-कभी सांसों की घुटन होती है, लेकिन हम सुनना नहीं  चाहते। मुंबई की एक अदालत का हालिया फैसला, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर  कबूतरों को दाना डालने पर 5000 रुपये का जुर्माना लगाया गया, इसी टकराव की  एक स्पष्ट और साहसी मिसाल है। यह फैसला कबूतरों के खिलाफ नहीं, बल्कि उस मानसिकता के खिलाफ है जो भावुकता के नाम पर विज्ञान, कानून और सार्वजनिक  स्वास्थ्य को कुचल देती है। हमारे समाज में कबूतरों को दाना डालना पुण्य माना जाता है। लेकिन कबूतर बीमारियां भी फैलाते हैं, इस दृष्टि से यह फैसला  सही लगता है।

*-मनोज कुशवाह, धमतरी*

## करंट अफेयर

# राष्ट्रपति ने ब्लू हाउस से शुरू किया कामकाज


दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को देश के पारंपरिक राष्ट्रपति भवन 'चोंग वा डे' से आधिकारिक तौर पर अपना कामकाज शुरू कर दिया। इस साल जून में राष्ट्रपति पद संभालने के बाद राष्ट्रपति ली पहली बार राष्ट्रपति भवन 'चोंग वा डे' में गए। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति भवन को 'ब्लू हाउस' के नाम से भी जाना जाता है। पद से हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा राष्ट्रपति कार्यालय को रक्षा मंत्रालय परिसर में स्थानांतरित किए जाने के तीन साल से अधिक समय बाद किसी राष्ट्रपति ने 'ब्लू हाउस' से कामकाज शुरू किया।   दक्षिण कोरिया में नौ मई, 2022 के बाद यह पहली बार था जब किसी राष्ट्रपति ने 'चोंग वा डे' का दौरा किया। नौ मई, 2022 पूर्व राष्ट्रपति मून जे-इन के कार्यकाल का अंतिम दिन था।  इससे पहले, यून ने रक्षा मंत्रालय की एक परिवर्तित इमारत से राष्ट्रपति पद का अपना कार्यभार संभाला था। यून ने 'चोंग वा डे' के कुछ हिस्सों को पर्यटन स्थल के रूप में आम जनता के लिए खोल दिया था, जिससे लाखों पर्यटक आकर्षित हुए।  यून को पद से हटाए जाने के बाद जून में अचानक हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाले ली ने राष्ट्रपति कार्यालय को 'ब्लू हाउस' में वापस स्थानांतरित करने में कई सप्ताह का समय लिया।



## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहा

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं - लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है - एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा - 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



## ट्रेंड


### घुसपैठियों को बाहर करेंगे



कांग्रेस ने आईएमडीटी एक्ट लाकर असम में घुसपैठियों के बसने का रास्ता खोल दिया। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो घुसपैठियों को भारत के लिए खतरा मानती है, इसलिए भाजपा ही घुसपैठिया मुक्त भारत बना सकती है। भाजपा सरकार देश से घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर करेगी।

-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री


### हम आत्मनिर्भर बनें



हम चाहे किसी भी देश, धर्म, जाति या संप्रदाय के हों, भोजन और पानी की तरह शांति भी हमारी मूल आवश्यकता है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब देश में शांति हो और हम आत्मनिर्भर बनें। इसके बाद हम गर्व से कहेंगे हमारा देश विकसित हैं।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री


### भयावह घृणा अपराध



देहरादून में ऐंजल चकमा और उनके भाई के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध है। नफरत रातोंरात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदार बयानों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा। भाजपा नफरत फैला रही है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### केंद्र सरकार जिम्मेदार



बंगाल में एक और बीएलओ की आत्महत्या, पूरे देश में अब तक कुल 33 मौतें, एक कथित घुसपैठिया ठीक नहीं, लेकिन 33 बीएलओ की मौत ठीक है? इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। पता नहीं कितने और लोगों की जान लेगी।

-कपिल सिब्बल, राज्यसभा सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ऐतिहासिक फैसलों, साहस और उपलब्धियों का साल



## मिसेस यूनिवर्स का खिताब पहली बार भारत ने जीता

भारत ने पहली बार मिसेस यूनिवर्स का खिताब शेरी सिंह के रूप में जीता है। यह प्रतियोगिता अक्टूबर 2025 में फिलीपींस के मनीला में आयोजित 48वें संस्करण में हुई। जहां शेरी सिंह ने महिला सशक्तीकरण और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के संदेश के साथ यह ऐतिहासिक जीत हासिल की, और भारत को यह ताज पहली बार दिलाया।




## वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर अंतरिम आदेश

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सितंबर 2025 में एक अंतरिम आदेश पारित किया, जिसमें अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों, जैसे जिला कलेक्टरों को वक्फ संपत्तियों पर एकतरफा निर्णय लेने की शक्ति, वक्फ बनाने के लिए 5 साल की इस्लाम पालन की शर्त और गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति पर लगी सीमा, के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी गई है, जबकि पूरे कानून को रद्द करने से इनकार कर दिया। यह आदेश संवैधानिक सुरक्षा उपायों और सुधारों के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करता है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश में जिला कलेक्टरों को वक्फ संपत्तियों के स्वामित्व पर एकतरफा निर्णय लेने के अधिकार को निलंबित कर दिया गया है।

## देश के 15वें उपराष्ट्रपति बने चंद्रपुरम पोनुसामी



चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन भारत के 15वें उपराष्ट्रपति बने। 2024 से महाराष्ट्र के 24वें राज्यपाल थे। वह भारतीय जनता पार्टी के सदस्य थे और कोयंबतूर से दो बार लोकसभा के लिए चुने गए थे। वह तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी थे। 4 मई 1957 को तमिलनाडु के तिरुपुर में जन्मे, श्री चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। आरएसएस के स्वयंसेवक के रूप में शुरुआत करके, वे 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने। सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करने से पहले, श्री राधाकृष्णन का एक वस्त्र निर्यातक के रूप में एक लंबा और सफल कॅरियर रहा।

## न्यूयॉर्क सिटी को मिला नया और ऐतिहासिक चेहरा!

34 साल के जोहरान ममदानी बने शहर के पहले भारतीय-अमेरिकी मुस्लिम मेयर। राजनीति, कला और सामाजिक मुद्दों में सक्रिय ममदानी अपनी नई सोच से बदल सकते हैं न्यूयॉर्क का भविष्य। अमेरिकी डेमोक्रेटिक पार्टी और डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट्स ऑफ अमेरिका के सदस्य के रूप में, वे 2021 से क्वींस के न्यूयॉर्क राज्य विधानसभा के 36वें ज़िले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे न्यूयार्क के 111वें महापौर के रूप में अपना कार्यकाल 1 जनवरी 2026 को शुरू करेंगे।



## शुभांशु शुक्ला बने आईएसएस पर कदम रखने वाले पहले भारतीय



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बन गए हैं, जिन्होंने जून-जुलाई 2025 में निजी एक्सिओम-4 मिशन के तहत यह उपलब्धि हासिल की और भारतीय वायु सेना के टेस्ट पायलट के रूप में देश के लिए अंतरिक्ष में एक नया इतिहास रचा है, जो भारत के गगनयान मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नासा की पूर्व अनुभवी पैगी व्हिटसन के नेतृत्व में और ग्रुप कैप्टन शुक्ला द्वारा संचालित, एक्स-4 26 जून को आईएसएस पर पहुंचा था।




## पॉप स्टार कैटी ने स्पेस फ्लाइट में लिया भाग


पॉप स्टार कैटी पेरी ने अप्रैल 2025 में ब्लू ओरिजिन की न्यू शेपर्ड रॉकेट से एक ऐतिहासिक ऑल-फीमेल स्पेस फ्लाइट (एनएस -31) में भाग लिया, जिसमें वह गेल किंग और अन्य महिलाओं के साथ अंतरिक्ष की सीमा तक गईं; यह लगभग 11 मिनट की यात्रा थी जो 1963 के बाद पहली ऐसी मिशन थी, और कैटी ने इसे 'घर जैसा कोई जगह नहीं' कहते हुए अपनी बेटी और दूसरों को प्रेरित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पल बताया।



## लियो-14 बने नए पोप

कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को 8 मई, 2025 को पोप फ्रांसिस के निधन के बाद नया पोप चुना गया और उन्होंने पोप लियो (लियो-14) के रूप में पदभार संभाला है, जो इतिहास के पहले अमेरिकी पोप हैं, जिन्होंने शिकागो, अमेरिका में जन्म लिया और ऑगस्टिनियन पादरी रहे हैं, और अब वे कैथोलिक चर्च का नेतृत्व कर रहे हैं. लियो 14 (रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट; जन्म 14 सितंबर, 1955) कैथोलिक गिरजाघर के पोप और वैटिकन सिटी के प्रमुख हैं। शिकागो, इलिनोइस में जन्मे प्रीवोस्ट ने अपना प्रारंभिक पादरी जीवन, ऑर्डर ऑफ सेंट ऑगस्टीन को समर्पित किया।

## जब छोटी-छोटी चीजें बन गईं ग्लोबल सनसनी




### जेन जी नया स्लैंग '6-7' बना वर्ड ऑफ ईयर

क्यों खास है यह 'वर्ड ऑफ द ईयर'। यह दिखाता है कि भाषा अब केवल शब्दों तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब वह इंटरनेट की रफ्तार और ह्यूमर के साथ बदल रही है। '6-7' इस बात का प्रतीक है कि आज की पीढ़ी के लिए अभिव्यक्ति का तरीका कम शब्दों में, ज्यादा अंदाज से कहना है और अगर वो बात समझ भी न आए, तब भी उसका मजा जरूर है। '6-7' इस साल की ऑनलाइन संस्कृति और सोशल मीडिया की सोच को बखूबी दर्शाता है। यह शब्द नहीं, बल्कि एक तरह का इंटरनेट मीम और मजाकिया फीलिंग है, जिसे समझना आसान नहीं पर इसे इस्तेमाल करना बेहद मजेदार है।

### स्टेट्स सिंबल बनी लबुलु खिलौने की दीवानगी

'लाबुबू' एक वायरल खिलौना है जिसने 2024-2025 में ग्लोबल स्टेटस सिंबल का रूप ले लिया है, जिसे हांगकांग के आर्टिस्ट कासिंग लुंग ने बनाया है और पॉप मार्ट कंपनी बेचती है; इसकी शरारती मुस्कान, नुकीले कानों और 'ब्लाइंड बॉक्स' फॉर्मेट के कारण यह सेलिब्रिटीज और जेन जेड के बीच बेहद लोकप्रिय हो गया है, जो इसे खरीदने के लिए घंटों लाइनें लगाते हैं और दुर्लभ एडिशन लाखों के बिक रहे हैं, जिससे यह एक बड़ा कल्चरल ट्रेंड बन गया है। सोशल मीडिया पर इन दिनों 'लाबुबू डॉल' नाम की एक अजीबोगरीब दिखने वाली गुड़िया ने धूम मचा रखी है। बड़ी-बड़ी आंखें, नुकीले दांत और शैतानी मुस्कान वाली ये गुड़िया इतनी मशहूर हो गई है कि इसकी कीमत लाखों रुपये तक पहुंच गई है। हाल ही में तो बीजिंग में 131 सेंटीमीटर की लाबुबू डॉल 1.2 करोड़ रुपए में नीलाम हुई।



### जैमिनी नैनो बनाना टूल टेक्नॉलजी लवर्स के दिलों पर छाया



गूगल का बनाना एआई टूल अभी टेक्नॉलजी लवर्स के दिलों पर छाया हुआ है। लोग तस्वीरों को अलग-अलग रूप में ढाल रहे हैं। गूगल ने नैनो बनाना को अपने जैमिनी एआई टूल में ही इंटिग्रेट किया है। नई-नई तकनीक से प्यार करने वालों के बीच इन दिनों गूगल का फोटो ट्रांसफॉर्मर टूल नैनो बनाना काफी चर्चा में है। लोग इस पर तस्वीरें डालकर उसे तरह-तरह की डिजाइन में ट्रांसफॉर्म कर रहे हैं। गूगल ने अपने एक ब्लॉग में बताया है कि आप तस्वीरों को कौन-कौन सा रूप दे सकते हैं। टाइम ट्रैवल टी पार्टीः आप अपनी जवानी और बचपन की तस्वीर साथ-साथ तैयार कर सकते हैं। एक ही तस्वीर में आप एक जवान व्यक्ति और एक बालक के रूप में दिख सकते हैं। गूगल ने नैनो बनाना एआई को अपने एआई टूल जैमिनी मेटिग्रेट किया है। इसके उपयोग से आप किसी भी तस्वीर को अपनी कल्पना के मुताबिक कोई सा भी रूप दे सकते हैं।

## सोशल मीडिया 2025 में आईआईटी बाबा से लेकर मोनालिसा तक रातों रात बन गए स्टार

साल 2025 में सोशल मीडिया ने कई लोगों को रातों रात स्टार बना दिया और उनकी किस्मत बदल गई। इनमें आईआईटी बाबा, राजू कलाकार, मोना लिसा, बंदाना गर्ल और मेकअप आर्टिस्ट सोनाली जैसे सामान्य भारतीयों को नाम शामिल हैं। इन लोगों को सोशल मीडिया ने अलग पहचान दी है। इंटरनेट ने एक बार फिर अपनी ताकत को साबित कर दिखाया है। एक छोटा से वीडियो लोगों अलग पहचान दिलाने और लोगों के दिल तक पहुंचाने के लिए काफी होता है। 2025 में कुछ भारतीय सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अचानक चर्चा का विषय बन गए।

### आईआईटी बाबा




आईटीटी बाबा भी 2025 में छाए रहे। वो पहले IIT के छात्र थे, लेकिन बाद में उन्होंने संन्यास ले लिया। महाकुंभ के दौरान उनके शांत स्वभाव और जीवन पर दिए गए विचारों के कारण उनका वीडियो वायरल हो गया है। उनके साधारण जीवन, सोच और शांति के संदेशों से काफी प्रभावित हुए। वो अभी कोई वीडियो पोस्ट करते हैं, तो वायरल हो जाता है।

### सोनाली



कोल्हापुर की मेकअप आर्टिस्ट सोनाली ने 2025 में सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। उन्होंने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग इवेंट में रिहाना के ग्लैमरस लुक को बिल्कुल वैसा ही तैयार किया। उनका मेकअप ट्रांसफॉर्मेशन वीडियो खूब वायरल हुए और देशभर में पहचान मिली।



### मोनालिसा




मोनालिसा किसी गाने या भाषण की कोई से नहीं, बल्कि वो अपने चेहरे और आत्मविश्वास के कारण वायरल हो गईं। उनका महाकुंभ का एक छोटा सा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिससे वो रातों रात स्टार बन गईं। लोग उनकी आंखों और अंदाज की तारीफ खूब सराहना करने लगे। इस वायरल वीडियो के बाद उन्हें मॉडलिंग और ब्रांड ऑफर मिलने लगे हैं।

### राजू कलाकार




एक सामान्य इंसान राजू कलाकार को उनकी गायकी ने उन्हें खास बना दिया। उनके गाने के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए। बिना किसी तामझाम के दिल से गाए हुए उनके गानों ने लोगों के जिल को जीत लिया। इसके बाद उन्हें बड़े मंचों पर गाने के मौके भी मिलने लगे।



### बंदाना गर्ल


बंदाना गर्ल स्टाइल और आत्मविश्वास की पहचान हैं। उनका वीडियो उनके अलग फैशन और निडर अंदाज के कारण वायरल हुआ था। एक सामान्य बंदाना पहनकर आत्मविश्वास के साथ दिखने वाली लड़की से लोग खूब प्रभावित हुए। सोशल मीडिया पर लोगों ने उनके स्टाइल और खुद पर भरोसे की खूब तारीफ की।



# रामचरण की 'पेद्दी' में नजर आएंगे बोमन ईरानी...

**मुंबई।** साउथ के अभिनेता राम चरण अपनी अपकमिंग फिल्म 'पेद्दी' को लेकर सुर्खियों में हैं। दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वह इसकी हर अपडेट जानना चाहते हैं। इसी का नतीजा है कि फिल्म का पहला गाना 'चिकिरी चिकिरी' रिलीज होते ही छा गया। खबर है कि जाने माने अभिनेता बोमन ईरानी फिल्म 'पेद्दी' की शूटिंग का हिस्सा बन गए हैं। इस बात की जानकारी 'पेद्दी' के मेकर्स ने दी है। उन्होंने शूटिंग की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इस तस्वीर में बोमन ईरानी, निर्देशक बुची बाबू सना और सिनेमैटोग्राफर आर. रत्नावेलु के साथ नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style



# कृति
## पहले ऑडिशन का वीडियो हुआ वायरल

कृति सेनन का एक वीडियो इस समय तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कृति सिर्फ 22 साल की हैं और वो मदद मांगती नजर आ रही हैं। कृति सेनन की गिनती मौजूदा वक्त की टॉप लीडिंग एक्ट्रेस में होती है। उनके पास फिल्मों की कतार लगी हुई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


हाल ही में धनुष के साथ 'तेरे इश्क में' में नजर आईं कृति अब शाहिद कपूर के साथ 'कॉकटेल 2' में दिखाई देंगी। इस बीच सोशल मीडिया पर कृति सेनन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये वीडियो कई साल पुराना है, जिसमें कृति अपना पहला ऑडिशन देते नजर आ रही हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कृति सफेद रंग की स्लीवलेस वन पीस में नजर आ रही हैं। बहुत हल्के मेकअप के साथ कृति कैमरे के सामने अपने प्रोफाइल के बारे में बता रही हैं। हाथ में कृति एक बोर्ड पकड़े हैं, जिस पर उनके बारे में लिखा है। इसमें कृति सेनन का नाम, उम्र, लंबाई और शूटिंग की डेट्स लिखी हुई हैं। इसके साथ ही उनके बारे में भी लिखा है, जिसमें बताया गया है कि उन्हें तैराकी आती है और अभी तक उन्होंने कोई भी एड तक शूट नहीं किया है। वीडियो में अपना प्रोफाइल बताते हुए कृति अपना परिचय देती हैं। एक्शन बोलने के बाद मुस्कुराते हुए कृति सेनन अंग्रेजी में अपना परिचय देते हुए अपना नाम बताती हैं। हाय, मैं कृति सेनन हूं। मेरी उम्र 22 साल है और मेरी लंबाई 5'9 है। ये है मेरी प्रोफाइल, इसके बाद वो अपनी लेफ्ट-राइट प्रोफाइल दिखाती हैं। इसके बाद उनसे पूछा जाता है कि क्या वे ऑडिशन की बताई गई तारीखों पर उपलब्ध हैं।

हॉलीवुड मसाला




# जॉन को देख ओम की आती है याद...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज स्टार जॉन वोइट की तुलना अक्सर भारत के दिग्गज एक्टर्स नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी से होती है। इसके पीछे कुछ खास वजहें हैं। जॉन वोइट को साल 1969 की फिल्म 'मिडनाइट काउबॉय' से अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। उन्हें ऐसे कलाकार के रूप में याद किया जाता है जिनकी एक्टिंग दिखावे से दूर, भीतर तक झकझोर देने वाली रही है। इनका गहरा कनेक्शन एंजेलिना जोली से है। आज हम बात करने जा रहे हैं हॉलीवुड के उस एक्टर की जिन्हें देख कर अक्सर लोगों को ओम पुरी की याद आ जाती है।



# 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स वॉल्यूम 2' एक जनवरी को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की बहुचर्चित वेब सीरीज स्ट्रेंजर्स थिंग्स की लोकप्रियता भारत में भी देखने को मिलती है। जिसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि हालिया रिलीज के तौर पर स्ट्रेंजर्स थिंग्स सीजन 5 का वॉल्यूम 2 ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर टॉप पर ट्रेंड कर रहा है। इस साइंस-फिक्शन सीरीज की कहानी और पात्र फैंस को काफी पसंद आते हैं। मिली बॉबी ब्राउन स्टारर वेब सीरीज स्ट्रेंजर्स थिंग्स 5 के अब तक दो वॉल्यूम नेटफ्लिक्स पर रिलीज किए जा चुके हैं, जिनमें मौजूद 7 एपिसोड ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। अब सभी फैंस स्ट्रेंजर्स थिंग्स 5 के फाइनल वॉल्यूम और एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं, जिसे न्यू ईयर यानी 1 जनवरी 2026 को स्ट्रीम किया जाएगा। खासतौर पर सीरीज में इलेवन की भूमिका निभाने वालीं हॉलीवुड एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन हर किसी की फेवरेट मानी जाती हैं।



# इंडस्ट्री में चलता है पावर गेम और राजनीति

**मुंबई।** चित्रांगदा सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म और हालिया रिलीज फिल्म दोनों को लेकर चर्चाओं में हैं। एक ओर जहां उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'रात अकेली है: द बंसल मर्डर' को काफी तारीफें मिल रही हैं। वहीं, दूसरी ओर चित्रांगदा सलमान खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' को लेकर भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर सामने आया है। इस बीच चित्रांगदा ने इंडस्ट्री के अपने अनुभव को साझा किया। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में प्रभावशाली लोग आपके सामने कितनी चुनौतियां खड़ी कर सकते हैं। चित्रांगदा ने ये माना कि इंडस्ट्री में राजनीति और पावर गेम होता है। इंडस्ट्री के प्रभावशाली लोग हमेशा बाधाएं खड़ी करते हैं, खासकर जब दांव ऊंचे हों।



# बॉर्डर-2 के गीत का टीजर जारी...

**मुंबई।** 'बॉर्डर 2' के मच अवेटेड सॉन्ग 'घर कब आओगे' का टीजर सामने आया है। इस बारे गाने को दो नहीं, बल्कि चार दिग्गज गायकों ने अपनी आवाज दी है। सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म के टीजर के बाद से ही फैंस फिल्म के 'घर कब आओगे' गाने का इंतजार कर रहे हैं। यह 'बॉर्डर' के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं' का री-क्रिएटेड वर्जन है। गाने के टीजर में इसके कलाकारों के नामों का उल्लेख किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं' के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

टीवी मसाला



# पहली बार बिग बी के सामने हॉट सीट पर बैठे कुमार मंगलम बिरला

**नई दिल्ली।** केबीसी 17 के मंच पर इतिहास रचने जा रहा है। पहली बार शो के मंच पर देश के जाने-माने बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिरला शिरकत करने जा रहे हैं। वो केबीसी 17 के फिनाले वीक के खास मेहमान के तौर पर सेट पर पहुंचे। अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर विराजमान होकर कुमार मंगलम बिरला ने अपने सबसे बड़े डर का खुलासा किया। एंटरटेनमेंट जगत के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब देश के जाने-माने बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिरला हॉट सीट पर विराजमान होंगे। केबीसी के प्रोमो में अमिताभ बच्चन दिग्गज उद्योगपति कुमार बिरला से पूछते हैं कि आखिर उन्होंने केबीसी के मंच पर आने में इतने साल क्यों लगाए. जिसका जवाब देते हुए उन्होंने अपना सबसे बड़ा डर साझा किया। अमिताभ बच्चन ने कुमार के हॉट सीट पर बैठते ही उनसे पूछा कि उन्होंने कई बार उन्हें शो में शामिल होने के लिए इनवाइट भेजा था, लेकिन वो कभी आए ही नहीं। इसकी वजह क्या थी। इसका जवाब देते हुए बिजनेसमैन कहते हैं कि उन्हें बस एक चीज का डर था जिसकी वजह से वो शो का हिस्सा बनने से कतरा रहे थे। वो कहते हैं कि वो भी काफी समय से शो का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन उन्हें डर था कि अगर वो एक भी सही जवाब नहीं दे पाए तो अमिताभ बच्चन उनके बारे में क्या सोचेंगे। सोनी लिव ने केबीसी फिनाले का ये दमदार एपिसोड शेयर करते हुए लिखा, 'जब उद्देश्य की विजन से मुलाकात होती है। केबीसी 17 के पिछले एपिसोड में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा और जयदीप अहलावत अपनी अपकमिंग फिल्म इक्कीस के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे। ये बेहद मजेदार एपिसोड रहा था जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया गया।

## लव-कुश की शरारतों से तंग हुए रामानंद

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की 'रामायण' के सेट से जुड़ी यादें आज भी दर्शकों को रोमांचित कर देती हैं। भगवान राम की इस कालजयी कथा में 'लव और कुश' का किरदार निभाने वाले बाल कलाकार अपनी मासूमियत से सबका दिल जीत लेते थे, लेकिन पर्दे के पीछे वे बेहद शरारती थे। सेट पर इन नन्हे कलाकारों की मस्ती और धमाचौकड़ी से शूटिंग करना मुश्किल हो गया था। 'लव' और 'कुश' की शरारतें जब हद से ज्यादा बढ़ गईं, तब खुद रामानंद सागर ने उन्हें कंट्रोल करने के लिए सांप का सहारा लिया था। रामायण के उत्तर कांड में लव और कुश के किरदार बेहद महत्वपूर्ण थे। इन भूमिकाओं के लिए रामानंद सागर ने सबसे पहले अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा के जुड़वां बेटों (लव और कुश सिन्हा) को कास्ट करने की सोची थी। लेकिन, कुछ कारणों से यह संभव नहीं हो सका। इसके बाद सागर ने बाल कलाकारों की तलाश शुरू की और उनकी नजर महाराष्ट्र के दो युवा लड़कों पर पड़ी, स्वप्निल जोशी (कुश का किरदार) और मयूरेश क्षेत्रमाडे (लव का किरदार)।



# रहस्य, रोमांच और डर के साथ प्रचंड टकराव...



**मुंबई।** साल 2026 की संक्रांति पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है पैन-इंडिया फिल्म 'द राजा साब'। प्रभास की इस फिल्म का ट्रेलर अब रिलीज हो गया है। लंबे समय बाद प्रभास एक ऐसे अवतार में लौट रहे हैं, जहां प्रेम, कॉमेडी और डर एक साथ कहानी में नजर आ रहा है। निर्देशक मारुति की इस फिल्म में रहस्यमयी अतीत की परतें खुलते हुए नजर आने वाली हैं। पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले बनी यह फिल्म 9 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है। ट्रेलर की शुरुआत डरावने माहौल से होती है, जहां एक विशाल हवेली कहानी का केंद्र बनती है। इस हवेली से जुड़ा है एक खौफनाक राज, जिसका संबंध प्रभास के दादा के किरदार से है, जिसे संजय दत्त निभा रहे हैं। कहानी में दादा की मौत के बाद भी उनका प्रभाव खत्म नहीं होता, बल्कि उनकी आत्मा एक भयानक शक्ति के रूप में उसी हवेली में बस जाती है। यह आत्मा न सिर्फ अजेय नजर आती है, बल्कि हर उस शख्स को अपने वश में कर लेती है जो हवेली के भीतर कदम रखता है। भावनात्मक स्तर पर भी ट्रेलर एक संवेदनशील पोते की झलक भी दिखाता है। प्रभास का किरदार अपनी दादी (जरीना वहाब) के प्रति बेहद स्नेही और जिम्मेदार नजर आता है। लेकिन हालात तब भयावह हो जाते हैं जब दादा की आत्मा परिवार के ही लोगों के लिए खतरा बन जाती है। पत्नी और दोस्तों के साथ प्रभास एक ऐसी जंग में फंस जाता है, जहां सामने कोई आम इंसान नहीं, बल्कि खून के रिश्ते से जुड़ा डर है। हवेली को एक भूलभुलैया की तरह पेश किया गया है, जिसमें हर मोड़ पर नया रहस्य छिपा है।

# विंटर वेकेशन पर निकले कई सेलेब्स फैमिली संग करीना पहुंचीं स्विट्जरलैंड

**मुंबई।** साल 2025 को खत्म होने में चंद दिन बचे हैं। नए साल की तैयारियों में आम से लेकर खास लोग तक जुट गए हैं। कई सेलेब्स न्यू ईयर मनाने के लिए अलग-अलग जगहों पर जा रहे हैं या पहुंच गए हैं। इस लिस्ट में करीना कपूर से लेकर दीपिका पादुकोण तक शामिल हैं। इनके अलावा भी कई सेलेब्स विंटर वेकेशन, न्यू ईयर के सेलिब्रेशन के लिए वेकेशन पर निकल चुके हैं।

करीना कपूर कुछ दिन पहले ही सैफ अली खान और अपने दोनों बेटों के साथ वेकेशन पर निकली थीं। रविवार को उन्होंने स्विट्जरलैंड से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। वह स्विट्जरलैंड की हसीन वादियों में सर्द मौसम का मजा ले रही हैं, अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम गुजार रही हैं।



***न्यूयॉर्क में नजर आए दीपिका और रणवीर :*** फिल्म 'धुरंधर' की सफलता के बाद रणवीर सिंह को फैमिली के साथ वक्त गुजारने का मौका मिला है। वह और दीपिका न्यूयॉर्क में स्पॉट हुए हैं। दोनों को एक पार्टी में देखा गया। फैंस के साथ इस कपल ने फोटो क्लिक करवाए। ऐसा लगता है कि दोनों न्यूयॉर्क में नया साल मनाएंगे।

***उत्तराखंड में छुट्टियां मना रही हैं मौनी रॉय :*** मौनी रॉय ने भी रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। वह अपनी दोस्त के साथ उत्तराखंड में सर्द मौसम का मजा ले रही हैं। मौनी रॉय ने उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों से कई तस्वीरें शेयर की हैं।

***ये सेलेब्स भी वेकेशन पर एंज्वॉय करते नजर आए:*** बड़े स्टार के अलावा यंग एक्टर्स को भी न्यू ईयर वेकेशन पर देखा गया। अभय वर्मा भी समंदर किनारे विंटर वेकेशन को एंज्वॉय करते दिखाई दिए। रणवीर कपूर को भी रविवार के दिन एयरपोर्ट पर देखा गया, वह भी वेकेशन पर जा रहे हैं।

## ऊपर आका, नीचे काका' ये कहावत थी काफी मशहूर

# इन फिल्मों ने राजेश खन्ना को बनाया बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार

*नई दिल्ली। मौजूदा वक्त में किसी हीरो के लिए दीवानगी सिर्फ सेल्फी और ऑटोग्राफ तक सीमित रह गई है। लेकिन, बॉलीवुड में एक ऐसा कलाकार था जिसके लिए लड़कियां इस कदर दीवानी थीं कि उसके नाम का सिंदूर लगाती थीं। तो वहीं कुछ उस स्टार की फोटो के साथ ही साथ फेरे लेती थीं। यही नहीं, उस एक्टर के नाम पर न जाने कितने भिखारी भीख मांगते थे। उनकी एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब रहते थे। वहीं, फिल्म के सेट पर उनके किस्से आज भी लोगों को सुनाए जाते हैं। ये कलाकार कोई और नहीं, बल्कि बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहे जाने वाले राजेश खन्ना हैं। 'ऊपर आका, नीचे काका' राजेश खन्ना के लिए ये कहावत काफी मशहूर थी। भारत के पहले सुपरस्टार का तमगा पाने वाले राजेश खन्ना के नाम बतौर हीरो लगातार 17 हिट फिल्में देने का रिकॉर्ड है। उन्होंने पांच फिल्मफेयर अपने नाम किए। जबकि साल 2013 में उन्हें भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत देश के तीसरे सर्वोच्च सम्मान पद्मभूषण से भी सम्मानित किया गया है। 1966 में फिल्म 'आखिरी खत' से अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाले राजेश खन्ना ने अपने चार दशक से भी लंबे कॅरियर में सफलता के शिखर से लेकर डाउनफॉल तक देखा।*

**राज** : राज' फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में राजेश खन्ना के साथ बबीता प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। यह एक रोमांटिक-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म को आज भी काफी पसंद किया जाता है।

**आराधना** : राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर स्टारर 'आराधना' राजेश खन्ना की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। इस रोमांटिक-ड्रामा फिल्म को काफी पसंद किया गया था। फिल्म की कहानी आज भी लोगों को पसंद है। इस फिल्म से राजेश खन्ना बॉलीवुड के नए स्टार बन गए थे। इसके बाद ही उन्होंने लगातार 17 हिट फिल्में दीं। इस फिल्म को 17वें फिल्मफेयर अवॉर्ड में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला था।

**दो रास्ते** : राज खोसला द्वारा निर्देशित 'दो रास्ते' साल 1969 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में राजेश खन्ना के साथ मुमताज, बलराज साहनी, कामिनी कौशल और प्रेम चोपड़ा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म को काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म ने राजेश खन्ना की पॉपुलर्टी में अहम भूमिका निभाई। आप इस फिल्म को आज भी एंजॉय कर सकते हैं।



**सच्चा झूठा** : राजेश खन्ना साल 1969 में चोरी पर आधारित एक शानदार फिल्म लेकर आए थे 'सच्चा झूठा'। फिल्म में राजेश खन्ना ने डबल रोल निभाया था। यह फिल्म आज भी उतनी ही पसंद की जाती है। फिल्म में राजेश खन्ना के साथ विनोद खन्ना और मुमताज भी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म में राजेश खन्ना के अभिनय को जमकर सराहा गया था और बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी उनके नाम रहा था।

**कटी पतंग** : राजेश खन्ना के सबसे पॉपुलर किरदारों में से एक है फिल्म 'कटी पतंग' का कमल सिन्हा। इस फिल्म में राजेश खन्ना की डायलॉग डिलीवरी और स्टाइल काफी पसंद किए गए थे। फिल्म में आशा पारेख और प्रेम चोपड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। इस फिल्म का गीत 'आज न छोड़ेंगे' आज भी होली पर जरूर ही सुनने को मिलता है। फिल्म में आशा पारेख ने एक विधवा का किरदार निभाया है। फिल्म बड़ी सरलता से एक संदेश भी देती है।

**आन मिलो सजना** : राजेश खन्ना, आशा पारेख और विनोद खन्ना स्टारर 'आन मिलो सजना' साल 1970 की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक है। फिल्म में लव ट्रायंगल दिखाया गया है। फिल्म की कहानी की तरह ही इसके गाने भी काफी पसंद किए गए थे। आज भी इस फिल्म की अपनी फैन फॉलोइंग है।

**आनंद** : बाबूमोशाय जिंदगी बड़ी होनी चाहिए लंबी नहीं' ये राजेश खन्ना का सबसे आइकॉनिक डायलॉग है और उनकी सबसे आइकॉनिक फिल्म है 'आनंद'। आज भी न जाने कितनी फिल्मों में राजेश खन्ना के इस किरदार और इस फिल्म के डायलॉग्स को कॉपी किया जाता है। ऋषिकेश मुखर्जी द्वारा निर्देशित इस फिल्म के डायलॉग गुलजार ने लिखे हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आए हैं। आज भी इस फिल्म को आप देखेंगे तो अंत में रो देंगे। फिल्म में राजेश खन्ना के निधन का सीन आज भी हिंदी सिनेमा के सबसे आइकॉनिक सीन में से एक माना जाता है।

**हाथी मेरे साथी** : 1971 में आई 'हाथी मेरे साथी' राजेश खन्ना के करियर की सबसे हिट फिल्मों में से एक है। फिल्म में एक अनाथ बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो चार हाथियों के साथ रहता है। इनमें रामू नाम का हाथी उसका सबसे करीबी है। कहानी में कॉमेडी और इमोशन सबकुछ है। राजेश खन्ना के अलावा फिल्म में तनुजा, मदन पुरी और सुजीत कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

# टाइटन आईप्लस जेइसिस ने विकसित की फोटो फ्यूज़न एक्स लेंस तकनीक




**बेंग्लुरु।** भारत के प्रमुख चश्मा विक्रेताओं में से एक टाइटनआई+ और विश्वभर के उपभोक्ताओं की दृष्टि और आजीवन दृश्य स्वास्थ्य की रक्षा और सुधार के उद्देश्य से प्रेरित ज़ेइस इंडिया विज़न केयर ने भारत भर में टाइटनआई+ लेंस डिज़ाइन पोर्टफोलियो में ज़ेइस की फोटोफ्यूजन एक्स फोटोक्रोमिक लेंस तकनीक के लाइसेंस और राष्ट्रव्यापी तैनाती की घोषणा की।

यह घोषणा ज़ेइस इनोवेशन समिट में की गई, जो टाइटनआई+ के लिए ज़ेइस इंडिया विज़न केयर द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य लेंस नवाचार को बढ़ावा देना और भारतीय उपभोक्ताओं के लिए रोजमर्रा की दृष्टि देखभाल के मानकों को बेहतर बनाना है। इस सहयोग के माध्यम से, टाइटनआई+ भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों की गहरी समझ और सटीक प्रकाशिकी एवं लेंस नवाचार में ज़ीइस की विशेषज्ञता को मिलाकर, ज़ीइस की फोटोफ्यूजन एक्स फोटोक्रोमिक लेंस तकनीक को अपने लेंस डिजाइन और खुदरा नेटवर्क में शामिल करेगा। ज़ीइस द्वारा फोटोफ्यूजन एक्स की शुरुआत से एकीकृत ब्लू-लाइट और यूवी सुरक्षा वाले लेंसों का तेजी से अनुकूलन संभव हो सकेगा, जो दीर्घकालिक दृष्टि आराम और नेत्र स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

कार्यक्रम में बोलते हुए टाइटन आई+ के एनएस राघवन ने कहाः"टाइटन आई+ में, हमारा विज़न हमेशा से ही ऐसे नवाचारों के माध्यम से आईवियर श्रेणी में अग्रणी बनना रहा है जो लोगों के देखने और दुनिया का अनुभव करने के तरीके को वास्तव में बेहतर बनाते हैं। कार्ल ज़ीस द्वारा टाइटन आई+ के लिए विशेष रूप से तैयार की गई 'टाइटन विद फोटोफ्यूजन एक्स' तकनीक का परिचय, अत्याधुनिक ऑप्टिकल विज्ञान को भारतीय उपभोक्ताओं की ज़रूरतों की हमारी गहरी समझ के साथ जोड़कर, इस महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। यह साझेदारी हमें रोज़मर्रा के आईवियर के लिए एक नया मानक स्थापित करने की अनुमति देती है जो प्रदर्शन, सुरक्षा और आधुनिक शैली प्रदान करता है।"

# कैल्शियम की कमी को पूरा करने आयुर्वेदिक सिद्ध कैल्सी योग उपयोगी




**लुधियाना।** कैल्शियम की कमी अब हर आयु वर्ग में देखने को मिलती है। इस कमी को पूरा करने के लिए धौतियोग के निर्माताओं द्वारा तैयार आयुर्वेदिक कैल्शियम गोलियां 'सिद्ध कैल्सी योग' कारगर सिद्धहो रही हैं ये टैबलेट्स शरीर में प्राकृतिक आयरन, विटामिन सी और कैल्शियम की कमी दूर करने में सहायक हैं। चरकाचार्य के अनुसार अत्यधिक व्यायाम, हड्डियों में सूजन, चोट, गिरने या वात-वृद्धि कारक आहार से हड्डियों में फ्रैक्चर, चलने में कठिनाई और थकान जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं। आयुर्वेदकेअनुसारबाल, दांत और नाखून भी हड्डियों से बने होते हैं, इसलिए बाल झड़ना, दांतों में सड़न और त्वचा का काला पड़ना भी हड्डियो 'की दुर्बलता से जुड़ा हो सकता है। महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, खिलाड़ियों और हड्डी-भंग (फ्रैक्चर) से जूझ रहे मरीजों के लिए कैल्शियम विशेष रूप से आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुएसिद्ध कैल्सी योग विकसित कियागया है.इसमें कैल्शियम के प्राकृतिक स्रोत शंखभस्म, शौक्तिक भस्म, पर्दक भस्म, अर्जुन सालघन, बलमूलघन और अश्वगंधाघन शामिलहैं। इसके अतिरिक्त आमलकी (आँवला) से विटामिन सी तथा सप्तामृत लौह से प्राकृतिक आयरन मिलता है। यह औषधि लंबे समय तक सेवन के लिए सुरक्षित बताई गई है।

# लाइटस्टाइल बाय पीएनजी की ब्रांड एंबेसडर बनीं सारा तेंदुलकर




**पुणे।** पीएनजी ज्वेलर्स के समकालीन हल्के आभूषण ब्रांड लाइटस्टाइल बाय पीएनजी ने अपने विकास के अगले चरण को गति देते हुए सारा तेंदुलकर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह पहल युवा और आधुनिक ज्वेलरी उपभोक्ताओं से जुड़ाव को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. सौरभ गाडगीळ ने बताया कि लाइटस्टाइल ब्रांड को नई पीढ़ी की सोच और रोज़मर्रा की जरूरतों के अनुरूप एक आधुनिक रिटेल और ओमनीचैनल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है। सारा तेंदुलकर ने कहा कि लाइटस्टाइल की हल्की, सहज और आधुनिक ज्वेलरी उनकी व्यक्तिगत शैली से मेल खाती है। ब्रांड एंबेसडर के रूप में वह डिजिटल अभियानों, मीडिया इंटरैक्शन और स्टोर लॉन्च का हिस्सा बनेंगी। दो साल की यह साझेदारी दिसंबर 2025 से शुरू होगी, जबकि सारा के साथ डिज़ाइन किए गए विशेष कलेक्शन मार्च 2026 से लॉन्च किए जाएंगे। पायलट स्टोर्स की सफलता के बाद लाइटस्टाइल बाय पीएनजी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2028 तक लगभग 50 स्टोर्स खोलने का है।




# एयरटेल ने 'कार्टून नेटवर्क क्लासिक्स' किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सहयोग से एयरटेल डिजिटल टीवी पर नया एक्सक्लूसिव और विज्ञापन-मुक्त चैनल 'एयरटेल कार्टून नेटवर्क क्लासिक्स' लॉन्च किया है। यह चैनल टॉम एंड जेरी, लूनी ट्यून्स, स्कूबी डू, द फ्लिंटस्टोन्स और जॉनी ब्रावो जैसे लोकप्रिय क्लासिक कार्टून एक ही मंच पर उपलब्ध कराएगा। 59 रुपये प्रति माह की कीमत वाला यह चैनल चैनल नंबर 445 पर हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में सभी एयरटेल सेट-टॉप बॉक्स (डीटीएच, आईपीटीवी, एचडी व एसडी) पर उपलब्ध होगा। ग्राहक इसे सेट-टॉप बॉक्स, मिस्ड कॉल या एयरटेल थैंक्स ऐप के जरिए आसानी से एक्टिवेट कर सकते हैं।

# अंजता फूड कलर एंड बेकिंग पाउडरः 70 वर्षों से अधिक समय से है गुणवत्ता और विश्वास की पहचान




**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सामग्री उद्योग में एक सशक्त और भरोसेमंद नाम अंजता फूड कलर एंड बेकिंग पाउडर ने गुणवत्ता, निरंतरता और उत्कृष्टता के साथ अपने 70 वर्षों से अधिक की सफल यात्रा को मजबूती से जारी रखा है। यह ब्रांड आज देश भर में अपनी पैन इंडिया प्रजेंस और मजबूत डीलर–डिस्टिब्यूटर नेटवर्क के माध्यम से लाखों उपभोक्ताओं तक पहुँच बना चुका है। अंजता फूड कलर एंड बेकिंग पाउडर की पहचान हमेशा से ही उच्च गुणवत्ता वाले फूड कलर और बेकिंग पाउडर के लिए रही है। कंपनी ने अपनी स्थापना स 'लेकर आज तक यह सुनिश्चित किया है कि हर उत्पाद शुद्धता, सुरक्षा और तय मानकों पर खरा उतरे। बदलते समय और तकनीक के साथ अजंता ने अपने उत्पादों और पैकेजिंग में निरंतर सुधार किया है, लेकिन क्वालिटी से कभी समझौता नहीं किया। आज अंजता फूड कलर एंड बेकिंग पाउडर के उत्पाद देश के लगभग सभी प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।

# चांदी एक घंटे में 21500 रुपए टूटी, रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद कीमतों में भूचाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चांदी की कीमतों में सोमवार को एक घंटे के भीतर ही भारी गिरावट देखने को मिली। MCX पर मार्च महीने के फ्यूचर्स एक घंटे में 21,500 रुपए प्रति किलो गिरकर 2,33,1700 रुपए के निचले स्तर पर पहुंच गए।

- अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी चांदी की कीमतों में उतार चढ़ाव रही

यह गिरावट तब आई जब दिन की शुरुआत में ही कीमतें 2,54,174 रुपए के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थीं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सिल्वर की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सोमवार को कीमतें पहली बार 80 डॉलर प्रति औंस के पार चली गईं, लेकिन बाद में लाभ लेने की बिकवाली और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप व यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच शांति वार्ता की खबरों के बीच 75 डॉलर के स्तर से नीचे आ गईं।

## एमसीएक्स में मार्च महीने के फ्यूचर्स में आई गिरावट

### विशेषज्ञों की राय

विश्लेषकों का मानना है कि चांदी का ट्रेंड अभी भी सकारात्मक है, लेकिन इसमें उतार-चढ़ाव बना रहेगा। रिलायंस सिक्योरिटीज के जिगर त्रिवेदी के मुताबिक, 2.4 लाख रुपए प्रति किलो का स्तर छोटी अवधि का समर्थन है। वहीं, अमेरिकी फर्म बीटीआईजी ने चेतावनी दी है कि कीमतों में इतनी तेज बढ़त टिकाऊ नहीं है और इसके बाद तेज गिरावट आ सकती है।



### 1979 और 2011 जैसी तबाही की आशंका

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड के मनीष बंठिया ने इतिहास के उदाहरण देते हुए कहा कि चांदी में ऐसी शानदार बढ़त आमतौर पर शांतिपूर्वक समाप्त नहीं होती। उन्होंने बताया कि 1979-80 और 2011 में भी चांदी की कीमतें आसमान छूने के बाद क्रमशः 90 फीसदी और 75 फीसदी से अधिक गिर गई थीं। पिछले साल में कीमतें लगभग तीन गुना बढ़ी हैं, इसलिए सतर्कता जरूरी है।

### गिरावट की मुख्य वजह

इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह निवेशकों द्वारा प्रॉफिट बुकिंग और भू-राजनीतिक तनाव में कमी है। यूक्रेन युद्ध में संभावित शांति समझौते की खबरों से सेफ-हेवन की मांग कम हो गई। इसके अलावा, वर्ष की शुरुआत से ही चांदी में 181 प्रतिशथ की अभूतपूर्व बढ़त भी इस तेज मुनाफावसूली का कारण बनी।

### 150 प्रतिशत रिटर्न के बाद हल्का हुआ बाजार

भले ही आज चांदी में बड़ी गिरावट दिखी हो, लेकिन पिछले एक साल का ट्रैक रिकॉर्ड देखें तो चांदी ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। दिसंबर 2024 में जो चांदी करीब 90 हजार रुपए के आसपास थी, वह 150 प्रतिशत से ज्यादा की छलांग लगा चुकी है।

# जंबो फिनवेस्ट के खिलाफ दिवालिया याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने जंबो फिनवेस्ट के खिलाफ दिवालियापन प्रक्रिया शुरू करने की इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक की अपील खारिज कर दी और इस मामले में राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के आदेश को बरकरार रखा। इससे पहले, एनसीएलटी की जयपुर पीठ ने जंबो फिनवेस्ट के खिलाफ दिवाला याचिका खारिज कर दी थी।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# सीगल इंडिया को मप्र में 1000 करोड़ का मिला ठेका

**नई दिल्ली।** सीगल इंडिया ने मध्य प्रदेश में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजना का ठेका मिलने की सोमवार को जानकारी दी। कंपनी सीगल इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड से इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड (एक्सेस कंट्रोल) चार-'लेन' राजमार्ग के निर्माण का ठेका मिला है।

## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

## खाद्यान्न पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक बैग की निर्भरता बढ़ी

# कच्चे माल की कमी व ऊंची कीमत से जूट उद्योग दबाव में

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

जूट उद्योग ने 2025 में एक और संकटग्रस्त वर्ष देखा, जिसमें कच्चे माल की भारी कमी, रिकॉर्ड स्तर की कीमतें और खाद्यान्न पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक बैग पर बढ़ती निर्भरता ने इस क्षेत्र को अस्थिर कर दिया।

- साल के शुरू में कच्चे माल की उपलब्धता पैकेजिंग मांग में असंतुलन बढ़ा

साल की शुरुआत में कच्चे जूट की उपलब्धता और पैकेजिंग मांग के बीच जो असंतुलन पैदा हुआ था, वह दिसंबर तक धीरे-धीरे एक गहरे संकट में बदल गया। इसका एक प्रमुख कारण किसानों का मक्का जैसी वैकल्पिक फसलों की ओर रुख करना रहा, जिससे जूट की खेती में गिरावट आई।

### पिछले वर्ष कम बोवाई

खरीफ सत्र के दौरान 2025 में सितंबर के अंत तक जूट का रकबा लगभग 5.56 लाख हेक्टेयर रहा, जो सामान्य क्षेत्रफल लगभग 6.60 लाख हेक्टेयर से कम है और पिछले वर्ष की बुवाई से भी नीचे है। यह गिरावट ऐसे वक्त में आई, जब सरकार ने 2025-26 सत्र के लिए कच्चे जूट (टीडी-3 श्रेणी) का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,650 रुपये प्रति क्विंटल तय किया था।

### मक्का एक मजबूत विकल्प बनकर उभरा

उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि ऐसे समय में मक्का एक मजबूत विकल्प बनकर उभरा, जब जूट को लेकर किसानों का भरोसा पहले ही कमजोर हो चुका था। उत्पादन कम होने से सरकार ने खरीफ विपणन सत्र 2025-26 और रबी विपणन सत्र 2026-27 के बड़े हिस्से में एचडीपीई और पीपी प्लास्टिक बैग के उपयोग की अनुमति दे दी। एक अधिकारी ने कहा, "पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत की मिलों ने पाली और संचालन के दिन घटा दिए हैं।



### पांच लाख किसानों को देता है रोजगार

पश्चिम बंगाल में 10,000 करोड़ रुपये का यह क्षेत्र 2.4 लाख से अधिक प्रत्यक्ष मिल मजदूरों और लगभग पांच लाख किसानों को रोजगार देता है। इस दौरान कच्चे जूट की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखने को मिला। फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) के दौरान जहां कीमतें गिरकर लगभग 4,700 रुपये प्रति क्विंटल तक आ गई थीं, वहीं इस महीने कई बाजारों में यह 11,000 रुपये प्रति क्विंटल को पार कर गईं।

### जूट बैग के उपयोग को कम करना पड़ा

मिल मालिकों के एक संगठन के अधिकारियों ने बताया कि आपूर्ति सख्त होने के कारण सरकार को खाद्यान्न खरीद में जूट बैग के उपयोग को धीरे-धीरे कम करना पड़ा और प्लास्टिक विकल्पों की अनुमति देनी पड़ी। वहीं, श्रम प्रधान यह उद्योग उत्पादन कटौती, मिलों के बंद होने और बढ़ते वित्तीय दबाव से जूझता रहा।

### वास्तविक भौतिक कमी हुई

उद्योग से जुड़े लोगों के अनुसार ऐसा सट्टेबाजी नहीं बल्कि वास्तविक भौतिक कमी के चलते हुई। हितधारकों ने कहा कि मौजूदा संकट पिछले 15 महीनों में आई तीव्र कीमतों की उठापटक का नतीजा है। जूट बेलर्स एसोसिएशन के अधिकारी ओम प्रकाश सोनी ने कहा कि यह क्षेत्र तेजी से अधिशेष से कमी की स्थिति में पहुंच गया।


### ऑर्डर कम होने से कीमतें गिरी

अधिकारी ने कहा, "शुरुआत में 2024-25 फसल वर्ष के दौरान सरकारी ऑर्डर कम होने से कीमतें गिरकर 4,700 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गईं। इसके बाद 2025-26 के मौजूदा सत्र में रकबे और उत्पादन में भारी कमी आई, जिससे कीमतें रिकॉर्ड 11,000 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गईं।"

# एनसीएच ने 2025 में वसूले 45 हजार करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सरकार की राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। इस साल हेल्पलाइन के माध्यम से 45 करोड़ रुपये वसूले गए और 67,265 उपभोक्ता शिकायतों का निपटान किया गया। जोधपुर के रमेश कुमार ने इस साल की शुरुआत में ऑनलाइन कुर्सियां ऑर्डर की थीं। ये कुर्सियां खराब हालत में आईं। ई-कॉमर्स कंपनी ने पांच बार वापस लेने का समय दिया और हर बार उसे रद्द कर दिया।

## शब्द पहेली - 6093



**बाएँ से दाए-**
1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -6092 का हल**



## सूडोकु बवाल - 6103

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु बवाल - 6102 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

नव-वर्ष विशेष 2026



# स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल

नव-वर्ष का आगमन.. नई आशाओं का सवेरा, भीतर नई ऊर्जा का संचार। इससे भला स्त्रियां कैसे अछूती रहेंगी। इनके लिए नूतन वर्ष नए अर्थ लिए आता है। वे ऐसे धरातल तैयार करती हैं, जिसमें स्त्री की अपनी संपन्न दृष्टि हो, उनकी अस्मिता हो, उनका आत्म-सम्मान हो।

आवरण कथा

**कल्पना मनोरमा, साहित्यकार**

नया साल कोई हिसाब नहीं, बल्कि समय की वह दहलीज है, जहां प्रकृति स्वयं पुराना उतारकर नए के प्रति आकर्षित होकर उसकी ओर बढ़ती है। पेड़ अपने गिरे पत्ते नहीं चुनते। नदियां पीछे छूटे मोड़ों को नहीं गिनतीं। वे तो नए उत्साह में प्रवाह में बने रहना जानती हैं। प्रकृति का हर नया चक्र यह सिखाता है कि नया आना कोई घटना नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक आग्रह है। जीवन की जिद, जो बिना शोर किए आगे बढ़ती रहती है। इसी आग्रह के साथ नया साल आता है। वह एक संभावना की तरह उपस्थित होता है, जिसमें पुराना स्वतः पीछे छूटने लगता है। यह समय स्मृतियों का बोझ ढोने के लिए नहीं, बल्कि चयन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। क्या साथ रखना है और क्या छोड़ देना है।

**वर्तमान को खोलें नए अर्थों के लिए:** नया साल हमें यह अनुमति देता है कि हम कष्टकारी अनुभवों पर मिट्टी डालें और वर्तमान को नए अर्थों के लिए खोलें। यहीं से स्त्री की संपन्न दृष्टि आकार लेती है। वह इस प्राकृतिक आग्रह को पहचानती है। उसकी उमंग किसी प्रतिरोध से नहीं, बल्कि जीवन की उसी सहज गति से जन्म लेती है, जो हर मौसम को बदलने का साहस देती है। स्त्री जानती है कि आगे बढ़ने के लिए कठोर होना जरूरी नहीं, कभी-कभी भरोसा ही सबसे बड़ी शक्ति बन जाता है, इस बात पर कि जीवन की संभावना अब भी शेष है।

**नए साल में तैयार होते हैं नए धरातल:** स्त्री बीते साल से कुछ अनुभव, कुछ चोटें, कुछ सीखें लेकर अपने नए साल का धरातल तैयार करती है। लेकिन अब नए जमाने की स्त्री, पुराने को सहेजकर नहीं रखती। जो कष्टकारी था, उसे भूलने का संकल्प भी उसकी संपन्न दृष्टि का ही हिस्सा है। भूलना यहां पलायन नहीं है, बल्कि चयन है। वह जानती है कि हर याद को सहेजना आवश्यक नहीं। कुछ स्मृतियों को छोड़ देना ही आगे बढ़ने की शर्त बन जाता है। इसलिए नया साल उसके लिए प्रार्थना से ज्यादा, क्षमा करने का अभ्यास भी बन जाता है।

**विनम्र भाव से नए साल का करें स्वागत:** आज की पढ़ी-लिखी सचेत स्त्री अपने आपको यह अनुमति देती है कि जो अधूरा रह गया, उसे अपराधबोध में बदलने की बजाय सीख में बदले। नए के लिए स्त्री की विनम्रता उल्लेखनीय होती है। यह विनम्रता आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि जीवन के प्रति खुलापन है। वह यह स्वीकार करती है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में नहीं होगा, फिर भी वह प्रयास से पीछे नहीं हटती। इस विनम्रता में अहंकार का त्याग है, पर आत्मसम्मान की कमी नहीं। स्त्री नए साल से अपेक्षाएं रखती है, पर उन्हें आदेश की तरह नहीं, संवाद की तरह रखती है। जैसे जीवन से कह रही हो, 'मैं तैयार हूं, तुम जो भी लाओगे, मैं सीखते हुए स्वीकार करूंगी।'



**भीतर से सजने-संवरने का अवसर:** नया साल स्त्री को अपने आप को सजाने-संवारने की ओर भी उन्मुख करता है। यह सजना केवल बाहरी नहीं होता। हालांकि वह कपड़ों, रंगों और आईने के सामने खड़े होने के छोटे-छोटे उत्सवों को भी महत्व देती है, लेकिन असली साज-संवार भीतर की होती है। विचारों की, इच्छाओं की और उस आत्मविश्वास की, जो समय के साथ परिपक्व हुआ है। वह अपने चेहरे पर उम्र की रेखाओं को अस्वीकार नहीं करती। बल्कि वह उन्हें अनुभव का मानचित्र मानती है। सजना उसके लिए स्वयं को स्वीकार करने की प्रक्रिया है, न कि किसी मानक में ढलने की कोशिश या किसी तारीफ पाने का उपक्रम।

**कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है स्त्री:** स्त्री की जिद भी साधारण नहीं होती। वह कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है। यह बात उम्र के साथ बदलते हुए सालों में और स्पष्ट हो जाती है। यह जिद नौकरी, लेखन, अध्ययन, कला या किसी भी व्यक्तिगत लक्ष्य में भी प्रकट हो सकती है। स्त्री बड़े घोषणापत्र नहीं बनाती। वह रोजमर्रा के निर्णयों में अपने संकल्प को जीती है। समय पर 'नहीं' कहना, अपने श्रम की कीमत मांगना, अपनी रुचियों के लिए समय निकालना। ये सब उसकी उपलब्धियां हैं। स्वयं को अनदेखा न करना स्त्री सीख रही है।

**शांत मन से प्रसन्नता की पुनर्खोज:** स्त्री के भीतर प्रसन्नता की पुनर्खोज जारी है। जो बदलते हुए सालों में उजागर होती है। बदलाव की यह प्रसन्नता शोरगुल वाली नहीं होती। पुराने साल की थकान को पीछे छोड़ते हुए, स्त्री नया साल उम्मीद के साथ देखती है। वह जानती है कि चुनौतियां फिर आएंगी, पर वह उनसे डरकर नहीं, तैयारी के साथ मिलती है। उसकी संपन्न दृष्टि उसे यह सिखाती है कि हर संकट स्थायी नहीं होता, और हर बदलाव में संभावना छिपी होती है। वह अब स्वयं को पीड़िता की भूमिका में सीमित नहीं करती। वह कर्ता बनकर आगे बढ़ती है। अपने जीवन की, अपने निर्णयों की साक्षी बनती है।

**स्त्री के आत्म-सम्मान का उत्सव नया साल:** अंततः स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल आत्म-सम्मान का उत्सव कहलाता है। यह उस स्त्री का साल है, जो अपने अतीत से सीखती है। वर्तमान में सजग रहती है और भविष्य के लिए विनम्र आशा रखती है। वह अपने बच्चों के लिए आशीष बनती है और स्वयं के लिए हमदर्द भी। वह सजती है, संवरती है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज वह अपने भीतर की रोशनी को पहचानने लगी है।

**समय का बदलना भर नहीं है नव वर्ष:** स्त्री हर पतझड़ के बाद अपने भीतर वसंत को पुनः जी उठती है, टूटकर भी खिल जाना ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। नया साल उसके लिए समय का बदलना भर नहीं। यह अपने आप से किया गया एक शांत, दृढ़ वादा है कि वह जीवन को पूरी उपस्थिति के साथ जिएगी, और हर दिन को अपनी संपन्न दृष्टि से नया अर्थ देगी। और यह बात वह किसी और से नहीं, सबसे पहले अपनी संतति से बार-बार कहेगी। धीरे-धीरे ही सही, दुनिया बदलती जाएगी। खूबसूरत होती जाएगी। अस्तु..। a



## बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार

**स्त्री की** संपन्न दृष्टि बच्चों तक स्वतः पहुंचती है। नया साल उसके लिए बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार है। उनके लिए सुरक्षित आकाश, निर्भय प्रश्न और सहज हंसी की कामना है। वह चाहती है कि बच्चे केवल सफल न हों, बल्कि संवेदनशील भी हों। केवल तेज न हों, बल्कि करुणामय भी हों। वह जानती है कि बच्चों की खुशी उसकी अपनी खुशी से अलग नहीं है, लेकिन वह यह भी सीख चुकी है कि बच्चों के नाम पर स्वयं को मिटा देना आवश्यक नहीं। इसलिए वह उनके साथ-साथ अपने लिए भी जगह बनाती है। वह अपने सपनों के लिए सचेत होती है।

# बच्चों के लिए स्पेशल बनाएं न्यू ईयर

नए साल का इंतजार और उसका स्वागत बच्चे भी भरपूर उत्साह से करते हैं। आप उनके लिए न्यू ईयर सेलिब्रेशन और आने वाले साल को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। इसके लिए आप यहां बताए जा रहे सजेशंस को फॉलो कर सकती हैं।

बच्चे और आप

**नृपेंद्र अभिषेक नृप**



नव वर्ष के स्वागत का उत्सव, बच्चों के लिए न केवल मौज-मस्ती और खेलने-कूदने का अवसर होता है, बल्कि उनके विकास, शिक्षा और नैतिक मूल्यों में सुधार, उनको नई दिशा देने, नई शुरुआत करने का भी समय हो सकता है।

**किताब पढ़ने को करें प्रेरित:** नव वर्ष के अवसर पर आप अपने बच्चों को उपहार के रूप में किताबें दे सकती हैं। प्रेरणादायक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और नैतिक मूल्यों पर आधारित किताबें बच्चों में ज्ञान और रचनात्मकता का संचार करती हैं। यही नहीं अगर उनके साथ आप किताबें पढ़ें तो उनमें पढ़ने की रुचि और बढ़ेगी।

**खेलें आउटडोर गेम्स:** आजकल अधिकतर बच्चे फिजिकल एक्टिविटीज और आउटडोर खेलों से दूर हो रहे हैं। इससे उनमें कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसे में नए साल में आप स्वयं बच्चों के साथ खेलते हुए उन्हें आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। इससे उनमें ऊर्जा-उत्साह बना रहेगा। बैडमिंटन, क्रिकेट या फुटबॉल जैसे खेलों के माध्यम से न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता का भी विकास होगा।



**टैलेंट को उभारें:** नव वर्ष के अवसर पर बच्चों के लिए नृत्य, गायन या ड्रामा आयोजित किए जा सकते हैं। यह न केवल उनके टैलेंट को सामने लाने का माध्यम बनेगा, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। उनके टैलेंट को पहचानकर आने वाले साल में उनको और प्रोत्साहित करें।

**पिकनिक-ट्रैवलिंग:** न्यू ईयर सेलिब्रेशन के तौर पर बच्चों को नेचर के करीब या चिड़ियाघर या ऐतिहासिक स्मारकों के पास घुमाने ले जा सकती हैं। आप आने वाले साल में भी जब मौका मिले, अपने बच्चों को ऐसी जगहों पर घुमाने जरूर ले जाएं। ऐसा करना न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें प्रकृति और इतिहास के महत्व को समझने का अवसर भी देगा।

**सोशल वर्क:** बच्चों को दूसरों की हेल्प और सोशल वर्क के लिए प्रेरित करने की शुरुआत भी नए साल पर की जा सकती है। जरूरतमंद बच्चों को पुराने कपड़े, खिलौने और किताबें दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यह उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और मदद का भाव सिखाने में बहुत सहायक साबित होगा।

**पर्यावरण के प्रति जागरूकता:** नए वर्ष पर आप अपने बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम के अवसर पर 'हर बच्चे के लिए एक पौधा' जैसे कार्यक्रम बच्चों को रुचिकर लगेंगे। ऐसी गतिविधि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सिखाएगी।

**स्वच्छता अभियान:** बच्चों को अपने आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाने के साथ-साथ उनके अंदर जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेंगी।

**योग-व्यायाम:** बच्चों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए योग और व्यायाम वर्कशॉप आयोजित करना कारगर होगा। नव वर्ष की पहली सुबह इसके माध्यम से आप बच्चों को पूरे साल स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। a

# न्यू ईयर पार्टी के लिए पाएं न्यू मेकअप लुक

मेकअप

**निकिता चौहान**

नए साल के आने की खुशी में लोग पार्टी खूब एंज्वॉय करते हैं। आप भी ऐसी किसी पार्टी में जरूर शामिल होंगी। पार्टी में अट्रैक्टिव दिखने के लिए डिजाइनर आउटफिट के साथ आपका फेस लुक भी ग्लोरियस होना चाहिए। इस के लिए आपको अपने मेकअप लुक पर पूरा ध्यान देना होगा।

**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपके फेस पर नमी न रहे। इसके लिए टिशू पेपर या वेट वाइप्स से अच्छे से फेस क्लीन करें। फेस को नमी देने के लिए अच्छा-सा मॉयश्चराइजर लगाएं। अपने मेकअप को ज्यादा देर तक रखने और फेस को स्मूथ बनाने के लिए प्राइमर लगाएं। इसके बाद अपनी स्किन के कलर के अनुसार फाउंडेशन लगाएं। आंखों के डार्क सर्कल्स, फेस पिगमेंटेशन और दाग-धब्बों को कवर करने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल करें। इन स्टेप्स से आपका बेस मेकअप परफेक्ट और पूरी तरह नेचुरल लगेगा।



**ऐसे करें आई मेकअप:** हमारे ओवर ऑल लुक को कंप्लीट करने के लिए आंखों का मेकअप परफेक्ट होना जरूरी है। न्यू ईयर पार्टी के लिए ब्लैक या सिल्वर स्मोकी आई लुक बहुत स्टाइलिश लगेगा। अगर आप हल्का शिमर चाहती हैं तो गोल्ड, सिल्वर या शिमरी आईशैडो लगाएं। विंग्ड आई लुक पाने के लिए आईलाइनर का इस्तेमाल करें। यह आपकी आंखों को अट्रैक्टिव बनाएगा। सबसे आखिरी में मस्कारा लगाकर अपनी आई लैशेस को वॉल्यूम दें। यह आपकी आई लैशेज को घना दिखाएगा।

**हाइलाइटर लगाएं:** आई मेकअप के बाद आप अपने हाइलाइट पॉइंट्स पर हाइलाइटर जरूर लगाएं। हाइलाइटर आपके फेस को ग्लोइंग लुक देता है। ध्यान रखें कि हाइलाइटर को चीक बोन, नोज की टिप और आईब्रो के नीचे के हिस्से पर लगाएं।

**ब्लश है जरूरी:** ब्लश आपकी स्किन को नेचुरल लुक देता है। ब्लश से पूरा मेकअप लुक कंप्लीट होता है। आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से ब्लश चूज करें। इस बात का ध्यान जरूर रखें कि ब्लश को ज्यादा डार्क न लगाएं। ब्लश को लगाते समय हल्के हाथों से लगाएं, इससे आपका ब्लश डार्क नहीं होगा और यह नेचुरल लगेगा।

**लगाएं न्यूड लिपस्टिक:** लिपस्टिक लगाने से पहले ध्यान रखें कि लिप्स पर आउटलाइन करने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। आजकल न्यूड लिपस्टिक का ट्रेंड बहुत है। अपने स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक का प्रयोग करें।

**मेकअप सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक सेट रखने के लिए मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करके आप अपने न्यू ईयर पार्टी लुक को लंबे समय तक बनाए रख सकती हैं, जिससे आपका मेकअप काफी देर तक ताजगी से भरा दिखेगा। a

**(ब्यूटी एक्सपर्ट तरन्नुम खान से बातचीत पर आधारित)**

भावनाएं

# नूतन वर्ष नए सपने-नई उम्मीदें

नए साल में हम नई आशा के साथ नई योजनाएं बनाते हैं ताकि अपनी पहचान को बढ़ाएं। **सहेली** ने अपने-अपने क्षेत्र की कई जानी-मानी महिलाओं से पूछा कि वे नए साल के आगमन को कैसे देखती हैं, बीता साल उनके लिए कैसा रहा और नए साल में उनकी क्या योजनाएं हैं?

## नया साल याद दिलाता है हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है

**रीता गंगवानी, ग्रूमिंग एक्सपर्ट**



**मेरे लिए** नया साल शोर-शराबे का उत्सव नहीं, बल्कि ठहरकर सोचने का अवसर है। यह वह समय होता है, जब मैं खुद से पूछती हूं कि मैंने बीते साल में क्या सीखा, क्या छोड़ा और क्या-क्या समझा? मैं नए साल का स्वागत आभार और एक स्पष्टता के साथ करती हूं। पुरानी थकान को पीछे रखकर, जीवन को थोड़ा और समझदारी से जीने का संकल्प लेकर आगे बढ़ती हूं। मेरे लिए नया साल यह याद दिलाता है कि हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है। बीते साल की बात करूं, तो उसे किसी एक उपलब्धि या घटना से नहीं, बल्कि अपने भीतर आए बदलाव से याद रखूंगी। यह साल मुझे सिखा गया कि हर बात पर प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं और खुद को समझना भी एक बड़ी उपलब्धि है। मैंने इस साल धैर्य स्वीकार कर आत्मसम्मान का अर्थ थोड़ा और गहराई से समझा। यही मेरे लिए इस साल की सबसे यादगार सीख है। नए साल में मेरा संकल्प है-खुद के साथ समझौता नहीं करना। मैं अब दूसरों की अपेक्षाओं के अनुसार खुद को छोटा नहीं करूंगी और न ही अपनी सीमाओं के लिए कोई सफाई दूंगी। मेरा लक्ष्य है, जीवन को तेज नहीं, बल्कि सार्थक बनाना। कम काम करना है, पूरे मन से करना। कम लोगों से जुड़ना है, लेकिन सच्चे रिश्ते बनाना है। मैं चाहती हूं कि जब यह साल खत्म हो, तो मैं यह कह सकूं कि मैंने अपने सच के साथ ईमानदारी बरती। a

## नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं : सेजल शाह, एक्ट्रेस



**इन दिनों** सेजल शाह सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी का रोल निभा रही हैं। उनके लिए नया साल एक नई शुरुआत का प्रतीक है। सेजल कहती हैं, 'जो बीत गया, उसे पीछे छोड़कर नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं ताकि हम आगे बढ़ें, तरक्की करें। नए साल में मेरी सबसे पहले यही कोशिश होगी, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दूं। अपने खान-पान के प्रति सजग रहूं। बाहर का न खाऊं और अधिक से अधिक घर का पौष्टिक भोजन करूं। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खुद के लिए समय निकालकर नियमित व्यायाम करूं। इन दिनों स्वास्थ्य को लेकर मैं बहुत ज्यादा सतर्क हूं, क्योंकि हाल ही में मेरे पति को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इसने मुझे एहसास दिलाया कि गलत खान-पान और अव्यवस्थित जीवनशैली किस तरह हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। नए साल में मेरा संकल्प है, मैं अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य पर पहले से कहीं ज्यादा ध्यान दूंगी। जहां तक मेरे काम का सवाल है, तो इस मोर्चे पर मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मुझे 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी जैसा सशक्त किरदार निभाने का अवसर मिला। नए साल में इस किरदार में एक नया आयाम जोड़ा जा रहा है। इसके कुछ ग्रे शेड्स इसे और रियल बनाएंगे। मैं हमेशा कुछ अलग और नया करने में विश्वास करती हूं। मैंने यह महसूस किया है कि कोई भी किरदार, चाहे पॉजिटिव हो या नेगेटिव, अगर उसे पूरी शिद्दत से निभाया जाए, तो बहुत प्रभावशाली हो जाता है। उम्मीद है, जिस तरह अभी तक दर्शकों का 'पुष्पा इंपॉसिबल' को प्यार मिला है, आगे भी मिलता रहेगा।' a

**प्रस्तुतिः अंशु सिंह**



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

# नवीनतम 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' में किर्गियोस का दबदबा, सबालेंका को दी मात

- टाइमआउट के दौरान एरिना ने किया डांस
- मुकाबले के सबसे महंगे टिकट लगभग 800 डॉलर में बिके

एजेंसी ▶▶| दुबई

निक किर्गियोस ने टेनिस में 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' यानी दो अलग-अलग लिंग के खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को 6-3, 6-3 से हराया। यह एक प्रदर्शनी मैच था, जिसे लैंगिक समानता के लिए एक और ऐतिहासिक क्षण के बजाय हल्के फुल्के मनोरंजन के लिए याद किया जाएगा।

दोनों खिलाड़ी आपस में हंसी ठिठोली कर रहे थे। इस दौरान कुछ अंडर आर्म सर्विस भी देखने को मिली। यहां तक कि दुबई के 17,000 सीटों वाले कोकाकोला एरीना में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टाइमआउट के दौरान सबालेंका का नृत्य भी देखने को मिला। इस मुकाबले के सबसे महंगे टिकट लगभग 800 डॉलर में बिके।



### दोनों खिलाड़ियों को दिया गया एक सर्विस का मौका

विंबलडन 2022 के उपविजेता किर्गियोस ने कलाई और घुटने की चोटों के कारण पिछले तीन वर्षों में केवल छह टूर-स्तरीय मैच खेले लेकिन वह कई बार अपनी क्षमता के अनुरुप खेलते हुए दिखाई दिए। उन्हें सबालेंका के कोर्ट के हिस्से के लगभग 10 प्रतिशत छोटे होने का नुकसान उठाना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उन्होंने जीत दर्ज की। खिलाड़ियों को प्रत्येक प्वाइंट के लिए दो के बजाय केवल एक सर्विस करने का मौका दिया गया था। जब किर्गियोस ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट पर जीत हासिल की तब तक वह पसीने से भीग चुके थे और दोनों खिलाड़ी नेट पर गले मिलते समय मुस्कुरा रहे थे।



### टेनिस के लिए शानदार कदम

ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी किर्गियोस ने मैच के बाद कहा, 'मैं शुरू में थोड़ा नर्वस था लेकिन मुझे लगता है कि यह टेनिस के लिए एक शानदार कदम है।' सबालेंका ने कहा,'यह मैच अगले सत्र के लिए अच्छी तैयारी है। मुझे इसमें बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेलूंगी तो मुझे उनकी रणनीति, उनकी ताकत और उनकी कमजोरियों के बारे में पता होगा और यह निश्चित रूप से एक बेहतर मुकाबला होगा।' तथाकथित 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' नाम 1973 में बिली जीन किंग और बॉबी रिग्स के बीच हुए मैच से लिया गया था। किंग ने ह्यूस्टन एस्ट्रोडोम में खेले गए उस मुकाबले को सीधे सेटों में जीता था।

विजय हजारे ट्रॉफी

अच्छी शुरुआत के बावजूद सूर्यवंशी नहीं खेल पाए बड़ी पारी

# 310 के स्ट्राइक रेट से चला वैभव का बल्ला, 10 गेंद पर ठोके 31 रन

एजेंसी ▶▶| रांची

वैभव सूर्यवंशी ने विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप के तीसरे मैच में बिहार के लिए पारी की शुरुआत की और मेघालय के खिलाफ सिर्फ 10 गेंदों में 31 रन ठोक डाले। इस दौरान वैभव ने 6 चौके और 1 छक्का लगाया। उनका स्ट्राइक रेट 310 का रहा। लेकिन 14 साल के इस युवा क्रिकेटर को आकाश कुमार ने पवेलियन भेज दिया। 218 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें ओवर की पहली गेंद पर दिप्पू ने वैभव का कैच पकड़ लिया। रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में मेघालय के खिलाफ इस मैच से वैभव से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन अच्छी शुरुआत के बावजूद वो इसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाए।

वहीं सीजन के पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 84 गेंदों पर 190 रन बनाए थे। उस मैच में बिहार ने रिकॉर्ड 397 रनों से जीत हासिल की थी। वैभव ने महज 36 गेंदों में संचुरी पूरी की, जो किसी भारतीय बल्लेबाज की लिस्ट ए क्रिकेट में चौथी सबसे तेज संचुरी है। इसके बाद उन्होंने 59 गेंदों में 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया।



### मुंबई ने छत्तीसगढ़ को हराया, शारदुल ने की शानदार गेंदबाजी

**जयपुर।** कप्तान शारदुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी से मुंबई ने विजय हजारे वनडे ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच में सोमवार को छत्तीसगढ़ को 9 विकेट से हराकर अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की। टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद शारदुल ने सुबह में तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए पांच ओवर के अंदर छत्तीसगढ़ का स्कोर चार विकेट पर 10 रन कर दिया। कप्तान अमनदीप खरे (63) और अजय मंडल (46) के बीच पांचवें विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी के बावजूद छत्तीसगढ़ की टीम शुरुआती झटकों से कभी नहीं उबरी। टीम 38.1 ओवर में 142 रन पर आउट हो गई। स्पिनर शम्स मुलानी ने आखिरी छह में से पांच विकेट झटक कर छत्तीसगढ़ की पारी को सस्ते में समेटने में योगदान दिया। मुलानी ने 31 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे छत्तीसगढ़ ने आखिरी छह विकेट 27 रन के अंदर गंवा दिए। अंगकृष रघुवंशी (66 गेंदों पर 68 नाबाद) और अनुभवी सिद्धेश लाड (42 गेंदों पर 48 नाबाद) ने दूसरे विकेट के लिए 102 रन की अटूट साझेदारी कर महज 24 ओवरों में ही मुंबई को नौ विकेट से एकतरफा जीत दिला दी।

### 6 जनवरी को विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे कोहली

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने बताया कि दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली 6 जनवरी को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में रेलवे के खिलाफ दिल्ली का विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैचों में भाग लेना अनिवार्य किया था। कोहली हालांकि इस महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला की तैयारी के लिए तीसरा मैच भी खेलना चाहते हैं।

### जुरेल ने 101 गेंद में खेली 160 रन की पारी

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने विजय हजारे ट्रॉफी में तूफानी शतक लगाया। उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए उन्होंने बड़ौदा के खिलाफ मुकाबले में 160 रन की नाबाद विस्फोटक पारी खेली। यह उनके लिस्ट ए करियर का पहला शतक है। ध्रुव जुरेल ने तीसरे नंबर पर आकर 101 गेंद का सामना किया और 15 चौके व आठ छक्के लगाए। उनकी शतकीय पारी से यूपी ने सात विकेट पर 369 रन का विशाल स्कोर बनाया। जुरेल ने कप्तान रिंकू सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की। इसस यूपी ने 200 का स्कोर पार किया। रिंकू ने भी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 67 गेंद में दो चौकों व तीन छक्कों से 63 रन की पारी खेली। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के लगातार तीसरे मैच में 50 प्लस स्कोर बनाया। पहले मैच में 67 और दूसरे में नाबाद 106 रन उनके बल्ले से आए थे।

महिला टी20

# क्लीन स्वीप पर भारत की नजर सम्मान बचाने उतरेगा श्रीलंका



एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने आक्रामक खेल को जारी रखते हुए श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार 30 दिसंबर को होने वाले पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत दर्ज करके पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगी।यह श्रृंखला अगले साल जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्रीलंका के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला के बाद भारतीय टीम विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में तीन-तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम 2024 में टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी लेकिन इसके बाद उसने अपनी शैली में बदलाव किया और अधिक आक्रामकता अपनाई, जिससे उसे अनुकूल परिणाम मिले।

### श्रृंखला हम सभी के लिए शानदार

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'यह श्रृंखला हम सभी के लिए शानदार रही। पिछले विश्व कप के बाद हमने इसी बात पर चर्चा की थी कि हमें अपने स्तर को ऊपर उठाना होगा और टी20 में अधिक आक्रामक होकर खेलना होगा।' शुरुआती तीन मैचों में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

## खबर संक्षेप



### 13 साल के जगरीत ने जीती फिडे रेपिड रेटिंग प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शतरंज खिलाड़ी जगरीत मिश्रा ने ग्रेटर नोएडा में पहले शतरंज वेदा फिडे रेपिड रेटिंग टूर्नामेंट में नौ दौर में 8.5 अंक के साथ खिताब जीता। तेरह साल के जगरीत ने इस जीत की बदौलत 90 रेटिंग अंक हासिल किए।माउंट कार्मेल स्कूल के छात्र जगरीत को इस जीत से 25 हजार रुपए की इनामी राशि मिली। टूर्नामेंट में 592 भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स, फिडे मास्टर्स और कैंडिडेट मास्टर्स भी शामिल रहे। जगरीत ने हाल में मोंटेनेग्रो के ग्रैंडमास्टर ब्लागोजेविच ड्रागिसा (ईएलओ 2446) को हराया था।

### मुल्तान सुल्तांस टीम का प्रबंधन करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पुष्टि की है कि शासी निकाय पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के अगले सत्र में मुल्तान सुल्तांस फ्रेंचाइजी का प्रबंधन करेगा। नक़वी ने कहा कि समय की कमी के कारण बोर्ड पीएसएल के अगले सत्र के दौरान मुल्तान फ्रेंचाइजी का संचालन के लिए किसी पूर्व क्रिकेटर की अध्यक्षता में समिति का गठन करेगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'पीएसएल की टीम मुल्तान सुल्तांस की नीलामी होने के बाद हम समिति का गठन करेंगे।' पीएसएल के 2016 में शुरू होने के बाद से यह पहली अवसर होगा जबकि बोर्ड सीधे तौर पर एक फ्रेंचाइजी का संचालन करेगा। माना जा रहा है कि उसका यह कदम एक ब्रांड के रूप में पीएसएल की प्रतिष्ठा को खतरे में डाल सकता है।

### 13 जनवरी से इंडिया ओपन टिकटों की बिक्री शुरू



**नई दिल्ली।** बीडब्ल्यूएफ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन केडी जाधव इंडोर हॉल की जगह इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 13 से 18 जनवरी तक होगा। भारत को अगले साल अगस्त में प्रतिष्ठित विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करनी है और ऐसे में 9 लाख 50 हजार डॉलर इनामी इंडिया ओपन इस वैश्विक टूर्नामेंट के परीक्षण स्थल के रूप में काम करेगा। नए स्थल में आठ हजार से अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता है, जो पिछले स्थल की तुलना में दोगुने से अधिक है। इंडिया ओपन के टिकट ऑनलाइन 'टिकमिंट' पर उपलब्ध होंगे, जिनकी कीमत 400 रुपए से शुरू होकर 1750 रुपए तक होगी।

### आईएलटी20 : अबूधाबी नाइट राइडर्स की प्लेऑफ में एंट्री



**दुबई।** माइकल पेप्पर और फिल साल्ट की शानदार पारियों की मदद से अबूधाबी नाइट राइडर्स ने लीग चरण के आखिरी मैच में गल्फ जायंट्स को 32 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बनाई। नाइट राइडर्स अब एक जनवरी को एलिमिनेटर में दुबई कैपिटल्स का सामना करेगा। डेजर्ट वाइपर्स मंगलवार को क्वालीफायर एक में एमआई एमिरेट्स से भिड़ेगा। पेप्पर (51 गेंदों में 83 रन) और साल्ट (56 गेंदों में नाबाद 72 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की मदद से नाइट राइडर्स ने एक विकेट पर 179 रन बनाए। इसके जवाब में गल्फ जायंट्स की टीम 9 विकेट पर 147 रन ही बना पाई।

एशेज

# एमसीजी पर आईसीसी का फैसला मैच रेफरी ने दिए डिमेरिट अंक



एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने मेलबर्न में इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच खेले गए चौथे एशेज टेस्ट की पिच को असंतोषजनक करार दिया और एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक भी लगा दिया। मैच रैफरी जैफ क्रो ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट में कहा था कि पिच गेंदबाजों की जरूरत से ज्यादा मदद कर रही थी। चौथे टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरे। इंग्लैंड ने दो दिन के भीतर टेस्ट जीत लिया था।

आईसीसी ने कहा ,'चौथे एशेज टेस्ट के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच असंतोषजनक थी, जिसके लिए आईसीसी पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के तहत एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक लगाया गया है।' छह डिमेरिट अंक होने पर मैदान पर एक साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। क्रो ने कहा,' एमसीजी की पिच गेंदबाजों की जरुरत से ज्यादा मदद कर रही थी। पहले दिन 20 और दूसरे दिन 16 विकेट इस पर गिरे और कोई बल्लेबाज अर्धशतक भी नहीं बना सका। यह पिच असंतोषजनक थी और एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक लगाया गया है।' इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भी पिच की निंदा की थी।

### चोट के कारण अंतिम टेस्ट से बाहर एटकिंसन

*सिडनी। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन भी चोटिल खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं और वह हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण सिडनी में होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। एटकिंसन मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन चोटिल हो गए थे। उनका स्कैन कराया गया, जिससे बाएं पैर में चोट का पता चला इसके बाद उन्हें औपचारिक तौर पर बाहर कर दिया गया। इंग्लैंड इस श्रृंखला में पहले ही चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहा है। उसके स्टार तेज गेंदबाज मार्क वुड (घुटने की चोट) और जोफ्रा आर्चर (कमर में खिंचाव) पहले ही चोटिल होने के कारण बाहर हो चुके हैं। सिडनी में चार जनवरी से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में एटकिंसन की जगह 27 वर्षीय मैथ्यू पॉट्स को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में ब्रायडन कार्स और जोश टोंग के अलावा कप्तान बेन स्टोक्स शामिल हैं।*

### मसूद ने लगाया दोहरा शतक इंजमाम का तोड़ा रिकॉर्ड

**कराची।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने 177 गेंद पर दोहरा शतक पूरा करके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी पाकिस्तानी बल्लेबाज के सबसे तेज दोहरे शतक का नया रिकॉर्ड बनाया। मसूद ने दिग्गज बल्लेबाज इंजमाम उल हक के तीन दशक पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। मसूद ने प्रेसिडेंट्स कप विभागीय टूर्नामेंट के पहले दिन सुइ नॉर्दर्न गैस की तरफ से खेलते हुए सहार एसोसिएट्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।इससे पहले यह रिकॉर्ड पूर्व कप्तान इंजमाम के नाम था, जिन्होंने 1992 में इंग्लैंड के दौरे के एक मैच में 188 गेंदों में दोहरा शतक बनाया था। मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक मसूद 185 गेंदों पर 212 रन बनाकर नाबाद थे। पाकिस्तान की धरती पर सबसे तेज दोहरा शतक बनाने का रिकॉर्ड अब भी भारत के वीरेंद्र सहवाग के नाम है, जिन्होंने 2006 में लाहौर टेस्ट में 182 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया था।



# 4 ओवर, 7 रन, 8 विकेट, 22 साल के गेंदबाज ने टी20 में किया करिश्मा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भूटान के स्पिनर सोनम येशे पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 8 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर सोनम येशे ने भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में म्यांमार के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

इस 22 वर्षीय गेंदबाज ने 7 रन देकर 8 विकेट लिए, जिससे भूटान ने म्यांमार को 45 रन पर आउट कर दिया। इससे पहले भूटान ने नौ विकेट पर 127 रन बनाए थे। भूटान क्रिकेट ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एक यादगार स्पेल। सोनम येशे ने अविश्वसनीय प्रदर्शन करके चार ओवर में सात रन देकर आठ विकेट लिए और इस तरह से नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।' इससे पहले किसी भी गेंदबाज ने किसी भी तरह के टी20 मैच में आठ विकेट लेने का कारनामा नहीं किया था।



### मलेशिया के तेज गेंदबाज इद्रस का टूटा रिकॉर्ड

इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड मलेशिया के तेज गेंदबाज स्याजरुल इद्रस के नाम था, जिन्होंने 2023 में चीन के खिलाफ 8 रन देकर 7 विकेट लिए थे। इनके अलावा बहरीन के अली दाऊद ही एकमात्र ऐसे गेंदबाज हैं, जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सात विकेट लिए हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में भूटान के खिलाफ 19 रन देकर सात विकेट हासिल किए थे। अगर टी20 मैचों की बात करें तो नीदरलैंड के ऑलराउंडर कॉलिन एकरमैन ने 2019 में लीसेस्टरशर की तरफ से बर्मिंघम बियर्स के खिलाफ 18 रन देकर सात विकेट जबकि बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने इस साल के शुरू में दरबार राजशाही के लिए खेलते हुए ढाका कैपिटल्स के खिलाफ 19 रन देकर सात विकेट चटकाए थे।


यादें 2025: महिला टीम ने जीता वनडे विश्व कप, टेस्ट क्रिकेट में जूझती रही पुरुष टीम

# वैश्विक टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने बनाया दबदबा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्ष 2025 में वनडे विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी हासिल करने के अपने लंबे इंतजार को खत्म किया लेकिन भारतीय पुरुष टीम टेस्ट क्रिकेट में जूझती नजर आई, जिससे उसकी सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफलता भी फीकी पड़ गई।

वर्ष 2025 में वैश्विक टूर्नामेंट में भारत की पुरुष और महिला टीम ने अपना दबदबा बनाया। पुरुष टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी (वनडे) और एशिया कप (टी20) में जीत हासिल की, जबकि महिला टीम ने पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीता। लेकिन पुरुषों के खेल में दक्षिण अफ्रीका के हाथों टेस्ट मैचों में 0-2 से मिली करारी हार ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में लाल गेंद के प्रारुप में भारत की कमियों को उजागर कर दिया।




### रो-को के वनडे में संन्यास को लेकर चर्चा

स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पिछले साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया के दौरे के दौरान संन्यास की घोषणा कर दी थी। इससे भारतीय टीम किसी हद तक कमजोर पड़ गई। रोहित और कोहली के वनडे में भविष्य को लेकर पूरे साल चर्चा होती रही। इन दोनों ने हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट में खेलने की अनिवार्यता का सम्मान किया और दिखा दिया कि वह अभी वनडे प्रारुप को अलविदा कहने के मूड में नहीं हैं।

### पुजारा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

एक और दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने भी औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया, जिससे मध्य क्रम में बड़ा शून्य पैदा हो गया है। भारतीय टीम मध्यक्रम में अब एक मजबूत बल्लेबाज की तलाश के लिए संघर्ष कर रहा है। भारत ने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र (2025-27) में अपनी यात्रा की नींव नए कप्तान शुभमन गिल और उभरते खिलाड़ियों के एक समूह के साथ रखी थी और अब तक के परिणाम बेहद मिले-जुले रहे हैं।






## एमएलटी वेयरहाउस का फरार आरोपी कर रहा धान का निरीक्षण

# धान खरीदी में 5 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन ले रहे सर्वेयर...?

### सर्वेयर ठेका कम्पनी आरबी एसोसिएट का कारनामा

हरिभूमि, जबलपुर।

समर्थन मूल्य पर होने वाली अनाज खरीदी में जबलपुर बदनाम हो चुका है, लगातार एफआइआर के बावजूद अनाज खरीदी में घोटाला रुकने का नाम नहीं ले रहा है. इस बार भी धान खरीदी को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कड़ाई बरती गई है परंतु जिस प्रकार से धान की खरीदी चल रही है, उससे ये स्पष्ट है कि इस बार भी धान का बड़ा घोटाला देखने को मिल सकता है। दरअसल जबलपुर जिले में 89 खरीदी केंद्र बनाए गए प्रत्येक खरीदी केंद्र में ठेका पद्धति के माध्यम से दो-दो सर्वेयर को नियुक्त किया गया सर्वयर का काम होता है की अनाज की क्वालिटी को चेक करके पास करना होता है. इसमें भी बड़ा खेल हो रहा है, सूत्रों के अनुसार सर्वयर द्वारा 5 प्रति क्विंटल की लेकर धान को पास करने का मामला सामने आया है।

गौरतलब है कि जबलपुर जिले के 89 केंद्रों में चल रही धान खरीदी में लगभग 4 मेट्रिक टन धान की खरीदी होना है, सबसे बड़ी बात है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से धान की खरीदी करवाई जा रही है. चूंकि निगम में सर्वेयर नहीं होने के कारण पूरे प्रदेश का



ठेका भोपाल की कंपनी आरबी एसोसिएट को दिया गया है। कंपनी द्वारा जबलपुर अकेले में लगभग 180 सर्वेयर नियुक्त किए गए हैं परंतु इन सर्वेयरों का निरीक्षण उस व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है जो एमएलटी वेयरहाउस में पिछले दिनों हुई लगभग 1800 क्विंटल की मूंग खरीदी घोटाले का आरोपी है. इतना ही नहीं इस व्यक्ति द्वारा सर्वेयरो के साथ निरीक्षण भी किया जा रहा है. अब सवाल यह उठता है कि आखिर ठेका कंपनी द्वारा किसके इशारे पर ऐसे व्यक्ति को सर्वेयरों के साथ निरीक्षण करने का आदेश दिया है जो पूर्व से ही खरीदी घोटाले मामले में आरोपी है।

#### 5 रुपये प्रति क्विंटल

सूत्रों का कहना है कि ठेका कम्पनी द्वारा नियुक्त किए गए सर्वेयरों को स्पष्ट निर्देश है की 5 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से ही धान को पास करना है, मतलब साफ है अगर किसी वेयरहाउस में नान एफएक्यू धान भी आ रही है तो उसे 5 रुपये प्रति क्विंटल लेकर पास करना है. और एफएक्यू है तो भी 5 रुपये ही लगेंगे. पुरे जिले में लगभग 4 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी होना है जिसमे 2 करोड़ रूपये की हेराफेरी हो जाएगी। ये कंपनी द्वारा बड़ा खेल रचा गया है। जो कि हर साल होता है।

#### असमंजस में वेयर हाउस संचालक

80 फीसदी धान की खरीदी वेयर हाउस में हो रही है। इसकी निगरानी जिला प्रशासन से लेकर तमाम अधिकारी कर रहे हैं, परंतु सबसे बड़ी बात यह है कि धान की क्वालिटी का काम सर्वेयर का होता है, वही जांच करने के उपरांत ही बताता है कि धान में नमी कितनी है और धान की क्वालिटी क्या है। चूंकि सर्वेयर द्वारा अगर धान को पास कर दिया गया है तो वेयर हाउस संचालक की मजबूरी होती है कि वह अपने यहां पर धान को रखे। परंतु कमी या गुणवत्ता धान मिलने पर पूरा ठीकरा वेयर हाउस संचालक पर फोड़ा जाता है। ऐसे में वेयर हाउस संचालक असमंजस की स्थिति में फसा हुआ है।

#### अधिकारियों की मिलीभगत

कहा जा रहा है कि जबलपुर में चल रही धान की खरीदी को लेकर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, परंतु वास्तविकता को कलेक्टर से छुपाया जा रहा है। हालात यह है कि पूरा प्रकरण सामने होने के बाद भी ठेका कंपनी को किसी प्रकार का कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक संजय सिंह भी ये कहते नजर आ रहे हैं कि मैं देखता हूं।



## छात्र-छात्राओं का सड़क पर विरोध प्रदर्शन

# एकलव्य आवासीय विद्यालय में विद्यार्थियों का असंतोष फूटा

**जबलपुर।** रामपुर छापर स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय में सोमवार सुबह उस समय असामान्य स्थिति बन गई, जब छात्र-छात्राएं पढ़ाई छोड़कर विद्यालय से बाहर निकल आए और नारे लगाते हुए मुख्य मार्ग पर पहुंच गए। अचानक हुए इस घटनाक्रम से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बच्चों का उद्देश्य जिला प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाना था।

सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला हरकत में आया और छात्रों को रामपुर जोगनी मंदिर के पास रोक लिया गया। हालात को संभालने के लिए एसडीएम अनुराग सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे और बच्चों से सीधा संवाद किया। अधिकारियों ने छात्रों से सड़क खाली कराने के साथ ही शांतिपूर्ण तरीके से अपनी शिकायत रखने की अपील की।

छात्रों ने बातचीत के दौरान बताया कि विद्यालय की आंतरिक व्यवस्थाओं को लेकर वे लंबे समय से असंतुष्ट हैं। उनका कहना था कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। छात्रों ने आरोप लगाया कि विद्यालय की प्राचार्य का व्यवहार उनके प्रति कठोर है, जिससे उन्हें मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है।

छात्रों के अनुसार, पढ़ाई और आवासीय जीवन से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण वे खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इसी नाराजगी के चलते उन्होंने कलेक्टर तक अपनी बात पहुंचाने का निर्णय लिया।

एसडीएम अनुराग सिंह ने छात्रों को भरोसा दिलाया कि उनकी बातों को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतें संकलित कर कलेक्टर के समक्ष रखी जाएंगी और आवश्यक जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक आश्वासन के बाद छात्रों का विरोध धीरे-धीरे शांत हुआ और वे वापस विद्यालय लौट गए।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

## कोतवाली पुलिस ने निकाला जुलूस

# फ्लाईओवर से स्टील प्लेट चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** शहर के फ्लाईओवर से टी-शेप की स्टील प्लेटें चोरी कर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले चोर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया



है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इलाके में उसका जुलूस भी निकाला, जिससे आमजन में कानून का संदेश पहुंचे।

कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार निर्माण कंपनी के मैनेजर विजय कुमार मिश्रा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि शहर में निर्माणाधीन फ्लाईओवर का कार्य उनकी देखरेख में चल रहा है। फ्लाईओवर के ऊपर टी-शेप की स्टील प्लेटें लगाई गई थीं, जिनमें से तीन प्लेटें किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गईं। इस घटना से न केवल निर्माण कार्य प्रभावित हुआ, बल्कि शासकीय संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को सुराग मिले, जिसके आधार पर खिन्नी मोहल्ला, दमोहनाका निवासी मोहन उर्फ गुल्ला अहिरवार को संदेह के घेरे में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई तीन में से दो टी-शेप स्टील प्लेटें बरामद कर ली हैं, जिनकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है, वहीं तीसरी प्लेट की तलाश भी जारी है। गिरफ्तारी के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी को फ्लाईओवर क्षेत्र में घुमाते हुए जुलूस निकाला।

## जबरन रूपयों की मांग कर पहले पुत्र फिर पिता पर हमला

**जबलपुर।** लार्डगंज थानातंर्गत रानीताल कचरा प्लांट की तरफ शौच करने जा रहे एक युवक से दो बदमाशों ने जबरन रुपयों की मांग कर मारपीट कर दी। जान बचाकर घर की तरफ भागे युवक का पीछा करते हुए दोनों आरोपी ने मिलकर युवक के पिता और मंजन कर रहे पड़ोसी पर चाकू व लाठी से हमला कर घायल कर दिया। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगा चौक गली नंबर 1 उजारपुरवा लार्डगंज निवासी 18 वर्षीय आनंद चौधरी गत दिवस लगभग 6.30 बजे रानीताल कचरा प्लांट की तरफ शौंच करने जा रहे उसी समय कचरा प्लांट के पास उजार पुरवा के सूजल और गन्नू मिले दोनों उससे जबरन 500 रूपये की मांग करने लगे, रूपये देने से मना करने पर दोनों उसके साथ मारपीट करने लगे वह दोनों से छूटकर भागा तो दोनों उसका पीछा करने लगे, इस दौरान आरोपी सूजल खंबे से टकरा गया। उसने घर आकर अपने पिता को घटना बताई, कुछ देर बाद सूजल, गन्नू और अर्जुन उसके घर आकर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट कर चोटें पहुंचा दी।

## क्षेत्र में दहशत का माहौल, बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर न निकलने की हिदायत

# जिले की सीमाओं पर बढ़ा तेंदुए का मूवमेंट

हरिभूमि जबलपुर।

जिले की सीमाओं के चारों ओर इन दिनों तेंदुए की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं। कटंगी से लगे गांवों में जहां पहले से ही आबादी वाले इलाकों में तेंदुए के घुसने से ग्रामीण दहशत में हैं, वहीं अब खमरिया क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए की मूवमेंट बढ़ने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। ताजा मामला आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) परिसर से सामने आया है, जहां सरकारी क्वार्टर क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी ने हड़कंप मचा दिया।

जानकारी के अनुसार ओएफके वेस्टलैंड स्थित सरकारी क्वार्टर में रहने वाले राजू मीणा के मकान के भीतर तेंदुआ घुस आया। यह पूरी घटना उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सोमवार सुबह करीब 8 बजे जब यह वीडियो सामने आया तो सोशल मीडिया पर



तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में साफ तौर पर एक वयस्क तेंदुआ मकान की बाउंड्री कूदते हुए परिसर में प्रवेश करता और कुछ देर तक चहलकदमी करता नजर आ रहा है।

राजू मीणा ने बताया कि जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखी तो उनके होश उड़ गए। घर के आंगन में खुलेआम तेंदुए की मौजूदगी ने पूरे परिवार को डरा दिया। घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के रहवासियों को लगी, पूरे क्वार्टर क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। लोग बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर न निकलने की हिदायत देने लगे। घटना की सूचना तत्काल फैक्ट्री प्रबंधन और वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही फैक्ट्री प्रबंधन और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने रहवासियों से सतर्कता बरतने, रात के समय अनावश्यक बाहर न निकलने और अकेले आवागमन से बचने की अपील की है। साथ ही तेंदुए की मूवमेंट पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि समय रहते उसका रेस्क्यू किया जा सके।

#### *अब तक कोई नुकसान नहीं पहुंचाया*

गौरतलब है कि डुमना और खमरिया के जंगलों में तेंदुओं का प्राकृतिक रहवास है। जंगलों से सटे होने के कारण तेंदुए कई बार भोजन और पानी की तलाश में रिहायशी इलाकों की ओर निकल आते हैं। इससे पहले भी खमरिया और आसपास के क्षेत्रों में तेंदुए को देखे जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि अब तक तेंदुए द्वारा किसी भी इंसान को नुकसान पहुंचाने की कोई घटना दर्ज नहीं हुई है। इसके बावजूद वन विभाग और जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। वन अमले ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी तरह की तेंदुए की गतिविधि दिखने पर तुरंत सूचना देने की अपील की है। फिलहाल तेंदुए की मौजूदगी ने एक बार फिर जिले के सीमावर्ती और जंगल से सटे इलाकों में वन्यजीव-मानव संघर्ष की आशंका को उजागर कर दिया है, जिस पर प्रशासन और वन विभाग की नजर बनी हुई है।

## सदाफल बायपास पर दुर्घटना

# कुंडम में बहकी कार, 2 की मौत, 4 गंभीर

**जबलपुर।** जबलपुर के देहात थाना क्षेत्र कुण्डम के सदाफल रोड धानमिल के समीप एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर समीप ही तीन चार मोटरसायकिलों को रौंदते हुए चाय के टपरे में जा घुसी। इस दुर्घटना में जहां मौके पर अफरा-तफरी मच गई, वहीं कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस दल और 108 एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार-पांच अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया हैं।



घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर से अमरकटंक की ओर जा रही कार क्रमांक ओडी 17 एफ 5555 का चालक जैसे ही कुंडेश्वरधाम कुंडम बायपास पर सदाफल मार्ग में धान मिल के समीप पहुंचा, कि इसी दौरान सड़क पर एक राहगीर को देख उसे बचाने के प्रयास में कार से अपना नियंत्रण खो बैठा, जिसके फलस्वरुप कार बहकती हुई मौके पर खड़ी तीन चार मोटरसायकिलों को रौंदते हुए सड़क किनारे एक चाय की दुकान में जा घुसी। इस घटना में चाय की चुश्कियां ले रहे लगभग आधा दर्जन लोग कार की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए कुण्डम अस्पताल ले जाया गया, जहां अमन विश्वकर्मा तथा दीपक महोबिया को परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और शेष सभी घायलों को उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रवाना कर दिया गया। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने इस घटना में रोष व्यक्त करते हुए सदाफल क्रासिंग तथा सिलोड़ी रोड क्रासिंग के पास गति अवरोधक बनवाने और स्टापर रखवाने की मांग की हैं।

हाईकोर्ट ने कहा- परस्पर भरोसा खत्म होने के कारण अलग होना ही सही

# प्रेम विवाह 23 वर्ष बाद कानूनी रूप से समाप्त करने का आदेश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने 23 वर्ष बाद प्रेम विवाह को कानूनी रूप से समाप्त करने का आदेश पारित कर दिया। जस्टिस विशाल धगट व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की डिवीजन बेंच ने साफ किया कि जब दंपति के बीच परस्पर भरोसा खत्म हो गया है, तब अलग होना ही सही है। इस मामले में पति-पत्नी के बीच प्रेम और विश्वास का स्थान पूरी तरह नफरत और क्रूरता ने ले लिया है। लिहाजा, दांपत्य जीवन को जबरन खींचना अन्याय माना जाएगा। याचिकाककर्ता अनूपपुर निवासी पति की ओर से बताया गया कि 2001 में प्रेम विवाह किया था। विवाह के कुछ समय बाद रिश्ते में कड़वाहट आ गई। 2011 तक स्थिति यह हो गई कि एक ही मकान में अलग-अलग मंजिलों पर अपरिचितों की भांति निवास करने लगे। इससे साफ है कि भावनात्मक संबंध पूरी तरह समाप्त हो गया है। अधीनस्थ कोर्ट से तलाक की अर्जी निरस्त होने के कारण हाई कोर्ट आना पड़ा है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अनैतिक संबंधों के आरोप लगाए और मर्यादित सीमाओं को लांघा। बेंच ने स्पष्ट किया कि जब पति-पत्नी के बीच एक दशक से अधिक समय से कोई संवाद या वापसी की संभावना न बची हो, तो ऐसे मृत विवाह को कागजों पर जीवित रखना समाज और व्यक्ति दोनों के लिए घातक है। हाई कोर्ट ने मानवीय पक्ष को प्राथमिकता देते हुए कहा कि कानून को केवल तकनीकी पहलुओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसी के साथ हाई कोर्ट ने कोतमा जिला अदालत के फैसले को पलटते हुए शादी को शून्य घोषित कर दिया।

# अपराध की दुनिया में पहला कदम रखने वाले 19 वर्षीय छात्र को राहत

- यूट्यूब के जरिए सीखा था ड्रग्स खरीदने और बेचने का तरीका
- भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने की तकीद के साथ अग्रिम जमानत
- हाईकोर्ट ने सुधारात्मक न्याय का परिचय देते हुए सुनाया आदेश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सुधारात्मक न्याय का परिचय देते हुए अपराध की दुनिया में पहला कदम रखने वाले 19 वर्षीय छात्र को राहत दे दी। दरअसल, उसने पैसा कमाने के लालच में यूट्यूब के जरिए ड्रग्स खरीदने और बेचने का तरीका सीखा था। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने की तकीद के साथ अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर कर ली। भोपाल निवासी छात्र करन की ओर से अग्रिम जमानत अर्जी दायर की गई थी। उसका पक्ष अधिवक्ता प्रकाश उपाध्याय व अभिषेक द्विवेदी ने रखा। उन्होंने दलील दी कि आवेदक ने यूट्यूब से मिली जानकारी के आधार पर केरल से एलएसडी ड्रग का आनलाइन आर्डर दिया था। हालांकि, पार्सल पहुंचने से पहले ही नारकोटिक्स विभाग को इसकी भनक लग गई। क्राइम ब्रांच भोपाल की मदद से विभाग ने छात्र को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया, जिसमें एक पुलिसकर्मी डाकिया बनकर पार्सल देने पहुंचा। करन के वहां न मिलने पर उसे थाने बुलाया गया, जहां गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए उसने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की है। कोर्ट ने पाया कि यह छात्र का पहला अपराध है। यदि उसे जेल भेजा गया तो उसका भविष्य पूरी तरह बर्बाद हो सकता है। कोर्ट ने छात्र की कम उम्र और भविष्य को ध्यान में रखते हुए, कुछ शर्तों के साथ उसकी अग्रिम जमानत मंजूर कर ली।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240